रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | कार्तिक शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 07 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 273, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

# खरना संपन्न, सांध्य अर्घ्य आज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सूर्योपासना के महापर्व छठ के खरना का प्रसाद बुधवार की देर शाम ग्रहण कर छठ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। पहला अर्घ्य गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को दिया जाएगा। शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा और इसी के साथ छठ महापर्व संपन्न होगा। ज्ञात हो कि छठ पर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हुई थी। चार दिवसीय सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर छठी मैया के गीत राज्य के अधिकांश हिस्सों में गूंज रहे हैं। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा सहित राज्य की विभिन्न जेलों में बंद कैदी भी छठ व्रत को श्रद्धापूर्वक कर रहे हैं।

## लोक आस्था का महापर्व छठ

| शहर | सूर्यास्त (गुरुवार) | सूर्योदय (शुक्रवार) | शहर | सूर्यास्त (गुरुवार) | सूर्योदय (शुक्रवार) |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची | संध्या 05:07 बजे | प्रात: 05:58 बजे | चतरा | संध्या 05:06 बजे | प्रात: 06:02 बजे |
| खूंटी | संध्या 05:06 बजे | प्रात: 05:59 बजे | गुमला | संध्या 05:10 बजे | प्रात: 06:00 बजे |
| मेदिनीनगर | संध्या 05:11 बजे | प्रात: 06:04 बजे | लोहरदगा | संध्या 05:09 बजे | प्रात: 06:01 बजे |
| गढ़वा | संध्या 05:11 बजे | प्रात: 06:05 बजे | सिमडेगा | संध्या 05:11 बजे | प्रात: 06:00 बजे |
| लातेहार | संध्या 05:09 बजे | प्रात: 06:02 बजे | धनबाद | संध्या 05:01 बजे | प्रात: 05:54 बजे |
| रामगढ़ | संध्या 05:05 बजे | प्रात: 05:57 बजे | बोकारो | संध्या 05:03 बजे | प्रात: 05:55 बजे |
| हजारीबाग | संध्या 05:05 बजे | प्रात: 05:59 बजे | देवघर | संध्या 04:59 बजे | प्रात: 05:54 बजे |
| कोडरमा | संध्या 05:03 बजे | प्रात: 05:59 बजे | जमशेदपुर | संध्या 05:04 बजे | प्रात: 05:54 बजे |
| | | | चाईबासा | संध्या 05:07 बजे | प्रात: 05:56 बजे |
| | | | सरायकेला | संध्या 05:05 बजे | प्रात: 05:55 बजे |

**पब्लिक सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट**

साथ ही, राजधानी रांची सहित सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छठ पूजा से जुड़े सामानों की दुकानें सजी हुई हैं। इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। इधर, राज्य भर में छठ घाटों पर पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। घाटों की सफाई लगभग पूरी हो गई है। सुरक्षा को लेकर पुलिस और छठ पूजा समिति के सदस्य सतर्क हैं।




गांडेय से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने छठ पूजा के पावन अवसर पर बुधवार को खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठी मैया से झारखंड वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का प्रतीक है।

### अवकाश की सूचना

छठ के शुभ अवसर पर गुरुवार (07 नवंबर) को राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: सुधि पाठकों को अखबार का अगला अंक अब शनिवार (09 नवंबर) को मिल सकेगा। राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार की ओर से अखबार के सभी हितधारकों, सुधि पाठकों व कर्मयोगियों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकमनाएं।

# विपक्ष की नीति है फूट डालो और राज करो : मुख्यमंत्री

## अब वे हमारे समाज को बांटने की कोशिश में हैं

नवीन मेल डेस्क



"बोले हेमंत सोरेन, ये लोग नारी सम्मान की बात करने के अधिकारी नहीं"

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को चक्रधरपुर और सरायकेला में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। चक्रधरपुर में उन्होंने झामुमो के उम्मीदवार सुखराम उरांव के समर्थन में सभा की और लोगों से मतदान की अपील की। सरायकेला में पार्टी प्रत्याशी गणेश महली के पक्ष में चुनावी सभा की। सोरेन ने कहा कि आदिवासी-मूलवासियों के अधिकार के लिए वे संघर्ष कर रहे हैं। इनके लिए उन्होंने कई कार्य किए हैं। इसलिए वे आज आशीर्वाद मांगने आए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नीति है फूट डालो और राज करो। उन्होंने कहा कि हमारे ही कुछ भाई और गोतिया को उन्होंने अपनी ओर मिला लिया है और अब वे हमारे समाज को बांटने की कोशिश में हैं। कहा कि ये लोग रोटी, बेटी और माटी की बात करते हैं। असम के मुख्यमंत्री बिस्वा सरमा झारखंड में घूम रहे हैं। इनके ही राज्य में आदिवासियों को आज तक आदिवासी का दर्जा और आरक्षण नहीं मिला है।

सोरेन ने कहा कि इनके बगल में ही मणिपुर में आदिवासी लड़की को निवस्त्र कर सड़क पर घुमाया गया। मणिपुर जल रहा है। वहां आदिवासियों पर हिंसक हमले हो रहे हैं, लेकिन न असम के हिमंता ने आज तक कुछ कहा और न इनके प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ कहा। दौरा करना तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि गुजरात में बिलकिस के आरोपितों को इन्होंने संरक्षण दिया। ये लोग नारी सम्मान की बात करने के अधिकारी नहीं हैं। हेमंत सोरेने कहा कि छत्तीसगढ़ में अभी इनकी सरकार है लेकिन देख लीजिये वहां आदिवासियों और उनके जंगल का क्या हाल है। इनकी कारोबारी मित्रों द्वारा आदिवासियों को उनके ठिकाने से विस्थापित किया जा रहा है। जो नहीं विस्थापित हो रहे हैं, उनको नक्सली बताकर जेल में डाल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इनको झारखंड के आदिवासियों से नहीं, यहां की खनिज संपदा और संसाधनों से मोह है। झारखंड की खनिज संपदा को ये लोग अपने व्यापारी मित्रों को देना चाहते हैं।

सोरेन ने कहा कि झारखंड पहला ऐसा राज्य हैं, जिसने अपने कर्मचारियों को पेंशन देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इनके लिए कायदा-कानून नाम की कोई चीज नहीं है। चुनाव कराने आए सिपाहियों ने सिमडेगा में बाजार में रात को निकल कर फायरिंग की, लेकिन उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कहा कि मंईयां सम्मान की राशि को दिसंबर से बढ़ाकर 2500 रुपये कर दिया गया है। हमारी अगली सरकार हर घर में एक लाख रुपये देने का काम करेगी। साथ ही, उन्होंने बाकी की योजनाओं का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो बाहर के नेता यहां घूम रहे हैं, उनको यहां भगाने के लिए सुखराम उरांव को जिताना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी-मूलवासियों के अधिकार के लिए वे संघर्ष कर रहे हैं। इनके लिए उन्होंने कई कार्य किए हैं। इसलिए वे आज आशीर्वाद मांगने आए हैं। विरोधियों ने साजिश कर उन्हें जेल में डाल दिया।

### राज्य में किसी की भी मौत भूख से नहीं

हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग मां और बेटियों की बात करते हैं। गुजरात और पंजाब के मामले इनके असली चेहरे उजागर करते हैं। ये ऐसे ही लोगों के साथ हैं, जो महिलाओं से दुष्कर्म और छेड़छाड़ के आरोप में जेल में बंद है। चुनाव के वक्त ये इनका इस्तेमाल करते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज ये रोटी की बात करते हैं। यहां डबल इंजन की सरकार में लोग भात-भात कर भूख से मर गए। आपकी सरकार ने कोरोना जैसी महामारी देखी, लेकिन किसी की मौत भूख से नहीं हुई।

### राज्य में खनन के नाम पर नहीं होगा विस्थापन

हेमंत सोरेन ने कहा कि माटी की बात करने वालों ने खनन और डैम निर्माण के नाम पर लोगों को विस्थापित किया। यहां कारखाना और माइनिंग इनके मित्रों का है। आज सबसे अधिक जमीन आदिवासियों का है। इस जमीन को कब्जा करने के लिए ये लोग नई-नई नीति बनाते हैं। पहली बार उनलोगों ने उन्हें टक्कर दी है। खनन के नाम पर विस्थापन नहीं होगा। उद्योग लगने से पहले तय होगा रोजगार और मुआवजा। इसके बाद बात आगे बढ़ेंगी। उद्योगों में 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे।

### उद्योगों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोग होंगे

हेमंत ने कहा कि माटी की बात करने वालों ने खनन और डैम निर्माण के नाम पर लोगों को विस्थापित किया। यहां कारखाना और माइनिंग इनके मित्रों का है। आज सबसे अधिक जमीन आदिवासियों का है। इस जमीन को कब्जा करने के लिए ये लोग नई-नई नीति बनाते हैं। पहली बार हमलोगों ने इन्हें टक्कर दी है। खनन के नाम पर विस्थापन नहीं होगा। उद्योग लगने से पहले तय होगा तुम रोजगार और मुआवजा कितना दोगे। इसके बाद बात आगे बढ़ेंगी। हमने कानून भी दिया है। उद्योगों में 75 प्रतिशत स्थानीय होंगे।

### राष्ट्रपति ने छठ पूजा पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य का यह अनूठा पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

### मंडल मुर्मू के सिर पर इनाम की घोषणा करने वाला गिरफ्तार

**दुमका।** सीएम हेमंत सोरेन के बरहेट विस सीट से प्रस्तावक रहे सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने के बाद से राजनीति गरमा गई है। सेल्स एंड सर्विस नामक ह्वाट्सएप ग्रुप में एक युवक ने मंडल मुर्मू का सिर काटने पर 50 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की थी। पुलिस ने मामले में दुमका की मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांदडीह गांव के रहने वाले साहुल हासंदा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## अमेरिकी चुनाव में चला रिपब्लिकन पार्टी का 'ट्रंप' कार्ड



**डोनाल्ड की ऐतिहासिक वापसी**

- राष्ट्रपति चुनाव में बहुमत के जादुई आंकड़े 270 से काफी आगे
- डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी जीत को अमेरिका का 'स्वर्ण युग' बताया

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुमत के जादुई आंकड़े 270 के मुकाबले 276 इलेक्टोरल वोट के साथ जीत हासिल कर चुके हैं। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 223 इलेक्टोरल वोट मिले हैं।

हालांकि, अभी अंतिम नतीजा आना बाकी है। कुछ राज्यों में मतगणना पूरी नहीं हो सकी है। राज्यों को परिणामों की आधिकारिक घोषणा करने में कई दिल लग सकते हैं, क्योंकि घोषणा से पहले कई औपचारिकताएं पूरी करनी होती है। ज्ञात हो कि 78 वर्षीय डोनाल्ड ट्रंप पराजित होकर फिर से चुने जाने वाले अमेरिकी इतिहास के दूसरे राष्ट्रपति बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकार्ड ग्रोवर क्लीवलैंड के नाम था, जिन्होंने 1892 में दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता था।

सीएनएन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश मतगणना पूरी हो चुकी है। ताजा मतगणना रुझानों के मुताबिक रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप को 276 और कमला हैरिस को 223 इलेक्टोरल वोट मिले हैं।

शेष पेज 11 पर

### मोदी ने ट्रंप को दी बधाई, पोस्ट वायरल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के लिए डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्रंप के साथ चार तस्वीरें शेयर की। खास बात यह है कि पीएम मोदी का पोस्ट सोशल मीडिया पर छा गया है। पीएम मोदी ने ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके पिछले कार्यकाल की सफलताओं की तरह ही, मैं भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। आइए मिलकर अपने लोगों के कल्याण, वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए काम करें। कुछ ही घंटों में पीएम मोदी के इस पोस्ट को 10.6 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा, जिसमें दोनों नेताओं की खास दोस्ती नजर आ रही है। पहली तस्वीर में पीएम मोदी और ट्रंप गले मिलते दिखाई दे रहे हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का उप्र सरकार को आदेश**

## बुलडोजर से जिसका घर तोड़ा गया, उसे 25 लाख दें

- बिना नोटिस दिए किसी का घर तोड़ना कैसे शुरू कर सकते हैं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन को लेकर फैसला देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को आदेश दिया कि बुलडोजर से जिसका घर तोड़ा गया है, उसे 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि घर तोड़ने में किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। खुद सरकार की ओर से हलफनामा देकर कहा गया है कि इस मामले में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उप्र सरकार की ओर से कहा गया कि सिर्फ 3.6 वर्गमीटर का अतिक्रमण था। आपकी ओर से इसका कोई प्रमाण नहीं दिया गया। बिना नोटिस दिए आप किसी का घर तोड़ना कैसे शुरू कर सकते हैं। किसी के भी घर में घुसना अराजकता है। आप पीड़ित को 25 लाख रुपये का मुआवजा दें। सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर एक्शन को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यह पूरी तरह से मनमानी है। हमारे पास हलफनामा मौजूद है। आप साइट पर गए और लोगों को घर तोड़ने की जानकारी दे दी। जस्टिस जेबी परदीवाला ने कहा कि आपके यह कहने का आधार क्या है कि यह अनधिकृत था। आपने 1960 से क्या किया है, पिछले 50 साल से क्या कर रहे थे। सीजेआई ने कहा कि वार्ड नंबर 16 मोहल्ला हमीद नगर में स्थित

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## कोउ नृप होई हमै का हानि, चेरी छांड़ि कि होइब न रानी



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड में चुनाव की बिसात बिछ चुकी है और हर कोई अपने को एकमात्र कर्मठ और ईमानदार उम्मीदवार बता रहा है जबकि जनता जनार्दन कुछ बोल ही नहीं रही है ।चुनावी सर्वे की धज्जियां उड़ते हरियाणा में हम देख चुके हैं जिससे चुनाव सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां ज्यादा सतर्क हैं और झारखंड में झुकाव की हवा नाप रहीं है । ब्रेकिंग न्यूज सूंघती मोबाइल फोन मीडिया,यूट्यूब मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया टीआरपी युद्ध से और भ्रम फैला रही है पर लहर का कुछ पता ही नहीं है ।लगभग सभी पार्टियों से लेकर निर्दलीय तक साइबर सैनिक और प्रेस सलाहकार सभी मुद्दे तलाश रहे हैं जिससे हवा बनाई जा सके पर आम लोग हैं कि पत्ते खोल ही नहीं रहे । हिंदू -मुसलमान,अगड़ा-पिछड़ा, दलित ,खतियान आधारित स्थानीय नीति,मुफ्त बिजली,महिला सम्मान का अलग-अलग ऑफर,सरकारी नौकरी, शिक्षा की गारंटी, मुफ्त इलाज जैसे आश्वासनों को लोग ऐसे ले रहे हैं जैसे फिर नया आश्वासन लाया हूं ।दशकों से कई चुनाव देख चुके लोग बता रहे हैं कि चुनाव जैसा लग नहीं रहा है जैसा पहले लगता था ।ऐसा भी नहीं कि लोग वोटिंग प्रक्रिया में भाग नहीं लेंगे पर अब ये पुराने तौर तरीके इन्हें प्रभावित नहीं कर रहे हैं या इन आश्वासनों पर इन्हें विश्वास नहीं है ।कभी एक समय था जब नेताओं की झलक पाने के लिए लाखों लोग उमड़ पड़ते थे पर अब भीड़ खैंचू हेलीकॉप्टर भी उन्हें प्रभावित नहीं करता ।इसका एक बड़ा प्रत्यक्ष कारण है पहले मीडिया का इतना प्रभाव नहीं था जैसा आज है ।आज फेसबुक लाइव से लेकर यूट्यूब पर गांव देहात से जंगलों के आसपास रहनेवाले लोग सभी नेताओं को न सिर्फ देख रहे हैं बल्कि उनकी समीक्षा तक देख रहे हैं ।अच्छी शिक्षा भले गांव देहात तक न पहुंची हो पर स्मार्ट फोन के माध्यम से सोशल मीडिया का जादू सर पर चढ़कर बोल रहा है ।यह भले हुआ है कि डीप फेक या फोटोशॉप जैसे साधनों के दुरुपयोग से झूठी और भ्रामक बातें भी पहुंचाई जा रहीं हैं जो बहुत घातक हैं ।पर ये भी सही है जो प्रचार का काम कई टीवी चैनल नहीं कर पा रहे थे वह सोशल मीडिया अकेले कर दे रहा है ।लाइव इंटरव्यू और दूसरे कंटेंट लाखों की संख्या में देखे जा रहे हैं ।इन सभी बातों से ऊपर एक दिलचस्प बात यह है कि पब्लिक चुनाव क्षेत्रों में ग्राउंड लेवल पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं से ऐसे सवाल पूछ रही है जिसका उन्हें जवाब नहीं सूझ रहा है ।आज पिछले आश्वासन कौन से पूरे हुए या नहीं दूर दराज के गांवों से लेकर शहरों के युवाओं तक को पता है ।लगता है सोशल मीडिया ने भारत को बदल कर रख दिया है जिसका असर कितना हुआ परिणाम से पता चलेगा ।हाल के वर्षों में राजनीतिक रैलियों और पार्टी घोषणापत्रों की योजना



बनाने में डिजिटल रणनीतियाँ तेज़ी से महत्त्वपूर्ण हो गई हैं। अब तक जनसमूह की भावना की समझ प्रस्तुत करने वाले चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों की जगह ट्वीट सर्वेक्षण ने ले लिया है।

सोशल मीडिया राजनीतिक दलों की अनिर्णीत मतदाताओं की राय को प्रभावित करने में मध्यम वर्ग को मतदान करने की वजह प्रदान करने में मदद करता है। यह बड़ी संख्या में वोट करने हेतु समर्थन आधार जुटाने और दूसरों को वोट देने के लिये प्रभावित करने में भी मदद करता है। राजनेता इस नए सोशल मीडिया को तेज़ी से प्रचार, प्रसार या जानकारी प्राप्त करने या तर्कसंगत और महत्त्वपूर्ण बहस में योगदान देने के लिये अपना रहे हैं। सोशल मीडिया लोगों के लिये आगामी कार्यक्रमों, पार्टी कार्यक्रमों और चुनाव एजेंडा पर अद्यतित रहना आसान बनाता है। सोशल मीडिया को प्रबंधित करने और लोगों से जुड़ने तथा उनके मुद्दों के बारे में जानने के लिये इसका इस्तेमाल करने हेतु एक तकनीकी रूप से सक्षम उम्मीदवार को चुना जाना चाहिये। सोशल मीडिया राजनेताओं को लोकप्रिय बनाने और अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने का साधन बन गया है।

**गलत बयानवाजी में वृद्धि:** विपक्षी दलों को दोष देने और आलोचना करने के लिये सोशल मीडिया का बहुत उपयोग किया जाता है, इसके साथ ही भ्रामक एवं गलत तथ्यों द्वारा जानकारी को गलत तरीके से भी प्रस्तुत किया जाता है।राजनीतिक गतिरोध पैदा करने के लिये भी सोशल मीडिया का उपयोग किया जाता है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन के लिये बहुत अधिक खर्च की आवश्यकता होती है। केवल संपन्न दल ही इतना खर्च कर सकते हैं और वे अधिकांश मतदाताओं को प्रभावित कर सकते हैं। चुनावों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेक न्यूज़ का प्रसारलोगों के दृष्टिकोण को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, राजनीतिक दलों, नागरिक समाज और चुनाव अधिकारियों को इस बात पर अधिक ध्यान देना चाहिये कि चुनाव के दौरानराजनेताओं द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कैसे किया जाए तथाइसके लिये व्यापक दिशानिर्देश तैयार किये जाएँ जिससे मतदाताओं को लाभ मिले।अगर सही तरीके से सोशल मीडिया का उपयोग किया जाए तो वोट बैंक पर फर्क पड़ेगा लेकिन इसका दूसरा पहलू हमेशा बना रहेगा। इसलिये, व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन के बिना चुनावों में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के लिये कुछ उपाय करने की आवश्यकता है।

# झारखंड के युवाओं की नौकरी के मुद्दे पर सोशल मीडिया पर भिड़े हेमंत और बाबूलाल

» बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में एक-एक सीट को 25 लाख रुपये में बेचने का आरोप मढ़ा

» हेमंत सोरेन ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि इस आरोप की सीबीआई, ईडी या दुनिया की किसी भी एजेंसी से जांच करा लें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार में युवाओं की नौकरी और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों का मुद्दा जोर-शोर से उठ रहा है। इसे लेकर सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टियों एवं उनके नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप और जुबानी जंग का सिलसिला तेज है। बुधवार को इस मुद्दे को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोशल मीडिया पर आमने-सामने हो गए।

बाबूलाल मरांडी ने जहां हेमंत सोरेन पर जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा में एक-एक सीट को 25 लाख रुपये में बेचने का आरोप मढ़ा, वहीं इसके जवाब में हेमंत सोरेन ने उन्हें चुनौती देते हुए कहा कि इस आरोप की सीबीआई, ईडी या दुनिया की किसी भी एजेंसी से जांच करा लीजिए और मेरी एक भी गलती निकल जाए, तो मुझे 50 साल के लिए जेल में डाल दीजिए।





पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नौकरी की सीटें बेचने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, काम के दाम मांगते, ऐसी तो अभिलाषा है, झूठ और अन्याय की, हेमंत इकलौती परिभाषा है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ने के बाद हेमंत सरकार ने युवाओं के सुनहरे भविष्य को बर्बाद करने का निर्णय लिया है, इसी का नतीजा है कि जेएसएससी-सीजीएल में नौकरी देने के नाम पर सीट बेची जा रही है।

उन्होंने आगे लिखा, 'छात्रों के भविष्य और सपनों की कीमत लगाकर हेमंत सोरेन एवं उनके सहयोगी अपना पेट भरने में मस्त हैं, एक-एक सीट के लिए 25-25 लाख रुपये तक की बोली लग रही है, जिसके कारण छात्रों का हाल दिन-ब-दिन बदतर होता जा रहा है। हाल यह है कि हेमंत सरकार में ऐसी रीति बन गई है कि पढ़ने वाले पढ़ते रहे, पैसे वाले बढ़ते रहें।' बाबूलाल मरांडी के इस पोस्ट पर हेमंत सोरेन ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने मरांडी को संबोधित करते हुए लिखा, 'आपके पास ईडी है, सीबीआई है और दुनिया की सभी एजेंसियों का कुनबा है। आप किसी भी एजेंसी से जांच करवा लीजिए। अगर युवाओं के मुद्दों पर एक गलती निकल जाए तो मुझे 5 महीने नहीं 50 साल के लिए जेल डाल दीजिए। मैं उफ्फ नहीं करूंगा।'

सोरेन ने इस मामले में पूर्व की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए लिखा, 'आपके रघुवर दास जी द्वारा विरासत में मुझे जो परेशानियां, अबूझ नीतियां दी गई, उन सबको दूर करते हुए हम लगातार परीक्षा ले रहे हैं, पर आपके और आपके दल द्वारा पोषित कोचिंग माफिया और गैंग द्वारा जो लगातार झूठे केस पर केस कर परीक्षाओं को बाधित किया जा रहा है, उसे कौन नहीं जानता।' सोरेन ने आगे लिखा, 'जब मैंने लीक रोकने के लिए कड़ा कानून बनाया। आपने उसे काला कानून बताकर राजभवन से लेकर विधानसभा में हंगामा किया। आखिर किसके हित साध रहे थे आप? आप लगातार नियुक्तियों को लटका रहे हैं। आखिर अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षा की सिद्धि हेतु कितना गिरेंगे आप?'
सोरेन ने कहा, 'झारखंड सरकार में लंबित हर एक नौकरी आपके दल के तमाम अड़चनों एवं साजिशों के बावजूद मैं ही राज्य के युवाओं को दूंगा।'

## आदर्श आचार संहित उल्लंघन मामले में हिमंता बिस्वा सरमा को क्लीन चिट

▸ इंडी गठबंधन अपने प्रस्तावित पराजय से परेशान है : अजय साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देवघर के डीसी ने सारठ में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को क्लीन चिट दे दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, माले और राजद के नेताओं ने चुनाव आयोग से हिमंत पर विभाजनकारी भाषण देने का आरोप लगाया था। इस क्लीन चिट पर भाजपा ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने बुधवार को कहा कि हिमंता सरमा को मिली इस क्लीन चिट से झामुमो और उसके सहयोगी पूरी तरह से बेनकाब हो गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि हिमंता की आवाज झारखंड के आम लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करती है। साह ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने हमेशा बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आवाज उठाई है और जिस तरह उन्होंने असम में घुसपैठ के खिलाफ कदम उठाए, भाजपा झारखंड में भी वही कार्य करेगी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी इस बात को दोहरा चुके हैं कि देश में अवैध घुसपैठियों को चिह्नित करके बाहर निकाला



जाएगा। यही कारण है कि झामुमो और कांग्रेस घबरा रहे हैं। क्योंकि, उनका वोट बैंक इस प्रकार की गतिविधियों में ही सुरक्षित रहता है। साह ने कहा कि जब बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को फर्जी आधार कार्ड और वोटर कार्ड बनवाकर यहां बसाने की कोशिश होती है और उन्हें स्थानीय आदिवासी लड़कियों से शादी करवाने में मदद की जाती है, तब इसे भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक कहा जाता है लेकिन जब हिमंता सरमा इस घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई जाती है। इस पूरे घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई जैसे संस्थानों पर बिना कारण कीचड़ उछालने का प्रयास किया जाता है। हार के डर से हताश झामुमो और कांग्रेस के लिए अब संस्थाओं और भाजपा के बड़े नेताओं को बदनाम करना एक चलन बन गया है।

## न्यूज बॉक्स

### महुआ माजी ने किया रोड शो



**रांची।** रांची विधानसभा सीट से जेएमएम उम्मीदवार महुआ माजी ने किशोरगंज रोड नंबर एक से जेएमएम नेता नवीन चंचल के घर से होते हुए चुनाभट्ठा चौक तक रोड शो किया। इस रोड शो में बाइक पर सवार जेएमएम के कार्यकर्ता भी शामिल थे। महुआ माजी ने अपने लोगों से तीर धनुष छाप में वोट देने की अपील की। इस रोड शो में मुख्य रुप से नवीन चंचल भी शामिल रहे।

### सिमोन मालतो ने झामुमो का दामन थापा



**रांची।** विधानसभा चुनाव से पहले संताल परगना स्थित बरहेट के भाजपा नेता सिमोन मालतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थामा। कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में सिमोन मालतो ने अपने दलबल के साथ झामुमो में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिमोन मालतो एवं उनके समर्थकों को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराई।

### बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने की पदयात्रा

**रांची।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने तमाड़ विधानसभा से एनडीए उम्मीदवार (जदयू) गोपाल कृष्ण पातर उर्फ. राजा पीटर के पक्ष में बुधवार को पद यात्रा की। साथ ही जनसंपर्क अभियान के तहत छेडुआडीह, लुपुंगडीह, उलिलोहर, जामडीह, डीमोडीह सहित अन्य गांवों में जाकर लोगों से राजा पीटर को चुनाव में रिकार्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। पद यात्रा एवं संपर्क अभियान में मंत्री के साथ अनुप कुमार सिंह, सुमित कुमार सिंह, घासीराम महतो, शिवेश्वर सिंह मुंडा, अंबुज यादव, महावीर महतो, बृंदावन महतो, ससोधर महतो, बीरेंद्र महतो सहित अन्य शामिल थे।

### आदर्श आचार संहिता के दायरे में ही हो चुनाव प्रचार : सीईओ

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि स्वच्छ निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने में सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों का सार्थक सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को गुमराह करने के उद्देश्य से राजनैतिक दल और कार्यकर्ता बगैर तथ्यात्मक आधार पर कोई गलत बयानबाजी नहीं करेंगे। साथ ही बगैर प्रमाणित आरोपों के तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर अन्य दलों अथवा दूसरे दलों के कार्यकताओं की आलोचना से दूर रहेंगे। इसके अलावा किन्हीं नेताओं या अन्य दलों के कार्यकताओं के निजी जीवन के किसी पहलू, जो सार्वजनिक गतिविधियों से संबंधित नहीं हो, की आलोचना नहीं की जानी है। बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि मतदान के दिन वोटर टर्नआउट में गति प्रदान करने के लिए सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही चैन सिस्टम के तहत तीव्रता से मतदान कराने का भी प्रशिक्षण हर स्तर पर मतदान कर्मियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन पदाधिकारी प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में सुबह 5:30 बजे से मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू कर देंगें।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले पप्पू यादव, बोले
# फिर बनेगी गठबंधन की सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सोरेन से सांसद पप्पू यादव ने बुधवार को मुलाकात की। दोनों के बीच झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड में फिर से गठबंधन के लोग सरकार बनायेंगे। पप्पू यादव और हेमंत सोरेन के बीच हुई यह मुलाकात झारखंड की राजनीतिक स्थिरता और चुनावी संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है. पप्पू यादव ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि वे झारखंड में गठबंधन सरकार की संभावनाओं के प्रति आश्वस्त हैं, और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राज्य के स्वाभिमान का प्रतीक मानते हैं।

उनका कहना है कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास के लिए अपने समर्पण को साबित किया है. शिबू सोरेन के योगदान को याद करते हुए पप्पू यादव ने राज्य के गठन में उनके प्रयासों की सराहना की. उनका कथन 'झारखंड में एक्के नारा, हेमंत दुबारा' इस बात का संकेत है कि वे हेमंत सोरेन की फिर से चुनाव जीतने की उम्मीद रखते हैं। इस मुलाकात का प्रभाव झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 पर पड़ना निश्चित है, खासकर जब चुनावी गठबंधनों और सहयोग पर विचार हो रहा है. यह राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है और आगामी चुनावों के लिए रणनीतियों का निर्माण कर सकता है।

## देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है : प्रतुल शाह देव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और माले के संयुक्त घोषणा पत्र पर हमला किया। प्रतुल ने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है, ना कि सताधारी गठबंधन के एक वोट के बदले सात झूठ के वायदों पर।

प्रतुल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के 2019 के मेनिफेस्टो निश्चय पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कुल 114 वायदे जनता से किए थे लेकिन पांच वर्षों में इस सरकार ने एक वादे को पूरा नहीं किया। पांच वर्षों तक ठगी गई जनता इस बार झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्हें इस ठगबंधन के झूठे वादों पर कतई विश्वास नहीं। प्रतुल बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड 2019 में सरकार ने अपनी निश्चय पत्र में कहा था कि सरकार गठन के 2 साल के भीतर राज्य के खाली पड़े



सभी सरकारी पदों पर नियुक्ति हो जाएगी। स्थिति यह है कि कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2,87,000 पद अभी भी खाली है। इन्होंने हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की घोषणा की थी। ग्रामीण क्षेत्र के अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त अंक देकर मेरिट सूची बनाने की बात, हर प्रखंड में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की बात, पांच वर्षों में 25 लाख रोजगार की बात, बेरोजगारों को ?5000 और 7000 का प्रति महीना भत्ता देने का वादा किया था।

### लोजपा सांसद ने किया संकल्प पत्र का विमोचन

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में संकल्प पत्र का विमोचन किया। पार्टी के खगड़िया सांसद, झारखंड चुनाव के सह प्रभारी राजेश वर्मा,प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विजय प्रधान, प्रदेश सचिव शिवजी कुमार, आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक राय, लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष उत्तम राय, कार्यालय प्रभारी राजेश रंजन और रतन पासवान उपस्थित थे। संकल्प पत्र के विमोचन के मौके पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि यह झारखंड के विकास का पत्र है। इस पत्र में गरीब, दलित, महिला, आदिवासी, युवाओं के मुद्दे को समाहित किया गया है। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि प्रदेश के चहुमुखी विकास को लेकर लोजपा कृत संकल्पित है, इसी को लेकर राज्य में पहली बार हमारी पार्टी ने मेट्रो सेवा शुरू करने की बात कही है।

### डीसीसी ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**रांची।** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान किया। उन्होंने सभी सम्बंधित कर्मियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की अपील की गई। पोस्टल बैलेट में 16 तरह के आवश्यक सेवा से जुड़े पदाधिकारी/ कर्मी/, मतदान में लगे ड्राइवर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर पाएंगे। प्रथम चरण के लिए 08 से 10 तथा द्वितीय चरण के लिए 14-16 नवम्बर तक समाहरणालय ब्लॉक-ए कमरा संख्या- 204 में पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते है।

### भाजपा विभाजन और नफरत की राजनीति कर रही है : वृंदा करात

**रांची।** पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने बुधवार को सिसई हाईस्कूल के मैदान में सीपीआई (एम) प्रत्याशी मदुवा कच्छप के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। वृंदा ने कहा कि झारखंड विधानसभा का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव है, क्योंकि जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्री और नेता झारखंड मे झुंड के रुप में आकर यहां की साझी संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को नकार कर विभाजन और नफरत की राजनीति कर रहे हैं और निर्वाचन आयोग मौन है। लेकिन झारखंड के मतदाता इसका माकूल जवाब देंगे। इससे पूर्व वृंदा ने झारखंड में शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सिसई विधानसभा से चुनाव प्रचार की शुरूआत की। इसकी अध्यक्षता श्यांकर उरांव ने किया। राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि सिसई एक कृषि प्रधान इलाका है, लेकिन यहां के किसान कर्ज में डुबे हुए हैं। क्योंकि सब्जी उत्पादन में किसानों को जो लागत आती है। उसके अनुरूप उन्हें मूल्य नहीं मिलता है। जिस कारण किसान कर्ज के जाल में फंस जाते हैं।

### डॉ रवींद्र कुमार राय ने शारदा सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने शारदा सिन्हा के निधन पर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि शारदा दीदी अब हमारे बीच नहीं रही। उनके भौतिक शरीर को त्याग कर गौलोक गमन की सूचना अत्यंत पीड़ादायक है। मगर साथ ही छठ मां पर उनकी आस्था पर और मजबूत विश्वास पैदा करता है । पूरे जीवन छठ गीतों और छठ के भाव को अपनी मधुर ध्वनि में संगीत का रूप देने वाली शारदा दीदी को ईश्वर ने छठ के समय ही अपने पास बुला लिया । शारदा दीदी और उनके परिवार से हमारे पारिवारिक संबंध थे और अक्सर हमारी उनकी बातचीत होती थी। आज उनके जाने से भारतीय साहित्य और संगीत में जो शून्यता आई है वह कभी नहीं भरी जा सकेगी। मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने समाज और संस्कृति के प्रति दिए गए योगदान को देखते हुए देश से दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मभूषण से नवाजा और वास्तव में दीदी को यह सम्मान मिलना हम सभी के लिए गर्व की बात थी। शारदा दीदी अपने गाए गीतों के साथ-साथ खुद भी अमर हो गईं। पुनः उनके चरणों में मेरा प्रणाम और विनम्र श्रंद्धाजलि श्री हरि से प्रार्थना है कि पुण्य आत्म को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## झरिया की जनता किसे चुनेगी अपना विधायक?

**नवीन मेल संवाददता। रांची**

झारखंड में लोग किसी भी विधानसभा का वोटर हो, लेकिन झारिया विधानसभा सीट से कौन विधायक बना एक बार जानना जरुर चाहते है। झरिया विधानसभा सीट को झारखंड का सबसे हॉट सीट माना जाता है। झारिया विधानसभा सीट 1967 में अस्तित्व में आया। जब पहली बार 1967 में इस सीट से चुनाव हुआ तो कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले एसआर प्रसाद ने ना केवल जीता बल्कि उन्होंने यहां के पहले विधायक बनने का रिकॉर्ड भी बनाया। 1967 के बाद 2019 में कांग्रेस को इस सीट में जीत मिली। इस सीट में लगभग 4 दशक तक सिंह मेंशन से कोई ना कोई सदस्य विधायक बनते रहे। इस सीट से 5 दशक के बाद कांग्रेस पार्टी कमबैक कर पाई। यह क्षेत्र सर्वाधिक कोयला खदानों वाला है। इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा खानों के अंदर लगी आग है। खानों के अंदर लगी आग में कई लोग समा चुके है। झारिया विधानसभा सीट से सूर्य देव सिंह, उनके भाई बच्चा सिंह, सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती देवी और बेटे संजीव सिंह विधायक रह चुके हैं। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा सिंह ने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह को चुनाव में हराया और विधायक बनी। रागिनी सिंह संजीव सिंह की पत्नी हैं। वहीं पूर्णिमा सिंह नीरज सिंह की पत्नी है। दोनों ही जेठानी व देवरानी हैं। 2024 के चुनाव में भी इन्हीं दोनों के बीच काटे की टक्कर मानी जा रही है। इससे पहले 2014 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नीरज सिंह को चुनावी मैदान में उतारा था, भाजपा ने संजीव सिंह को टिकट दिया था। हालांकि 2014 के चुनाव में संजीव सिंह की जीत हुई थी। 2024 के विधानसभा चुनाव में झरिया की जनता किसे अपना विधायक चुनती है, यह 23 नवंबर को ही पता चलेगा।

### • कब कौन रहा विधायक •

| वर्ष | नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1967 | एसआर प्रसाद | कांग्रेस |
| 1969 | एसकेराय | बीकेडी |
| 1972 | एसके राय | सीपीआइ |
| 1977 | सूर्य देव सिंह | जेएनपी |
| 1980 | सूर्य देव सिंह | जेएनपी |
| 1985 | सूर्य देव सिंह | जेएनपी |
| 1990 | सूर्य देव सिंह | जेडी |
| 1991उप चुनाव | आबो देवी | जेडी |
| 1995 | आबो देवी | जेडी |
| 2000 | बच्चा सिंह | समता पार्टी |
| 2005 | कुंती देवी | भाजपा |
| 2009 | कुंती देवी | भाजपा |
| 2014 | संजीव सिंह | भाजपा |
| 2019 | पूर्णिमा नीरज सिंह | कांग्रेस |

### राहुल गांधी कल आएंगे झारखंड

**रांची।** लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता, न्याय-योद्धा राहुल गांधी 08 नवम्बर 2024 को पूर्वा 11:10 बजे नई दिल्ली से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची आयेंगे और दो विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस क्रम में पहला सिमडेगा के गांधी मैदान में अप. 12:10 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे, इसके बाद दूसरा अप. 01:05 बजे से सिमडेगा से लोहरदगा के लिए प्रस्थान करेंगे अप. 01:45 बजे लोहरदगा में बीएस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत लोहरदगा से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट आयेंगे और अप. 03:15 बजे स्पेशल विमान से रांची से दिल्ली के लिए वापस लौट जाएंगे।

## भाजपा के कारण नहीं मिल रहा सहारा निवेशकों का पैसा झामुमो की सरकार दिलाएगी राशि : सुप्रियो भट्टाचार्य

▸ वर्ष 2023 से 24 तक सरकार ने निवेशकों का पैसा क्यों नहीं लौटाया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और पार्टी के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने के वादे को मुद्दा बनाया है। रांची में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर शहर के निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए वर्ष 2023 में पोर्टल बनाया गया था। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बीजेपी से सवाल करते हुए कहा कि वर्ष



2023 से 24 तक सरकार ने निवेशों को का पैसा क्यों नहीं लौटाया। क्या वजह है कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी शहर के निवेशकों का पैसा भाजपा ने नहीं लौटाया और एक बार फिर से विधानसभा चुनाव में इसे मुद्दा बनाया गया है। कहा कि सरकार निवेशकों का पैसा नहीं लौटनी वाली सिर्फ उन्हें कोरा आश्वासन दिया जा रहा है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने सहारा से बकाया वसूली के लिए अखबार में विज्ञापन जारी किया है। यह पहली बार है जब अखबारों में इस तरह का विज्ञापन दिया गया है। जेएमएम नेता ने कहा, झारखंड के एक करोड़ से अधिक लोगों ने सहारा में निवेश किया है। इन सभी का पैसा फंसा हुआ है और मिलने की उम्मीद कम लगती है। सुप्रियो ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार सेबी को 5,000 करोड़ रुपये सीआरसीएस को देने को कहा गया। सभी दावेदारों को अपना रिटर्न पाने के लिए वेब पोर्टल पर आवेदन करने को कहा गया। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि अमित शाह 2019 में गृह मंत्री बने और 2021 में उन्हें सहकारिता मंत्री बनाया गया और यहीं से खेल शुरू हुआ।

## चुनाव में जो मुद्दा नहीं बन सका
# नयासराय में पुल का काम नहीं हुआ पूरा, समस्याओं से जूझ रही है जनता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला के नयासराय रेलवे फाटक के पास एक पुल का निर्माण हो रहा है, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है। पुल का काम रांची जिला के रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट करा रही है। स्थानीयों का कहना है कि इस पुल का निर्माण पिछले पांच साल से हो रहा है। पुल निर्माण वाले स्थान से मिली जानकारी के अनुसार जहां पुल बन रहा है वहां सप्लाई वाटर का पाईप गया हुआ, जो काफी हैवी है। पाईप को उस स्थान से हटाना है। एक तरफ बिजली का खंभा है, उसे भी हटाना है। इन सब बाधाओं के कारण ही पुल का निर्माण पुरा नहीं हो पा रहा है। सालों से पुल का काम पुरा नहीं होने के कारण वहां कि जो मुख्य



समस्या है, वह है जाम की। जहां पुल बन रहा है, वहां रेलवे लाईन गुजरा है, जब ट्रेन वहां से गुजरती है, तो फाटक बंद कर दिया जाता है। जिसके वजह से दोनों तरफ की सड़क जाम हो जाती है। जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी के पाईप का काम करने वाली कंपनी के एक कर्मचारी ने जानकारी दी कि पाईप का काम पूरा हो चुका है। हम लोग बारसात के कारण यहां से अपना सामान नहीं ले जा पाएं थे। छठ के बाद हमलोग अपना सामान यहां से ले जाएगें, क्योंकि हमारा काम पूरा हो गया है। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट ने पुल बनाने का काम जिस कंपनी को दिया है, उस कंपनी के एक कर्मचारी ने कहा कि यहां जो बाधाएं उत्पन हो रही है, उसका समाधान होते ही काम को पूरा कर देंगे। हमारे ओर से कोई समस्या नहीं है। मोरहाबादी स्थित रांची जिला के रोड कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय से जानकारी मिली कि जहां पुल बन रहा है, वहां अतिक्रमण है। अतिक्रमण को हटाने के बाद आगे का काम किया जाएगा। अभी अचारसंहिता के कारण इस पर आगे का काम किया जाएगा। दाए तरफ का पाईप का काम हो गया है, बाए तरफ का काम अभी बाकी है। पुल के पास जो बिजली का खंभा है, उस खंभे को हटाने के लिए बिजली विभाग से वार्ता चल रही है। बिजली विभाग से एक स्टिमिट भी मिला है, उस पर भी काम चल रहा है। बहुत जल्द काम को पूरा कर लिया जाएगा।

# छठ महापर्व पर बाजार रहे गुलजार, उमड़ी खरीदारों की भीड़

रांची। छठ महापर्व पर फलों का बेहद खास महत्व होता है। इसे लेकर राजधानी में छठ बाजार सज गये हैं। रांची के जिला स्कूल मैदान में मंगलवार से ही बाजार सज गया है। बाजार में कांके, मांडर, रातू, ओरमांझी, डोरंडा, पुंदाग, धुर्वा, डीपाटोली, रांची, मोरहाबादी, नामकुम, लोवाडीह, डोरंडा आदि क्षेत्र के 300 लोगों ने दुकान लगायी है। बुधवार को सुबह से ही खरीदारों की भीड़ बाजार में उमड़ पड़ी।

## इन इलाकों में सजे छठ बाजार

राजधानी के मेन रोड स्थित डेली मार्केट, हरमू बाजार, डोरंडा बाजार, मोरहाबादी, बरियातू, कडरू, चुटिया, हटिया, धुर्वा, पंडरा, लालपुर, कांटाटोली, अरगोड़ा, कोकर, धुर्वा आदि में भी छठ बाजार बाजार सजे हैं। खरीदारी के अंतिम दिन होने की वजह से बुधवार को शहर में खरीदारों की भीड़ लगी रही। मेन रोड, रातू रोड, डोरंडा, कचहरी रोड, हरमू रोड आदि क्षेत्रों में लोग केला कांदी, सेब की पेटी, संतरे की पेटी, फलों का टोकरा सहित अन्य पूजन सामग्री ले जाते नजर आ रहे थे।



## खरीदारों की भीड़ लगी रही, अच्छी बिक्री हुई

फल दुकानदार गुड्डू पप्पु ने कहा कि आज छठ बाजार की रौनक ही अलग है, खरीदारों की भीड़ बाजार में उमड़ती देख दिल खुशी से झूम रहा है। अब हमारे सारे फल बिक जायेंगे। आज कारोबार अच्छा हो रहा है। मो इम्तियाज ने कहा कि कल तक तो बहुत मायूस थे, आज ऊपर वाले के करम से कारोबार अच्छा हुआ है। लगाई गयी पूंजी आज की बिक्री में निकल आयी है, कल भी बाजार लगेगा, कल से होने वाली बिक्री मुनाफे के रूप में आयेगी।

| छठ के फल | दर प्रति किलो | छठ के फल | दर प्रति किलो |
|---|---|---|---|
| पानीफल | 80 रु | हल्दी कच्चा | 50 रु |
| शरीफा | 100 रु | मूंगफली | 100 रु |
| आंवला | 100 रु | सेब | 100-150 रु |
| शकरकंद | 80 रु | सेब पेटी | 500-850 रु |
| पनौरा | 400 रु | संतरा | 60 रु |
| कबरंगा | 300 रु | संतरा पेटी | 250-400 रु |
| मूली | 80-100 रु | अन्नानास | 70 रु पीस |
| डांभा | 100 रु जोड़ा | केला दर्जन | 60 रु |
| नारियल सूखा | 70-80 रु जोड़ा | केला कांदी | 500-800 रु |
| गाजर | 100 रु | गन्ना | 40-60 रु पीस |

# रांची में छठ पूजा पर यातायात में बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छठ पर्व को लेकर रांची ट्रैफिक पुलिस ने यातायात में बदलाव किया है। यातायात में बदलाव आकस्मिक सेवा वाले वाहनों पर लागू नहीं होगा। छठ के दिन सात नंबवर को अलबर्ट एक्का से चडरी जाने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा। सात नवंबर को शहर में दिन के दो बजे से रात आठ बजे तक सभी प्रकार के छोटे मालवाहक के प्रवेश पर रोक। सात नवंबर को दिन के 3:00 बजे से रात आठ बजे तक कांके रोड के चांदनी चौक से राम मंदिर तक ऑटो और ई-रिक्शा के परिचालन पर पाबंदी। सात नवंबर को प्रातः आठ बजे से रात 11 बजे तक और आठ नवंबर को प्रातः दो बजे से रात आठ बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश बंद रहेगा। इस दौरान उक्त वाहन रिंग रोड का प्रयोग करेंगे। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों का डायवर्ट और स्टोप किया जा सकता है।

## यहां होगी गाड़ियों की पार्किंग

- रणधीर वर्मा चौक से हटनिया तालाब मार्ग- नगर निगम पार्क के सामने और रोड किनारे।
- एसएसपी आवास चौक से हटनिया तालाब जाने वाला मार्ग-रोड किनारे।
- जाकिर हुसैन पार्क से हटनिया तालाब जाने वाला मार्ग- नागाबाबा खटाल व रोड किनारे।
- राम मंदिर से कांके डैम जाने वाला मार्ग- सीएमपीडीआइ, गांधीनगर व रॉक गार्डेन।
- जेल तालाब- रोड किनारे, लालपुर यातायात थाना के पास।
- सर्जना चौक से बड़ा तालाब जाने वाला मार्ग-सर्जना चौक और अलबर्ट एक्का चौक के बीच बना पार्किंग।
- चुटिया से स्वर्णरेखा मार्ग- सरस्वती शिशु मंदिर के बगल में।
- बनस तालाब- रोड किनारे।
- किशोरगंज से बड़ा तालाब जाने वाला मार्ग- रोड किनारे।
- डोरंडा का बटन तालाब(देवेंद मांझी चौक)- निवारणपुर में।
- शालीमार बाजार से छठ तालाब जाने वाला मार्ग- शालीमार बाजार में।
- शहीद मैदान से छठ तालाब जाने वाला मार्ग-शहीद मैदान में।

## न्यूज बॉक्स

### श्रीरामनवमी शृंगार समिति ने बांटी छठ पूजन सामग्री

**रांची।** श्री रामनवमी शृंगार समिति रांची की ओर से बुधवार को छठ व्रतियों को सूप एवं पूजा सामग्री सौंपी गई। इसमें सूप, नारियल, सिंदूर, अगरबत्ती, आरता, सोपारी, जफल, बद्दी माला आदि बांटे गए। इस अवसर पर श्रीरामनवमी शृंगार समिति रांची के अध्यक्ष सागर वर्मा, मंत्री मयंक गिरी, संयोजक रिंकू वर्मा, शंकर सिन्हा, मोनू गुप्ता, सोनो गुप्ता, राहुल गुप्ता, मनोज गुप्ता, डब्बू वर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रो बालागुरुसामी बने एसबीयू के सलाहकार

**रांची।** मशहूर कंप्यूटर विज्ञानी एवं शिक्षाविद् प्रो. ई. बालागुरुसामी को सरला बिरला विश्वविद्यालय की सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त गया है। इस आशय की जानकारी विश्वविद्यालय प्रशासन ने दी। आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एमई एवं सिस्टम इंजीनियरिंग में पीएचडी कर चुके प्रो. गुरुसामी देश-विदेश के अकादमिक हलकों में जाना-पहचाना नाम हैं। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में तीस से अधिक पुस्तकें लिख चुके गुरुसामी संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य रह चुके हैं। वे अन्ना विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। झारखंड से उनका खास नाता रहा है। अपने कार्यकाल के दौरान पूर्व राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने उन्हें अपना शैक्षणिक सलाहकार नियुक्त किया था। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, प्रभारी कुलपति एसबी डांडीन एवं कुलसचिव प्रो वीके सिंह ने उनकी नियुक्ति पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं।



### गांजा तस्करी मामले के तीन आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**रांची।** एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश सह न्यायायुक्त की अदालत ने गांजा तस्करी के आरोप में जेल में बंद तीन आरोपियों तौफिक अंसारी उर्फ जैला, समशेर अंसारी एवं अफसर अंसारी को जमानत देने से इनकार किया है। तीनों की ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी गई। तीनों आरोपी को नगड़ी पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में 30 सितंबर को गिरफ्तार किया था, तब से तीनों जेल में हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 206 किलो गांजा बरामद किया था। आरोपियों ने 23 अक्तूबर को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। घटना को लेकर तीनों के खिलाफ नगड़ी थाना कांड संख्या 138/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### चेकिंग के दौरान गांजा के साथ दो गिरफ्तार




**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में रांची-रामगढ़ रोड में दीपक ढाबा के पास वाहनो की चेकिंग के दौरान शुभम बस से गांजा जब्त किया गया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बुधवार को बताया कि चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान सुभम बस को चेक किया गया जिसमें करीब 09.388 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। मामले में दो आरोपितों रजनीश कुमार और विकाश यादव को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से गांजा, दो मोबाइल, दो डेबिट कार्ड, 10020 नकद बरामद किया गया है। साथ ही बस को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि यह गांजा खादगढ़ा बस स्टैंड से शुभम बस में लोड करके बनारस ले कर जा रहे थे। चेकिंग में बीडीओ कामेश्वर बेदिया, थाना प्रभारी ओरमांझी अनिल कुमार तिवारी चंद्रदेव सिंह, विनय कुमार सुबोध कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### कबाड़ से कंचन योजना बना आकर्षण का केंद्र



**रांची।** कबाड़ से कंचन योजना के अंतर्गत बेकार पड़े एम्बेसडर कार स्क्रैप को संबंधित अधिकारियों की सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता में रंगों का समावेश कर एक जीवंत कलाकृति का निर्माण किया है। इस प्रयास ने मुख्यालय परिसर की सुंदरता में उल्लेखनीय सुधार किया है, जिससे कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक कार्य वातावरण बना है। भारत सरकार के स्पेशल कैम्पेन 4.0 की योजना के तहत की गई। इस पहल ने वाहन में नई जान फूंक दी है, जिससे कंपनी के मुख्यालय परिसर की सुंदरता बढ़ गई है एवं यह कलाकृति एक आकर्षण का केंद्र बन गया हैं। इस जीवंत कलाकृति का उद्घाटन सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने किया है। कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एवं पब्लिक रिलेशन्स डिपार्टमेंट ने इस पहल की संकल्पना और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बताया कि कबाड़ से कंचन एवं इस तरह की अन्य सृजनात्मक योजना के तहत भविष्य में भी अन्य प्रोजेक्ट्स पर भी काम करने की योजना हैं ,जो सीसीएल परिसर को बेहतर बनाने और कंपनी की ब्रांड छवि को मजबूत करने में सहायक होगा।

### रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता


# फिल्मी अंदाज में पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अपराधी हथियार के बल पर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। जिसके बाद एसएसपी के निर्देशन पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुरानी रांची अखाड़ा चौक के पास छापामारी किया गया जिस दौरान पुलिस बल को देख कर एक व्यक्ति तेजी से भागा भागते हुए व्यक्ति को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए फिल्मी तरीका अपनाया। कोतवाली डीएसपी व गठित टीम के द्वारा भेष बदल कर अखाड़ा चौक के पास पहुंचे जहां लंबी इंतजार के बाद आरोपी मिला। जिससे कोतवाली डीएसपी खुद हथियार खरीदने गए। वहां डीएसपी को अपराधियों ने कहा एक पिस्तौल का दाम 45 हजार रुपया है। जिस दौरान पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि इनका पूरा गिरोह हथियार तस्कर है। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, तीन खाली मैग्जीन, दो गोली और स्कूटी जप्त किया गया। हथियार तस्करी के गिरोह में शामिल अन्य लोगों की तलाश में पुलिस जुटी है। सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले में बड़ी खबर यह है कि हथियार सप्लाई करने वाले गैंग में एक सफेद पोश भी शामिल है। मामले में आगे की जांच जारी है। जल्द कार्रवाई कर पुलिस के द्वारा गिरोह में अन्य शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# रांची में आज से दो दिन तक छाए रहेंगे आंशिक बादल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

| जिला | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 | 17.9 |
| जमशेदपुर | 31.1 | 19.8 |
| मेदिनीनगर | 31.7 | 19.6 |
| बोकारो | 29.2 | 19.5 |
| देवघर | 31.0 | 19.6 |
| धनबाद | 28.0 | 18.2 |

राजधानी रांची समेत राज्य के कुछ हिस्सों में छठ पर गुरुवार और शुक्रवार को आंशिक बादल छा सकते हैं। सुबह के दौरान वातावरण में धुंध रहेगी और उसके बाद आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। बावजूद इसके मौसम शुष्क रहेगा और पश्चिमी हवा के रुख में कोई बदलाव नहीं होगा। शनिवार से मौसम साफ रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार वातावरण के निचले हिस्से में दक्षिणी हवा आने से आंशिक बदलाव देखा जा रहा है। वहीं, वातावरण के ऊपरी भाग में शुष्क पश्चिमी हवा का जोर है। रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री और न्यूनतम 17.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले 24 घंटे की तुलना में आंशिक बदलाव देखा गया है। पिछले दिन यहां का तापमान 28.8 और न्यूनतम 17.5 डिग्री रहा था, जो सामान्य से अधिक है। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 31.1 और न्यूनतम 19.8 डिग्री, मेदिनीनगर का क्रमशः 31.7 और 196 डिग्री रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि हवा के रुख में आंशिक बदलाव से गुरुवार और शुक्रवार को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। सुबह में धुंध और कोहरा छाया रहेगा। लेकिन इसके छंटने के बाद आंशिक बादल छाएंगे। शनिवार से मौसम साफ और शुष्क रह सकता है।

### बयान दर्ज कराने कोर्ट नहीं पहुंचा आरोपी, जेल 5 दिन के बाद जमानत

**रांची।** 10 साल पुराने जानलेवा हमले समेत अन्य आरोपों में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी बरियातू निवासी सुलेमान कुजूर उर्फ कल्लू को कोर्ट में सुनवाई के दौरान उपस्थित नहीं रहना महंगा पड़ा। जमानत पर चल रहे आरोपी का बेल बांड अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने रद्द कर दी। जमानत बंध पत्र रद्द करने के साथ ही उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। आरोपी को मिस यूज के आरोप में 25 अक्तूबर को जेल जाना पड़ा। पांच दिन जेल काटने के बाद उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका को अदालत ने सशर्त याचिका को स्वीकार किया। मामले में अभियोजन साक्ष्य बंद होने के बाद आरोपी का बयान दर्ज किया जाना था। लेकिन, कोर्ट द्वारा निर्धारित दो तारीख में जब आरोपी उपस्थित नहीं हुआ तो अदालत ने 12 जुलाई को उसके बंध पत्र को रद्द कर दिया था। साथ ही गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी 2015 से जमानत पर चल रहा है। बता दें कि जानलेवा हमले को लेकर बरियातू थाना में 27 अक्तूबर 2014 को पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज है, जिसमें सुनवाई जारी है।

# छठ में सांप्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिसाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू कुछ दिनों पूर्व गंभीर रूप से बीमार पड़े और किडनी ट्रांसप्लांट करनी पड़ी तब उनके परम मित्र पिस्का मोड़ निवासी संजय सिंह प्रमोद और उनके परिजन भी बहुत चिंतित थे। प्रमोद सिंह की पत्नी श्वेता सिंह ज्योति सिंह मथारू ने सपरिवार उनके स्वस्थ होने पर छठ पूजा करने का संकल्प लिया। आज एक सिख के लिए सनातनी परिवार का यह स्नेह उदाहरण बना हुआ है और खरना का प्रसाद खाने के लिए दोनों समुदायों के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी जो श्री मथारु के सफल ऑपरेशन और स्वस्थ्य होने के लिए छठी मईया के प्रति आभार और श्रद्धा व्यक्त करने के लिए थी।

# गेहूं पिसाने के लिए चक्कियों पर लगी लाइन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महापर्व छठ का प्रसाद तैयार करने को लेकर बुधवार को गेहूं पिसाने के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न आटा चक्कियों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। कोकर, लालपुर, रातू रोड, बिरसा चौक, धुर्वा समेत शहर के सभी इलाकों में बुधवार को सिर्फ छठ का गेंहू ही पीसा गया। सुबह से ही सभी आटा चक्की पर लोगों की लंबी कतार देखी गयी। कई दुकानों में छठ की गेंहू की मुफ्त पिसाई का बोर्ड भी लगा था। गेंहू पीसने के लिए मिल मालिकों ने स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा था। पूरी चक्की की सफाई की गयी थी। गंगाजल से धोया गया, ताकि धार्मिक अनुष्ठान में कोई चूक न रह जाए। इन चक्कियों में किसी अन्य सामग्री की पिसाई नहीं की गयी।

### जगह-जगह लगाए गए हैं सहयोग शिविर

अर्घ्य देने के लिए जगह-जगह सामग्री वितरण के शिविर लगाए गए हैं। शिविर में गाय का कच्चा दूध और हवन सामग्री के लिए आम की लकड़ी, गोबर के उपले, धूप, अगरबत्ती, माचिस, धूमन आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं चाय-पानी वितरण के लिए भी शिविर लगाए जा रहे हैं। समितियों ने घाटों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की है।

# प्रशासनिक अधिकारियों की पत्नियों ने भी की छठ पूजा

**काजल मेहता**



छठ पर्व या षष्ठी पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला एक आस्था का बड़ा पर्व है। दिवाली के 6 दिनों बाद छठ पूजा होती है। इस साल छठ पूजा 5 नवम्बर से नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। 6 नवंबर बुधवार को खरना पूजा हुआ। आज 7 नवंबर गुरुवार को संध्या अर्घ्य अर्पित की जाएगी। वहीं प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ 8 नवम्बर को छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। पौराणिक कहानियों के अनुसार त्रेतायुग में माता सीता और द्वापर युग में द्रौपदी ने छठ पूजा व्रत रखकर सूर्यदेव को अर्घ्य किया था। बुजुर्गों और पूर्वजों के अनुसार छठ व्रत संतान प्राप्ति के लिए की जाती है। छठ महापर्व में परिवार के सभी सदस्य एकत्रित होकर महिला या पुरुष जो भी सदस्य व्रत करते हैं सभी के लिए कामनाएं करते हैं। लेकिन जब आप किसी पुलिस अधिकारी की पत्नी हो और छठ महापर्व पर आपके पति साथ ना रह पाते हो। आज का विषय अधिकारी की पत्नियों का छठ महापर्व है। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह से बातचीत की गयी है। वे खुद समाज कल्याण विभाग में कार्यरत हैं । उन्होंने बताया कि कितनी मुश्किलें होती है जब पति के साथ रहने की उम्मीद हो लेकिन पति अपने कर्तव्यों और जन सेवा में लगे रहते हैं।

### पति लोकतंत्र के महापर्व में करेंगे जनसेवा और मैं करूंगी छठ मां की सेवा

उन्होंने बताया कि मैं रांची में छठ पर्व कर रही हूं। जहां एक तरफ छठ महापर्व है वहीं दूसरी तरफ लोकतंत्र का महापर्व भी है जिसमें पति लगे हुए हैं। इस कारण पूजा में उनकी कमी खल रही है । लेकिन आसपास के परिवार के लोग छठ में शामिल होते हैं जिससे सभी का सहयोग मिल जाता है। उन्होंने कहा ऐसा नहीं है कि पति के पूजा में नहीं शामिल होने से तकलीफ नहीं होती है लेकिन उनके फर्ज के सामने बाधा बनना भी उचित नहीं है। कंचन सिंह ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से मैं लगातार छठ व्रत करती आ रही हूं लेकिन कभी भी मेरे पति चंदन कुमार सिन्हा पूरी तरीके से शामिल नहीं हो पाए। हालांकि मुझे आदत हो चुकी है क्योंकि वह भी जन सेवा कर रहे हैं और जन सेवा करना उनका कर्तव्य है। इसलिए उनके आसपास होना ही मेरे लिए काफी होता है। उन्होंने बताया की पति ऐसी सर्विस में है कुछ दिन इस जिले में तो कुछ दिन किसी और जिले में वक्त गुजरता है। उन्हें कभी भी कहीं भी जाना पड़ता है। ऐसे हालातों में दूसरे जिलों में छठ महापर्व करने में कई तरह की परेशानियां तो जाती है लेकिन छठ मां की कृपा बनी रहती है।

### पति करते हैं जनसेवा, इसलिए उनका आसपास होना ही काफी

कंचन सिंह ने बताया कि वह 2014 से ही छठ पूजा करती आ रही है। पहले ससुराल में सास संयुक्ता प्रसाद छठ किया करती थी, जिसके बाद जेठानी ने करना शुरू किया। फिर 2014 से वे खुद कर रही हैं। उन्होंने बताया कि छठ मां की आराधना करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती है। इसी के साथ छठ पर्व की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि छठ पूजा कि शुरूआत अपने पिताजी के कहने पर उन्होंने शुरू किया था क्योंकि जब उनके छोटे बेटे माधव का जन्म हुआ था। जन्म के बाद से ही बेटे की तबीयत काफी खराब रहने लगी थी, जिसके बाद कंचन सिंह के पिता ने इच्छा रखी थी कि माधव की तबीयत ठीक होने पर छठ मां की आराधना करेंगे। इसके बाद से उन्होंने देवघर से छठ पूजा की शुरूआत की। हालांकि चंदन कुमार सिन्हा पुलिस सर्विस में थे जिस कारण कंचन सिंह को पूजा में परेशानियां तो होती थी लेकिन परिवार का साथ शुरूआत से ही मिलते आया है।

### कंचन समाज कल्याण विभाग में हैं कार्यरत

कंचन सिंह समाज कल्याण विभाग में कार्यरत है जो खुद भी काफी व्यस्त रहती है। पति की व्यस्तता व अपने आप की व्यस्तता के बीच लगातार 10 वर्षों से छठ महापर्व करती आ रही हैं। उन्होंने कहा संभव तो नहीं हो पाता है लेकिन छठ मां के आशीर्वाद से सब आसान जरूर हो जाता है। कंचन सिंह की बहन अंजलि सिन्हा ने बताया कि बहनोई भले अपने जनसेवा में मग्न रहते है ताकि राजधानी में जनता अपने घरों के पर्व को शांति और अमन से मन सके। वहीं कंचन सिंह की देवरानी ने भी कहा छठ महापर्व में भाभी के घर आना और उनकी सहायता करना भी मां छठ की आराधना है।

### कंचन सिंह का संदेश

सभी लोग शांति और अमन के साथ छठ महापर्व की आराधना करें। साथ ही सभी को मंगलकामनाएं भी की।

# श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व पर निकली प्रभातफेरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के पर छठे दिन प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढ़ा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, नवीन मिढ़ा, आशु मिढ़ा, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा ,रेशमा गिरधर, मनजीत कौर, बबीता पपनेजा ने फेरी में बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा ने नानकु तिन कै संगि साथि वडिआ सिउ किआ रीस, जिथै नीच समालीअनि तिथै नदरि तेरी बखसीस। और त्रिभवणु खोजि ढंढोलिआ गुरमुखि खोजि निहालि, सतगुर मेलि मिलाइआ नानक सो प्रभ नालि। एवं जलीआ सभि सिआणपा उठी चलिआ रोइ, नानक नामि विसारिऐ दरि गइआ किआ होइ... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभात फेरी की अगुवाई की। गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से मंगल कामना की अरदास की। फेरी के समापन पर सत्संग सभा द्वारा चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि कल स्कूलों में छुट्टी होने से प्रभातफेरी में और अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मौके पर द्वारका दास मुंजाल, सुरेश मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, पंकज मिढ़ा, दिलीप सिंह, राकेश गिरधर, कुणाल चूचरा, कमल मुंजाल, जीतू काठपाल, कुलवंत सिंह, रमेश तेहरी, जितेश बेदी, दिनेश गाबा, हरविंदर सिंह, सूरज झंडई, विन्नी खत्री, पियूष मिढ़ा, प्रथम मिढ़ा, राकेश घई, छोटू सिंह, हरीश तेहरी सहित अन्य शामिल थे।

### आज / कल



## एक नजर

### मैकलुस्कीगंज से पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

**मैकलुस्कीगंज।** थाना क्षेत्र के हरहू बसरिया निर्माणाधीन पुल पर मजदूरों के साथ मारपीट करने के फरार पीएलएफआई उग्रवादी राजेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि पीएलएफआई उग्रवादियों ने 16 सितंबर को हरहू बसरिया पुल के निर्माण में लगे मजदूरों के साथ लेवी की मांग को लेकर मारपीट करने के साथ काम बंद करा दिया था। घटना के आलोक में मैकलुस्कीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पकड़ा गया उग्रवादी खलारी के महावीर नगर का निवासी है। पांच नवंबर की रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर राजेंद्र को उसके घर दबोच लिया। राजेंद्र यादव ने बताया कि क्षेत्र में काम करा रहे ठेकेदार का मोबाइल नंबर पीएलएफआई एरिया कमांडर कृष्णा यादव को उपलब्ध कराता था।

### छठ घाट और तालाब के बाहर मनोहारी विद्युत सज्जा होगी, बन रहे तोरणद्वार

**रांची।** राजधानी में छठ महापर्व की तैयारी में उल्लास का माहौल बन गया है। छठी मइया की महिमा वाले पारंपरिक गीत हर गली-मुहल्ले, चौराहे एवं मुख्य मार्ग पर सुनायी पड़ रहे हैं। छठ को लेकर शहर में चहल-पहल बढ़ी हुई है। हर कोई इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। शहर भर में एक हजार से अधिक स्वयंसेवी, धार्मिक एवं छठ पूजा समिति की ओर से तालाब, नदी, जलाशय के किनारे एवं पहुंच पथ पर सेवा सह सहायता शिविर लगाने की भी तैयारी चल रही है। वहीं, निगम की ओर से भी छठ घाट को तैयार करने के शेष काम को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है। कार्तिक माह की षष्ठी पर 7 नवंबर की शाम में जब व्रती निगम क्षेत्र के 72 तालाब, जलाशय व नदी के किनारे छठ घाट पर आदित्यदेव को अस्ताचलगामी अर्ध्य अर्पित करेंगे तो आसपास की आभा अलौकिक हो जाएगी।

### देवेंद्र महतो के लिए जयराम ने मांगा वोट

**सिल्ली।** सिल्ली विस क्षेत्र के पतराहातू स्कूल मैदान में मंगलवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा सिल्ली बदलाव महासभा की आयोजित की गई। चुनावी सभा में जेकेएलएम सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो ने सिल्ली विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। जयराम महतो ने कहा कि झारखंड नव निर्माण के लिए पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्रनाथ महतो को वोट दें। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद आज तक बनी सभी पार्टियों की सरकारों ने राज्य को लूटा है। उन्होंने सिल्ली के विकास पर वर्तमान विधायक की भी आलोचना की जयराम महतो ने कहा कि यदि हमारी पार्टी के उम्मीदवार निर्वाचित होकर विधायक बनते हैं तो वे अपने वेतन की 75 प्रतिशत राशि क्षेत्र की जनता में बांटेंगे।

# व्रतियों के लिए सजधज कर तैयार है खलारी का छठघाट



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी तथा कोयलांचल के छठ घाट छठव्रतियों के लिए सज धजकर तैयार हैं। क्षेत्र के कई सामाजिक संगठन, सीसीएल प्रबंधन व स्थानीय युवाओं द्वारा छठ घाटों की साफ सफाई की गई। एसीसी छठघाट, मोहननगर, लंबा धौड़ा, धमधमिया, खलारी बाजारटांड़ आदि छठघाटों को विद्युत लड़ियों तथा फूलों से सजाया गया है। कई जगह तालाब में भगवान भाष्कर की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। खलारी के एकमात्र चूरी स्थित स्थाई सूर्य मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। व्रतियों को घाट तक जाने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सड़कों पर झाड़ू भी लगाया गया है। कई संगठनों द्वारा व्रतियों को फल, दूध देने की भी तैयारी की गई है। घाटों पर छठव्रतियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। छठ पूजा समिति खलारी द्वारा एसीसी कालोनी स्थित विद्युत पोलों पर प्रकाश की व्यवस्था की गई है। इधर अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट ने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया तथा छठ पूजा समितियों को दिशा निर्देश दिए।

## खरना के साथ छठव्रतियों का निर्जला उपवास शुरू



खलारी। बुधवार को खरना के साथ ही छठव्रतियों का निर्जला उपवास शुरू हो गया। खरना के दिन भी व्रतियों ने सारा दिन उपवास रखा। खरना प्रसाद बनाने के लिए लोग सुबह से ही दूध, आम की लकड़ी आदि आवश्यक सामग्री जुटाने में लग गए थे। दोपहर बाद से आम की लकड़ी जलाकर नेम निष्ठा से खीर प्रसाद बनाया। अपराह्न में नदी तालाब के छठ घाट अथवा निकटवर्ती कुएं पर जाकर स्नान कर भगवान सूर्य को प्रणाम किया तथा घाट बांधने का विधान किया गया। घर आकर पूरे विधि विधान से खीर रूपी प्रसाद को भगवान सूर्य को भेंट किया और स्वयं भी ग्रहण किया। व्रतियों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद खीर प्रसाद स्वजनों तथा आसपास के लोगों को भी दिया गया। लोग छठव्रतियों के घर जा जाकर खीर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। पूरे क्षेत्र में छठ के गीत बजने शुरू हो गए हैं। गुरूवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को तथा शुक्रवार की सुबह उदयगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

## न्यूज | बॉक्स

### जनविरोधी सरकार की विदाई तय : संजय सेठ



**रांची।** केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को गोंदलीपोखर स्थित चुनाव कार्यालय में अनगड़ा प्रखंड स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के जन विरोधी नीतियों से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, बालू बाल्टी में सोना के दाम बिक रहा है। झारखंड से झामुमो कांग्रेस की जनविरोधी सरकार का विदाई तय है। राज्य में नारी शक्ति के आशीर्वाद से एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनते ही 11 दिसंबर से सभी महिलाओं के खाते में गोगो दीदी योजना के 2100-2100 रुपये डाले जाएंगे। कार्यक्रम को प्रत्याशी रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, अनुराधा मुंडा, माधुरी देवी, अनुपमा देवी, जानकी देवी, कुंती देवी, रोशन मुंडा, जलनाथ चौधरी ने भी संबोधित किया। मौके पर मनोज चौधरी, जगन्नाथ महतो, लालमणि देवी, प्रतिमा देवी, सुगंधा देवी, पार्वती देवी, नरेश साहू, गायत्री देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, रश्मि देवी, सुषमा देवी, रोशनी देवी, खुशबू देवी, किरण देवी और शकुंतला देवी आदि मौजूद थे।

### कुएं से मिला वृद्ध का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया रिम्स



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लमकाना गांव के जतरा टांड के समीप सड़क किनारे एक कच्चा कुंआ से एक अधेड़ का शव पुलिस बरामद किया। शव की पहचान बंधु लकड़ा 58 वर्ष गांव गढ़ा टोली, थाना भरनो, जिला गुमला निवासी के रूप में मृतक के पुत्र ने किया। मृतक के पुत्र दीपक लकड़ा ने बताया कि उसके पिता सोमवार को घर से अपनी बहन के यहां लमकाना गांव में सोहराई जतरा देखने के नाम निकले थे। जिनका शव बुधवार को ग्रामीणों इसी गांव के विशु उराईन के खेत में बनी कच्चे कुंए में देखा । इसी सूचना गांव की ईटा पंचायत पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व घाघरा पंचायत के मुखिया रमेश उरांव को दिया। जिसके बाद पूर्व मुखिया सह समाजसेवी बुधराम बाड़ा ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। बेड़ो पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाल कर पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर पुलिस मामले कि छानबीन कर जांच कर रही है।

### कल्पना सोरेन और इमरान प्रतापगढ़ी ने अजय नाथ शाहदेव के लिए किया चुनाव प्रचार



**रांची।** इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने आज हटिया विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। कल्पना सोरेन की सभा में उमड़ी भीड़ से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने का काम किया है। कार्यकर्ताओ और समर्थको को यह विश्वास है कि हटिया विधानसभा सीट से अजय नाथ शाहदेव जरूर जीत हासिल करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए अजय भैया को वोट करे। उन्होंने हेमंत सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता के हित में मईया सम्मान योजना, सावित्री बाई फूले योजना, किसानों की ऋण माफी, 200 यूनिट तक बिजली बिल की माफी तक किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा तक मईया सम्मान योजना की चौथी किश्त महिलाओं के खाते में चली जाएगी। दिसंबर से सम्मान राशि को 2500 प्रति माह हो जाएगी।

इंडी गठबंधन पर बिना अनुमति के चुनाव चिह्न इस्तेमाल का आरोप

## सीपीआई ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर की गठबंधन की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में चल रही जोरदार गहमागहमी के बीच एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसमें इंडिया गठबंधन पर बिना अनुमति के एक पार्टी के चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। इस मामले में सीपीआई (मार्क्सवादी) ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर गठबंधन की शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि झारखंड चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन का हिस्सा ना होने के बावजूद इस दल के सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा बिना अनुमति के पार्टी के चुनाव चिन्ह(हसिया-हथौड़ा और एक सितारा) का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बारे में सीपीआई के झारखंड राज्य सचिव ने बुधवार को पत्र लिखकर चुनाव आयोग के पास शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार को जब इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों ने रांची में अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया था, उस आयोजन में भी नेताओं के पीछे लगे होर्डिंग में सीपीआई(एम) का चुनाव चिन्ह लगा हुआ साफ दिखाई दे रहा था।

**सीपीआई(एम) बोली- लोग भ्रमित हो रहे :** अपनी शिकायत में सीपीआई (एम) ने बताया कि राज्य में 81 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है, और वह 9 सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रही है। पार्टी राज्य में इंडिया ब्लॉक में शामिल दलों के बीच सीट बंटवारे में भी शामिल नहीं है, लेकिन इसके बावजूद पार्टी के राज्य मुख्यालय को सभी जगह से सूचना मिल रही है कि कांग्रेस और झामुमो द्वारा चुनाव प्रचार में हमारे चुनाव चिह्न का उपयोग किया जा रहा है।

## खलारी की बेटी अर्चना सिंह के गाए छठी मईया के गीतों को पसंद कर रहे हैं लोग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी की बेटी अर्चना सिंह द्वारा गाए गए छठ मईया के गीतों को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। छठ पूजा के अवसर पर अर्चना सिंह के यू-ट्यूब पर रिलीज हुए गीत ह्यदर्शन दिहि दीनानाथह्य एवं ह्यउगही हे दीनानाथह्य धूम मचाए हुए है। अर्चना सिंह दिवंगत सेवानिवृत सीसीएलकर्मी कामदेव सिंह की पोती व केडी कालोनी निवासी सुधीर सिंह की पुत्री है। अर्चना सिंह ने बताया कि छठ पर्व जैसे पावन पर्व पर गाने को यूट्यूब पर रिलिज करने को लेकर काफी तैयारी की थी। उन्होने बताया कि रिलिज के साथ ही यूट्यूब पर उनके गाने को काफी पंसद किया जा रहा है। काफी संख्या में संगीत प्रेमी गानों को सुन व वीडियो देखकर लाइक एवं कमेंट कर रहे है। बताया कि गानों की शूटिंग छठ पूजा से पूर्व कर ली गई थी। उनके गानों में म्यूजिक चंदन पोद्दार ने दिया है और वीडियो रंजीत कुमार द्वारा फिल्माया गया है। गीत राजेश श्रीवास्तव के हैं तथा निर्देशन दीपक शर्मा ने किया है। प्रोड्यूसर सुजय सिंह ने एएस फिल्मस के बैनर तले इस वीडियो का निर्माण कराया है। छठ पर्व पर जारी हुए अर्चना के गीतों को खलारी कोयलांचल में काफी सराहा जा रहा है। लोगों ने संगीत के क्षेत्र में अर्चना के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

खलारी के दूरस्थ बूथों पर अपराह्न 4 बजे तक ही होगा मतदान

## जेनरल आब्जर्वर ने निरीक्षण व समीक्षा के बाद दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
कांके विधानसभा के जेनरल आबजर्बर ने प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार के साथ प्रखंड के दूरस्थ मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में वे मतदान केंद्र संख्या 14 (दुल्ली), 6, 7 व 8 (विश्रामपुर), 58 (डुन्डू) तथा 59 व 60 (बमने) का निरीक्षण किए। इसके बाद प्रखंड कार्यालय आकर सभी बूथों की समीक्षा किए। बताया गया कि इन बूथों के दूरस्थ होने, प्रकाष व सुरक्षा कारणों से सुबह 7 से अपराह्न 4 बजे तक ही मतदान होगा। जबकि अन्य बूथों पर शाम 5 बजे तक मतदान होना है। निरीक्षण के बाद जेनरल आबजर्बर बूथों पर व्यवस्था देख संतुष्ट हुए। समीक्षा के बाद आबजर्बर द्वारा मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के जानकारी संबंधी दीवाल लेखन को लेकर तथा अन्य आवष्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह भी साथ थे।

## अपनी अस्मिता बचाने के लिए 1932 की स्थानीय नीति जरूरी : कल्पना



**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**
झामुमो की स्टार प्रचारक और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को सोनाहातू के बांकू स्थित राधारानी मैदान में झामुमो सिल्ली के प्रत्याशी अमित महतो के पक्ष में चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि अपनी अस्मिता को बचाने के लिए राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति जरूरी है। एनडीए सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनावी मौसम में कई बाहरी लोग आकर जनता को ठगने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये लौटा दे, यही सबसे बड़ा एहसान होगा। कल्पना सोरेन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में हेमंत सोरेन की उपलब्धियां को गिनाते हुए, सात गारंटी पेश करते हुए पुनः झामुमो की सरकार बनाने के लिए सिल्ली से अमित महतो को वोट देने की अपील की। हेमंत सोरेन की सरकार ने समाज के हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाया है। लेकिन केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को परेशान करने का एक भी मौका नहीं छोड़ा है। मंईयां सम्मान योजना ने राज्य की आधी आबादी को सम्मान दिया है। आदिवासी मूलवासी के हक अधिकार के लिया हमेशा आवाज उठाई। वहीं झामुमो प्रत्याशी अमित महतो ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान हेमंत सोरेन की सरकार के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। मौके पर पूर्व विधायक सीमा देवी, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, गोकुल महतो, मृत्युंजय महतो समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।

भाजपा का सिल्ली में विधानसभा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

## बूथ जीत कर ही चुनाव जीता जा सकता है : डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
बुधवार को पतराहातू में भाजपा का सिल्ली विधानसभा स्तरीय चुनाव संचालन समिति की बैठक ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा कि मैंने बूथ स्तर से अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत किया हैं। मजबूत इच्छाशक्ति से अगर कार्यकर्ता काम करें तो किसी भी चुनाव को जितना नामुमकिन नहीं। भाजपा के कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जब केंद्रीय नेतृत्व ने गठबंधन धर्म निभाते हुए एनडीए का संयुक्त उम्मीदवार तय कर दिया तो हमारी जिम्मेवारी बनती है की हम अपने गठबंधन के प्रत्याशी सुदेश कुमार महतो को भारी मतों से जीत दिलाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए हर एक मतदाता के पास जाकर वर्तमान राज्य सरकार की खामियों को बताने तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाने की आवश्यकता है।वहीं भाजपा के संकल्प को बतायें। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ राजाराम महतो, विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल, प्रताप कुशवाहा, उमेश महतो, विस्तारक धनंजय पांडे, भगीरथ महतो, अम्बुज रजक, चित्तरंजन महतो, पदलोचन महतो, खगेश महतो, वीणा देवी, रघुवीर महतो, हरिहर महतो, शंकर भगत, दिलेश्वर कोईरी, शिवलाल महतो, परीक्षित मंडल, मेघनाथ महतो, गोवर्धन महतो, मनोज, कमला देवी, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

निर्वाचन आयोग से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल, कहा

## शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना हम सभी की जिम्मेदारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी के. रवि कुमार से मुलाकात की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में शामिल प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि जागरूकता अभियान के माध्यम से राज्य में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखण्ड चैम्बर जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक अपने जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स, संबद्ध संस्थाओं और सभी प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस बार एक भी मतदाता छूटे नहीं। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य चुनाव आयोग के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के साथ मिलकर अपने अभियान का व्यापक स्तर पर करने की इच्छा जताई। जागरूकता अभियान के तहत चैम्बर ने मतदाताओं को उनकी भागीदारी के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए विभागीय अधिकारियों के सहयोग से कार्यशाला/ बैठकों का आयोजन करने, प्रशासन के सहयोग से जमीनी स्तर पर आउटरीच गतिविधियों का आयोजन करने की बात भी कही।

खरना के साथ ही 36 घंटे का छठव्रतियों का कठिन निर्जला व्रत शुरू

## छठ व्रतियों ने ग्रहण किया खरना का प्रसाद, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के खुखरा, तुको, खत्रीखटंगा, मुरतो, पकलमेढ़ी, ईंटाचिल्द्री, जरिया, हरिहरपुर जामटोली, बिरनीबेड़ा, जमनी व नेहालु समेत दर्जनों गांव के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक आस्था के चार दिवसीय अनुष्ठान छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को खरना का प्रसाद ग्रहण के साथ ही छठव्रतियों का 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू हो गया। जहां गुरुवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। अर्घ्य के लिए ठेकुआ का प्रसाद तैयार किया जाएगा। फिर उसे सूप में फल -फूल और पूजन सामग्रियों के साथ सजाया जाएगा। शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व की समाप्ति हो जाएगी। चार दिवसीय छठमहापर्व पूजा अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को खरना' पूजा कर छठ व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं छठव्रतधारियों ने दिनभर निराहार व निर्जला उपवास रहकर सूर्यास्त के उपरान्त चन्द्र को अर्घ्य देकर शाम में खरना का प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही छठ माता को केले के पत्ते पर प्रसाद निवेदित कर व्रतधारी व स्वजनों ने प्रणाम कर छठी मईया से आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात व्रतियों ने अपने मित्रों, सगे-संबंधियों के बीच खरना के खीर का प्रसाद का वितरण किया। श्रद्धालुओं ने एक दूसरे के घरों में जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व छठव्रती उपवास रह कर के नए चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर गाय के दूध, अरवा चावल व गुड़ से बनी खीर व रोटी का प्रसाद बनाकर शाम में छठी मइया की पूजा कर उन्हें प्रसाद निवेदित किया।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री यशवंत सिन्हा ने किया अटल विचार मंच कार्यालय का उद्घाटन

**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत मांडू विधानसभा के अटल विचार मंच के निर्दलीय प्रत्याशी विपिन सिन्हा ने चेडरा अवस्थित करंज मोड में चुनाव को संचालित करने हेतु कार्यालय खोला , जिसका उद्घाटन पूर्व वित्त मंत्री , विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने किया । कार्यालय उद्घाटन के तदोपरांत श्री सिन्हा ने जनता और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा , विष्णुगढ़ की जनता हमेशा मुझे अपना स्नेह दी है । मैंने इस क्षेत्र को विकसित किया, जब तक मैं जीवित हूं , विष्णुगढ़ की धरती को मैं नहीं छोडूंगा । आगे श्री सिन्हा ने कहा जब प्रखंड के गांव में पक्की सड़के नहीं होती थी । प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हर जगह सड़के बनवाई , प्रखंड में बिजली की किल्लत को देखते हुए मैंने दामोदर घाटी निगम से बिजली मुहैया करवाया ।

### वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र के जरिए मतदाता कर सकते हैं मताधिकार का प्रयोग

**कोडरमा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के मुताबिक मतदाताओं से मतदान स्थल पर मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने अपनी मतदाता फोटो पहचान पत्र दिखाने होंगे। ऐसे मतदाता जो अपनी मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र ,राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लि द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र में कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

### कोडरमा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चितः राणा

**झुमरी तिलैया।** इंडिया गठबंधन का साझा प्रेस वार्ता मंगलवार को स्थानीय अशोका होटल में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य रूप में राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, गंगा प्रसाद यादव आदि मुख्य रूप रूप से उपस्थित थे। प्रेस वार्ता में गौतम सागर राणा ने कहा कि कोडरमा विधानसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुभाष यादव की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि कोडरमा की जनता अब बदलाव चाहती है। वहीं झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन के गद्दी पर बढ़ते हीं देश-दुनिया के साथ झारखंड में भी कोरोना बीमारी का महामारी आया, जो लगभग तीन साल सहा, बाकी जो समय बचा उसमें ओबीसी को 27 प्रतिशत व एसटी-एससी को आरक्षण विधानसभा में पारित किया।

सांसद मनीष संग प्रदीप ने चलाया 23 गांवों में जनसंपर्क

# सदर विधानसभा से बीजेपी को हैट्रिक जीत दिलाएं : मनीष जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सांसद मनीष जायसवाल के साथ सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बुधवार को सघन चुनाव प्रचार किया। सदर प्रखंड के 23 गांवों में ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर दोनों नेताओं ने बीजेपी के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को कमल निशान पर मतदान करने का अपील किया। सांसद मनीष जायसवाल और बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने अपने चुनावी दौरे की शुरूआत सुबह ग्राम पंचायत ओरिया से किया। ग्राम ओरिया के बाद बिरबीर, बेलामुण्डवार , सखिया, बहेरी, गुडवा, कानी मुंडवार, सितागढ़ा, जुलजुल चौक और दुग्धा मोड़, बंगलवाटांड़ , गुरहेत, धवैया , बहोरनपुर , चंदवार, रेवार, चोरहेता, मरहेता, पौता , तुरांव, मोरांगी, हत्यारी और तुम्बा पहुंचकर लोगों से भाजपा शासित केंद्र सरकार और विभिन्न राज्यों की भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और झारखंड के वर्तमान झामुमो- कांग्रेस और राजद की भ्रष्ट गठबंधन सरकार की नाकामियों को रखते हुए झारखंड की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के लिए बदलाव का संकल्प लेने का अपील किया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का क्षेत्र के लोगों ने बाइक जत्थे के साथ फूल माला पहनाकर गाजा- बाजा के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी को हैट्रिक जीत दिलाई और क्षेत्र के विकास को गति देने के साथ सच्चे और अच्छे जनप्रतिनिधि का चयन कर अपने भविष्य को सुरक्षित करें। सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने लोगों से अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा और कहा की सेवा और सम्मान के साथ नेता नहीं बेटा और भाई बनकर सदा आपके सेवा में हाजिर रहूंगा, बस मौका जरूर दें । मौके पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, भेखलाल राणा, अनमोल साव, सिलीनी, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया झंडा लगाओ अभियान

# झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को जिताने का लोगों ने लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत पंचायत झुरझुरी के ग्राम गुंजरा स्थित बूथ संख्या 174 और 175 के गुंजरा रोड साइड स्थित रविदास टोला, गुप्ता टोला, यादव टोला वहीं सकरेज गांव के रोड साइड स्थित रविदास टोला और चटनियाँ सिंघा आदिवासी टोला, मुस्लिम टोला में झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ताओं के घर-घर में पार्टी का झंडा लगाया गया। वहीं झामुमो पंचायत अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद, वार्ड सदस्य सहदेव प्रसाद, नकुल प्रसाद, प्रमोद दास और जीतू राज के नेतृत्व में झुरझुरी के यादव टोला में झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में डोर टू डोर मतदाताओं के घर जाकर प्रचार अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों ने बरकट्ठा विधानसभा इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को जिताने का संकल्प लिया। इस अभियान में झामुमो के कार्यकर्त्ता विजय दास, कृष्णा यादव, राजेश उर्फ गुड्डु, सोनू गोप, शिवलाल मांझी, सुनील दास, दीपक दास, शंकर दास, बिट्टू यादव, सुरेश दास, छोटी दास, राजू दास, मो हुसैन, इशाक अंसारी, हबीब अंसारी समेत आदि लोग शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### भाजपा प्रत्याशी अमित यादव ने जन आशीर्वाद यात्रा निकालकर मांगा समर्थन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव ने जनआशिर्वाद यात्रा निकाली।इस दौरान उन्होंने बरकनगांगों, चुगलामो, गैड़ा में मतदाताओं से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि क्रम संख्या 1 के कमल फूल छाप पर वोट देकर मोदी जी के हाथों को और मजबूत करें। कहा कि झारखंड में विकास की धीमी रफ्तार को सिर्फ डबल इंजन की सरकार ही गति प्रदान कर सकती है। झारखंड में भाजपा की सरकार अति आवश्यक है। बरकट्ठा विधानसभा में चुनाव मैं नहीं लड़ रहा, यह बरकट्ठा विधानसभा की जनता लड़ रही है। जन आशीर्वाद यात्रा में पूर्व प्रमुख रामलखन मेहता,अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, छोटेलाल मेहता, अपराजिता चौधरी, बिंदु सोनी, टुकलाल नायक, दिलीप सिंह, रवि पासवान आदि लोग शामिल थे।

### बरकट्ठा विधान सभा में 13 नवंबर को 389023 लाख मतदाता करेंगे मतदान




**बरकट्ठा।** प्रथम चरण का नामांकन समाप्त होते ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से 20 प्रत्याशी जनसंपर्क में जुट चुके है।वहीं मतदाता खामोशी से प्रत्याशियों का मूल्यांकन कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता अपने अपने प्रत्याशियों के जीत का दावा करते नजर आ रहे है। मालूम हो कि बरकट्ठा विधानसभा के 470 बूथों पर 389023 लाख वोटर मतदान में हिस्सा लेंगे। इनमें 198915 पुरुष, 189338 महिला, दो थर्ड जेंडर, 768 सेवा मतदाता हैं।पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को है।बरकट्ठा विधानसभा से 20 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।इसमें राष्ट्रीय पार्टी भाजपा से अमित कुमार यादव,सीपीआई से महादेव राम, क्षेत्रीय पार्टी झामुमो से जानकी प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से राजकुमार यादव, जेएलकेएम से महेंद्र प्रसाद,एनसीपी से सुखदेव यादव, लोकहित अधिकार पार्टी से कुमकुम देवी, निर्दलीय बटेश्वर मेहता,सीके पांडेय, उमेश यादव समेत 20 प्रतयाशी चुनावी मैदान में डटे है। देखना दिलचस्प होगा कि कितने प्रत्याशी चुनावी मैदान में डटे रहते है। इस बार बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव रोमांचित करने वाला है। वजह यह है कि भाजपा से आस लगाए कुमकुम देवी, बटेश्वर प्रसाद मेहता, सुरेंद्र मोदी और अनूप चंद्रवंशी को टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर पार्टी से बगावत कर चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। कुमकुम देवी भाजपा छोड़ लोकहित अधिकार पार्टी का झंडा थाम लिया है।

### पुलिस ने अभियान चलाकर 100 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट



**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं नशामुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान बरलंगा थाना के ग्राम हारूबेरा में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 100 किग्रा बरामद हुआ। जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 7,000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में बरलंगा थाना में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

राज्यहित व लोकहित के लिए विवेकपूर्ण तरीकों से मतदान करें

# मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, हमारा हर एक मत लोकतंत्र की रीढ़ है : निदेशक



❑ जनता के सामने अगले पांच वर्ष के लिए लोकप्रिय शिक्षित, कर्मठ और निष्पक्ष जनप्रतिनिधि चुनना एक चुनौती है

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
जहां न जाए रवि वहां पहुंचे कवि, यह लोकोक्ति तो आपने सुना ही होगा पर चुनावी मौसम में इसे नेताओ के लिए चरितार्थ बताया जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए. उक्त बाते सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने कही. उन्होंने बताया कि अपने पांच वर्षों के शासन काल में जिस नेता ने जनता की सूझ तक नहीं लिया वहीं चुनावी मौसम में एक मात्र आहट पर बिन बुलाए पहुंचने से भी बाज भी आते है. ऐशो आराम की जिंदगी से कोसो दूर सुरक्षा की बैरिकेटिंग तोड़कर भी जनता से मिलने के लिए ललायित होते है. इन्हें न तो खाने की चिंता है न ही आराम की, इन्हे तो बस अपने वोट बैंक की चिंता है. तभी तो चुनावी मौसम में जनता के लेसमात्र दुख की सूचना मिलते ही पूरे लाव लश्कर के साथ हमदर्द बनकर घड़ियाली आंसू बहाते हुए तत्काल मदद कर मीडिया में छाने को आतुर हो जाते है. ऐसे स्वार्थ सिद्ध नेताओं को परखने की आवश्यकता है. जनता के सामने अगले पांच वर्ष के लिए लोकप्रिय शिक्षित, कर्मठ और निष्पक्ष जनप्रतिनिधि चुनना एक चुनौती है. ऐसे में एक दिन का बहुमूल्य अवसर जनता के पास है. जिसे बहुत ही बारीकी से समझने की आवश्यकता है. वैसे नेता का चयन करे जो लोकहीत के लिए निष्पक्ष व निर्भीक रूप से समर्पित रहा हो. जनता के एक आवाज पर हर सुख दुख में भागीदारी निभाया हो. जिसके द्वार पर हर एक लोगो का भाव और सम्मान मिलता हो. जुझारू और कर्मठ हो, जिसे नीति और रीति दोनो का पूरा ज्ञान हो. ऐसे तथ्यों को विवेकपूर्ण तरीको से सोचे और राज्यहित और जनहित के लिए मतदान अवश्य करें.

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी ने की प्रेस वार्ता

# भारतीय जनता पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र की दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय में बुधवार को भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री व हजारीबाग लोकसभा कलस्टर प्रमुख ओम प्रकाश चौधरी ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने उन्होंने चुनाव घोषणा पत्र के पंच प्रण के संबंध में जानकारी दी और बताया कि राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार के पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर गोगो दीदी योजना के अन्तर्गत 2100 रूपए महीने कीुल्ल 11 तारीख को महिलाओं के बैंक अकाउंट में भेज दिया जाएगा। वहीं, पूर्व की रघुवर दास सरकार के समय में 50 लाख की संपत्ति पर महिला के नाम 1 रूपए में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को पुनः शुरू की जाएगी। कहा कि वृद्ध, विधवा और दिव्यांगों के लिए 2500 रूपए तक मासिक पेंशन, पीएम आवास योजना के तहत 21 लाख घरो का निर्माण होगा। रोजगार सृजन के लिए झारखंड इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग से 5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना और 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करना है। श्री चौधरी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार युवाओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के सुनहरे सपने दिखाए कर ठगने का काम किया है।

पुलिस ने किया विदेशी शराब से लदा ट्रक व गांजा जब्त

# चालक व उपचालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल जेल



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते रात मंगलवार के बरही पुलिस ने हजारीबाग रोड स्थित युवराज होटल के पास से विदेशी शराब और गांजा लदा ट्रक संख्या जेएच 02पी-5433 जब्त किया गया. इस दौरान खिनहर थाना व जिला मधुबनी (बिहार) निवासी 55 वर्षीय ट्रक चालक बिरेन्द्र मिश्रा पिता स्व प्रदीप मिश्रा और सकिन फुलेपुर थाना अठमलगोला जिला पटना (बिहार) निवासी 45 वर्षीय उपचालक पप्पु कुमार सिंह पिता चंचल प्रसाद को विधिवत गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया. उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर आभास कुमार ने दी. जारी बयान के अनुसार उक्त कारवाई मंगलवार की रात्रि साढ़े नौ बजे की गई. जिसमे जांच के दौरान उक्त ट्रक के केबिन से अवैध अग्रेजी शराब के 16 बैंग जिसमे विदेशी शराब से भरा कुल 768 बोतल जब्त किया गया. जब्त किए गए शराब के बोतल में प्राईट 375 मिली के 25 पेटी इम्पेरियल ब्लू नामका शराब की बोतले शामिल है. प्रत्येक पेटी में 750 मिली के 12 बोतल सहित कुल 300 बोतल पाए गए हैं. मामले को लेकर बीएनएस की धारा 274/275/ 292/ 317(5)/3(5) एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत बरही थाना कांड संख्या 441/24 दर्ज की गई है. थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध धंधे के खिलाफ बरही पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# ममता देवी जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित हैं : बजरंग महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के पोटमदगा पंचायत में बुधवार को कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को संगठित और प्रेरित करना था। बजरंग महतो ने अपने संबोधन में कहा कि ममता देवी जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि वे एकजुट होकर ममता देवी की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरे उत्साह के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि ममता देवी की जीत से रामगढ़ में विकास की नई शुरूआत होगी और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में प्रखंड और पंचायत स्तर के सभी प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने ममता देवी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दोहराया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में चुनावी रणनीतियों और जनसंपर्क अभियान की योजनाओं पर भी चर्चा की।

# तल्ख हुए प्रत्याशियों के चुनावी मिजाज, जीत को लेकर कार्यकर्ता का अभियान जारों पर



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मतदान की तिथि नजदीक आते ही चुनावी जंग जोर पर है. चारो ओर सिर्फ चुनावी शोर है. हर एक उम्मीदवार स्वयं को चहुं ओर बता रहे है. मतदान किस ओर करे, मतदाता दिग्भ्रमित है. 13 नवंबर को बरही विस में मतदान होना है. ऐसे में भाजपा, कांग्रेस और सपा उम्मीदवारों का दौरा चरम पर है. सभी एक दूसरे पर दोषारोपण कर खुद को बेहतर साबित कर एक मौका की राह देख रहे है. बरही विस से सपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव कांग्रेस पार्टी व अपने कुछ कार्यकर्ताओं पर विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए जनता से वोट मांग रहे हैं. आरोप है कि एक षड्यंत्र के तहत कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने सच्चाई छिपाते हुए झूठी घोषणा कर बरही सीट को करोड़ों रुपए में बेचवाने में मदद किया. जिसे नामांकन तिथि के अंतिम दिन के पूर्व रात्रि में उन्हे सूचना देकर उन्हें चुनाव से दूर रखने का प्रयास किया गया. जनता की सलाह पर उन्होंने सपा की साइकिल पर जनता की अदालत में आया हूं. जनसंपर्क के दौरान श्री अकेला मतदाताओं को अपने क्षेत्र में किए कार्यों का बखान करते हुए अपने अधूरे कार्य योजना पूरा करने के लिए एक मौका फिर से मांग रहे है. इस दौरान मतदाताओं के मिल रहे समर्थन से उनके हौसले बुलंद है और पुनः वापसी को लेकर आश्वस्त दिख रहे हैं. बरही विस से भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मोदी के रथ पर सवार हो अपने कार्यकाल की उपलब्धियों से मतदाता का दिल जीतने का प्रयास कर रहे है. जिनका स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल का भरपूर सहयोग मिल रहा है. निवर्तमान विधायक सह सपा प्रत्याशी पर नशीले पदार्थ के व्यापार सहित भ्रष्टाचारी बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को तुम तो ठहरे परदेसी का आरोप लगाया है. भाजपा प्रत्याशी ने बरही विस में डबल इंजिन की सरकार स्थापित कर बरही का द्रुत गति से विकास करने के लिए लगातार तूफानी दौरा कर रहे है.

# कुश-क्रांतिदर्शी योग में प्रमाण पत्र का वितरण समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कुश-क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुश-क्रांतिदर्शी के संस्थापक आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए प्रशिक्षुओं सह चिकित्सकों को प्रशिक्षण एवं अनुभव प्रमाण पत्र आचार्य मनोज कुशवाहा एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सहायक व्याख्याता रंजीत कुमार के द्वारा दिया गया । प्रमाण पत्र पाने वालों में महादीन दयाल भास्कर, क्रांति कुमारी, रोहित रंजन, पिंकी बेसरा, भारती कुमारी, अनामिका सिन्हा, अश्विनी कुमार, मुकुंद हेंब्रोम, सुखदेव हेंब्रोम, बासमती मुर्मू, संदीप कुशवाहा, मनमोहित कुमार शामिल थे। इस अवसर पर आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा कि मुझे इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है की वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में मैं अब अकेला नहीं रहा, मेरे साथ अब चिकित्सकों की पूरी टीम है, जो दवा मुक्त भारत बनाने के मेरे अभियान में मेरे साथ है। आयोजन का समापन ईश्वरीय चिकित्सा पद्धति 'अपनाएं और स्वतः ठीक हो जाएं' के नारे के साथ किया गया।

अंतरराज्यीय डाकगढ़ा चेक पोस्ट पर एक वाहन से 1 लाख बरामद

# दंडाधिकारी व थाना प्रभारी ने दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तर्राज्जीय डाकगढ़ा चेक पोस्ट पर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में 5 नवंबर को बंगाल की ओर से आर रामगढ़ आ रही एक वाहन चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस बल को वाहन चेकिंग करता देख वाहन को तेज गति से भगाने लगा। जिसका पीछा कर वाहन को पकड़ा गया। इस सम्बन्ध में जानकारी बुधवार को दंडाधिकारी हरेंद्र मरांडी, कमल भगत एवं बरलंगा थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दी गई । बताया कि वाहन हुंडिया एक्सटर जिसका रजि नं0-डब्लूबी56भी-8274 की तलाशी लेने पर ड्राईवर साईड वाले सिट के पीछे सिट में काले रंग के हैंड बैग में 500 रूपया का 200 पीस कुल 1,00,000/- (एक लाख) रूपया बरामद हुआ। वाहन चालक श्याम सुन्दर साव, उम्र 34 वर्ष, पिता-अहीर साव, ग्राम-डिमु, थाना-कोटशिला, जिला-पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) से बरामद पैसे के संबंध में पूछताछ किया गया तथा वैध कागजात की मांग करने पर चालक द्वारा न कोई वैध कागजात प्रस्तुत किया गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। अन्तर्राज्जीय डाकगढ़ा चेक पोस्ट पर उपस्थित दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा अवरोधन सूची बनाकर 1,00,000/- (एक लाख) रूपया को अवरोधन किया गया। इस संबंध में बरलंगा थाना में सनहा दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु लगातार सभी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सघन रूप से वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया जा रहा है।

# मतदान केंद्रों में सुविधा बहाल करने को लेकर डीसी ने अधिकारियों से की बैठक






नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव -2024 के मद्देनजर सभी मतदान केंद्र में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी उपलब्ध कराने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी से प्रखंड वार चुनाव से संबंधित किये गये तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त रोशनी, फर्नीचर, मतदान केंद्र का दिवाला लेखन सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने से संबंधित कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही व्हील चेयर से आने वाले पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था, हेल्प डेस्क, स्वयं सेवक, साइन बोर्ड की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया।उन्होंने ने वोटर इनफॉरमेशन स्लिप एवं मतदाता मार्गदर्शिका पत्रिका का वितरण संबंधी कार्यों की समीक्षा किया। इस क्रम में उन्होंने सात प्रतिशत मतदाताओं के बीच वोटर इनफॉरमेशन स्लिप एवं मतदाता मार्गदर्शिका पत्रिका का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने P-1 दिन मैं ही मतदान कक्ष का लेआउट कर देने की बात कहीं। जिस मतदान केंद्र में दो मतदान कर्मी महिला है वहां पर पहले से ही एक शौचालय का चिन्हित करेंगे। जिस मतदान केंद्र में विद्युत की व्यवस्था नहीं है वहां के लिए दो जनरेटर की पहले से व्यवस्था करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने सेक्टर एवं कलेक्टर की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने मतदाताओं के बीच जागरूकता लाने के लिए स्वीप एक्टिविटी के तहत बूथ निरीक्षण के दौरान चुनाव पाठशाला व संध्या चौपाल का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने की बात कहीं।मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# नप के सफाई मित्रों ने मतदान करने को लेकर ली शपथ




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** नगर भवन सिमडेगा में नगर परिषद के सफाई मित्रों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया साथ ही मतदान के लिए पुरे गांव एवं परिवार के लोगों को जागरूक करने की बात कही।मौके पर नगर परिषद के नगर प्रशासक समीर बोदरा मुख्य रूप से उपस्थित थे उन्होंने सफाई मित्रों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए पुरे परिवार संग जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर है उन्हें मतदान देने की बात कही। उन्होंने ने कहा आप अपने कीमती बोट से अपने मनपसंद उम्मीदवार को विधायक या मनपसंद सरकार बना सकते हैं।यह सुंदर मौका पांच साल बाद आता है इसे व्यर्थ में जाने ना दें आप जरूर से जरूर मतदान करें. उन्होंने ने उपस्थित सफाई कर्मियों को इसे महा पर्व के रूप में मनाने की बात कही।मौके पर सभी सफाई मित्रों ने चक्रीय विकास संस्थान के कलाकारों के साथ मतदाता जागरूकता गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया किया.उपस्थित सफाई कर्मियों को मतदान करने के लिए उन्हें शपथ भी दिलाई गई.साथ ही 13 नंवबर को बिना लोभ लालच के अपने विवेक से वोट करने की बात कही गई।मौके पर सिटी मैनेजर अर्पण इंदवार, चक्रीय विकास संस्थान निदेशक सत्यव्रत ठाकुर,एवं कलाकारों में मुख्य रूप से फूलमती कुमारी,सलीमा डूंगडुंग, बिनीता डूंगडूंग, ममता कुमारी, खिलेश्वर सिंह, सोनू बड़ाईक,कार्यक्रम को सफल बनाने में बीरु यादव, रिक्की, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा प्रभारी बबन गुप्ता ने विधानसभा चुनाव में झोंकी ताकत

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला के संगठन प्रभारी बबन गुप्ता विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार 2 महीना से सिमडेगा जिला का सभी क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। बुधवार को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दो महीना के अंदर से मिलेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर कार्य किया गया दोनों विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की जीत होगी।उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में भी पारदर्शिता बरती गई है जिसका लाभ चुनाव में होगी। उन्होंने कहा कि सिमडेगा क्षेत्र में भौगोलिक दृष्टिकोण से पिछड़ा है यहां का विधायक पूरी तरह से नाकाम है और यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। आज विधायक के कार्यक्रमों में लोगों का भीड़ नहीं आता है जिससे साफ जाए रहे की जनता बदलाव के मूड में है और इस चुनाव में दोनों ही सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में काम करने की वजह से झारखंड पार्टी एवं कांग्रेस के कई बड़े कार्यकर्ता भाजपा के संपर्क में है और इसका लाभ भाजपा को मिलेगी ।उन्होंने कहा कि जिस विश्वास और जी मेहनत के साथ लगातार सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा के सीटों पर काम किया गया है ।इससे महागठबंधन की करारी हार निश्चित है और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही सीटों पर जीत दर्ज करते हुए झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

# सरकार बनने के बाद सिमडेगा में रेलवे लाइन व मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना : केदार

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला कार्यालय में बुधवार को भाजपा क्लस्टर प्रभारी छत्तीसगढ़ के वन पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप एवं पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने संयुक्त रूप से प्रदेश भाजपा के निर्देश पर संकल्प पत्र के निमित्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर उन्होंने कहां की कि राज्य में जिस तरह से खनिज संपदा की लूट हो रही है और खनन माफिया जिस तरह से खनन संपदा का दोहन कर रहे हैं, उसे रोकने के साथ-साथ गरीबों और शोषितों के उत्थान के लिए भाजपा संकल्प पत्र के रूप में कार्ययोजना तैयार की गई है यह सिर्फ संकल्प नहीं बल्कि पीएम मोदी की गारंटी है जिसे तय समय सीमा के अंदर पूरा किया जाएगा।हेमंत सरकार भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ी है, अब इस सरकार के अंतिम दिन आ गए हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में चार वर्गों को विशेष रूप से ध्यान रखा गया है जिसमें की महिला बेरोजगार युवा तथा गरीबों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।बीजेपी ने झारखंड में महिलाओं के लिए 'गोगो दीदी योजना' शुरू करने की बात कही है। सरकार बनने पर हर महीने की 11 तारीख को महिलाओं को 2100 रुपये सरकार बनने पर मिलेगा। वहीं दीपावली और रक्षाबंधन पर एक-एक गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेगा और 500 रुपये की कीमत पर गैस सिलेंडर दिया जाएगा। भाजपा ने झारखंड में 5 लाख रोजगार के अवसरों का सृजन करने की बात कही है। वहीं 3 लाख सरकारी पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्ती करने की बात कही है।झारखंड में बेरोजगार युवाओं को 2 हजार रुपये हर महीने देंगे। वहीं हर गरीब को पक्का मकान देने का भी वादा बीजेपी ने किया है।ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा, "घुसपैठियों को पनाह दी है। घुसपैठियों में हेमंत सोरेन को अपना वोट बैंक दिखाई देता है। इस राज्य में घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है।उन्होंने कहा भाजपा सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी। असम में भाजपा सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है। हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे।उन्होंने किसानों के लिए 3100 न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ धान की खरीदारी जिले में कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य मेडिकल कॉलेज की स्थापना, सिमडेगा शहर को राजधानी रांची रेलवे लाइन से जोड़ने एवं धार्मिक स्थलों को एक इको फ्रेंडली टूरिज्म के रूप में विकसित करने से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पुर्व मंत्री बिमला,प्रधान, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक,जिला प्रभारी बब्बन गुप्ता,मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, ओबीसी जिला अध्यक्ष शंभू प्रसाद कार्यालय प्रभारी श्री लाल शाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बानो प्रखंड मुख्यालय में झामुमो का चुनावी कार्यालय खुला

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को झामुमो पार्टी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया।कार्यालय का उद्घाटन में झामुमो जिलाध्यक्ष सिमडेगा के अनिल कंडुलना,जिला सचिव सफीक खान,झामुमो बानो प्रखंड अध्यक्ष बिरजो कंडुलना,प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, कांग्रेस जिला महासचिव जगदीश बागे,झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।झामुमो सिमडेगा जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने लोगों से तोरपा विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी सुदीप गुड़ीया के पक्ष में वोट करने की अपील की।वहीं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर झामुमो के पक्ष में आम जनता से वोट मांगने की अपील की।उन्होंने पिछले पांच साल की उपलब्धियों को भी गिनाया। जिला सचिव सफीक खान ने कहा कि पिछले पांच साल में हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता के हित में कई अनिगिनत कार्य किए हैं। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।मौके सचिव सुलेमान बारला,इलियाजर कंडुलना, प्रखंड उपाध्यक्ष,तहसीन अंसारी, अनिल लुगुन,पबुड़ा आलोक बारला,सिम्हातु मुखिया लोरेन्स बागे, सामुएल बुढ़,साहू बेड़ा मुखिया कामिल डांग,झामुमो-कांग्रेस इंडिया गठबंधन प्रखंड कमेटी के सदस्य,गठबंधन के सभी सदस्य,प्रखंड प्रभारी,मंडल अध्यक्ष,सभी पंचायत अध्यक्ष, प्रखंड महिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कई मुखिया व अन्य झामुमो कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुरडेग के भलमंडा में कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के गढ़ियाजोर पंचायत के भलमंडा मे कुआ में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई । मृतक की पहचान सिलवेस्तर किण्डो भलमण्डा के रूप में हुई । घटना की जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरा पति दो पूर्व के पड़ोसी बगान में पानी पटाने गया था संभवतः पानी पटाने के क्रम में पैर फिसलने से कुंआ में गिर गया और मौत हो गई । जब शाम को काफी खोजबीन किया गया तब नहीं आया तब आसपास के जगह पर भी पता किया गया तो पता नहीं चला इधर दो दिनों तक परेशान रहने के बाद बुधवार को दोपहर में कुआं के अंदर तैरता हुआ शव दिखाई दिया घटना की सुचना मिलते ही कुरडेग पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेजते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गई । वही सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने शव परिजनो को सौंप दिया ।

## कांग्रेस ने कोलेबिरा विस को विकास से कोसों दूर रखा : सुजान



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी से कोलेबिरा विधानसभा प्रत्याशी सुजान जोजो क्षेत्रों का भ्रमण कर जनता से जनसंपर्क कर रहे है बुधवार को कोनपाला और बोलबा मंडल में जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों को मताधिकार के प्रति जागरूक किया।आगे कहा कि कांग्रेस विधायक ने क्षेत्र की जनता को सिर्फ ठगा है. कोलेबिरा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर कमी है. इसका जिम्मेदार कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस ने कोलेबिरा विधानसभा में केवल जाती, धर्म के नाम पर विकास को तवज्जो दी है। चहुंमुखी विकास की मनसा कांग्रेस पार्टी में नहीं रही है. कांग्रेस को इस बार कोलेबिरा विधानसभा से पराजित करना है. हमारी रोटी, बेटी, माटी की रक्षा करनी है।कोलेबिरा विधानसभा में इतिहास का परिवर्तन होगा।जनता के आशीर्वाद से बीजेपी जीतेगी. सभी समुदाय, क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण में बीजेपी के संकल्प पत्र के बारे में जनता को जागरूक किया. बताया बीजेपी की सरकार झारखंड राज्य में बनेगी तो महिलाओं को गोगो दीदी योजना से हर महीने 2100 मिलेगा. गैस सिलेंडर 500 में मिलेगा. साल में दो सिलेंडर मुफ्त मिलेगा. 287000 सरकारी पदों में बहाली होगी. 5 लाख को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा. जनता की समस्या का त्वरित निदान हेतु फिर से झारखंड में 181 सीएम संवाद हेल्पलाइन शुरू की जाएगा. वृद्धा, विधवा और दिव्यांगों को 2500 मासिक पेंशन मिलेगा. उन्होने क्षेत्र की जनता को इसके अलावे ओर भी बताया।

## कुरडेग में युवाओं ने किया छठ घाट की सफाई

**कुरडेग।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर कुरडेग के खाली जोरा नदी छठ घाट में युवाओं द्वारा बुधवार को साफ - सफाई जेसीबी मशीन लगाकर युद्ध स्तर पर किया गया । कई युवाओ ने बताया कि हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी युवा एक जुट होकर छठ घाट के सड़कों की साफ - सफाई कर रहें हैं ताकि छठ व्रतियों के आने जाने में किसी तरह की परेशानी नही हो । छठ घाट पर पण्डाल का व्यवस्था किया गया है साथ ही रास्ते के अगल बगल पर रौशनी के लिए लाईट लगाई जा रही है चारो तरफ छठ घाट रौशनी से जगमग रहेगा । गौरतलब हो गुरुवार को श्रद्धालुओं द्वारा अस्ताचलगामी सुर्य को अर्ध्य एवं शुक्रवार को सुबह में उदयमान सुर्य को अर्ध्य देने के साथ व्रत का समापन होगा । मौके पर संजीत जयसवाल , बिष्णु , रंजीत , हिमांशु पण्डा , सुरेश जयसवाल के अलावे पुजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

राहुल गांधी की चुनावी यात्रा को लेकर झारखंड प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष ने किया दौरा

# झारखंड में घुसपैठियों के मामले में केंद्र सरकार पूरी तरह से फेल : गुलाम अहमद मीर

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** 8 नवंबर को नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी की सिमडेगा गांधी मैदान में चुनावी जनसभा होना है जिसकी तैयारी को लेकर बुधवार को झारखंड कांग्रेस प्रदेश के प्रभारी गुलाम अहमद मीर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सिमडेगा कांग्रेस के चुनावी कार्यालय पहुंचकर दोनों विधायक सह प्रत्याशी के साथ तथा जिले के सभी कांग्रेसी नेताओं के साथ चुनाव की तैयारी एवं आगामी रणनीति विधि व्यवस्था एवं सभी बिंदुओं को लेकर क्रमवार सभी लोगों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की पहली सभा सिमडेगा की धरती पर हो रहा है, जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ऐतिहासिक भीड़ होगी और इसका लाभ आने वाले चुनाव में जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी झूठ नफरत फैलाकर राजनीति करती है ,उसके विपरीत महागठबंधन लोगों के बीच अपने काम के भरोसे पर वोट मांगने का काम कर रही है ।उन्होंने भाजपा द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में कहा कि घुसपैठ अगर मामला है तो इस मामले में केंद्र सरकार पूरी तरह से फेल है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर सिक्योरिटी की जिम्मेदारी केंद्र सरकार का है ऐसे में अगर वहां से कोई घुसपैठी होती है तो केंद्र सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाया गया संकल्प पत्र पूरी तरह से जुमला है लेकिन मन गठबंधन द्वारा लाये गए संकल्प पत्र पूरी गारंटी है और 5 सालों में महागठबंधन की सरकार ने कई ऐसे काम की है जिसका लाभ सीधा झारखंड की जनता को हुआ है। वहीं बैठक के पश्चात सिमडेगा गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल पहुंचकर उन्होंने विधि व्यवस्था सहित सभी प्रकार की तैयारी की जानकारी ली और उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों से करें जिससे कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी ना रहे और होने वाले सभा को ऐतिहासिक बनाया जा सके। इस मौके पर संसद कालीचरण मुंडा,जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रत्याशी सह विधायक भूषण बाड़ा कोलेबिरा विधायक सह प्रत्याशी नमन विक्सल कोंगाड़ी,अनूप लकड़ा,जॉनसन मिंज,सीमा सीता एक्का, प्रदीप केशरी, प्रवक्ता रणधीर रंजन, रोशन बरवा,दयामनी बरला,अजय शहदेव, सहित कांग्रेस पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# छठ पूजा पर सिमडेगा प्रिंस चौक पूजा पंडाल में भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा की गई स्थापित



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सूर्य उपासना लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सभी जगह पर छत के गीत बज रहे हैं और इसे पूरा क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया है इधर सिमडेगा शहरी क्षेत्र के प्रिंस चौक से दुर्गा पूजा पंडाल में नवज्योति नवयुवक संघ की ओर से भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित करते हुए विधि विधान के साथ छठ पूजा किया जा रहा है जहां पर सात घोड़ा घोड़ा से सुसज्जित भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित किया गया है जहां पर आचार्य श्याम सुंदर मिश्रा के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा कराई गई ।वहीं यजमान के रूप में कृष्णा भारती ने अपनी भूमिका निभाई ।विधि विधान के साथ बुधवार को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई उन्हें संध्या बेला में छठ व्रतियों द्वारा खीर प्रसाद की खरना पूजा किया ।जिसके बाद प्रसाद लेने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ी, जहां पर श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया बताया। गया कि आज शाम में पंडाल पर बनाए गए कुंड में छठ वृत्तियों के द्वारा भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद कल सुबह प्रातः कालीन अर्ध्य के साथ छठ पूजा संपन्न होगी ।

## छठ पूजन सामग्रियों की सजी दुकान सूप- डाला की जम कर हुई बिक्री

**सिमडेगा।** छठ पूजा को लेकर लोगों ने सामानों की खरीददारी शुरू कर दिया है बुधवार को सिमडेगा शहरी क्षेत्र के ह्रदय स्थली महावीर चौक में लोगों ने बांस से बने सूप डाला की जमकर खरीदारी की पिछले साल की तुलना में इस साल बांस से बनी सुप और डाला की कीमत में इजाफा हुआ है।डाला 150 से लेकर 200 तक का देखा गया ।वहीं सुप 100 से लेकर 120 तक देखा गया वहीं छोटा डलिया 100 से 120 तक बेचते हुए देखा गया दिन भर लोगों ने अपने पसंद के अनुसार सुप दउरा खरीदें। वही छठ पूजा को लेकर छठ व्रतियों के लिए सभी प्रकार की पूजन सामग्री सिमडेगा शहरी क्षेत्र के महावीर चौक के समीप दुकानें लग चुकी है जहां पर पूजा की छोटी से बड़ी सभी प्रकार की वस्तुएं एक साथ उपलब्ध है इसलिए व्रतियों को किसी भी प्रकार का दिक्कत नहीं होगा दुकानदार आंनद केशरी ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की भांति पूजन से संबंधित सभी प्रकार की सामान एक साथ उपलब्ध करा दिया गया है ताकि लोगों को इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके अलावा सिमडेगा साप्ताहिक बाजार में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए बांस के कारीगरों द्वारा बनाए गए सुप एवं डलिया की बिक्री देखी गई। कोरोना काल एवं महंगाई को देखते हुए इस बार ग्रामीण क्षेत्र से लाए हुए सुख एवं डलिया की भी कीमत इजाफा देखा गया। इधर सिमडेगा के समाज सेवी भारत फ्रूट्स एंड वेजिटेबल्स कंपनी के प्रोपराइटर में जानकारी देते हुए बताया कि इस बार छठ पूजा को लेकर विशेष सामग्री उपलब्ध कराया गया है जिससे कि व्रतियों को आसान हो सके।

## विक्षिप्त वृद्ध महिला कुएं में गिरी, मौत

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के कैरबेडा कदमटोली गांव में मानसिक रूप से विक्षिप्त वृद्ध महिला मरियाना एक्का की कुआं में गिरकर डूबने से मौत हो गई ।मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गयी ।जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुची ।एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सिमडेगा भेज दिया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार मरियाना की दिमागी हालत ठीक नही थी इधर उधर भटक रही थी इसी बीच अचानक वह पानी भरने कुआं गयी थी इस दौरान अचानक पैर फिसलने से गिरी और मदद नही मिलने की वजह से डूब कर उसकी मौत हो गई इधर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में थाना में यूडी केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जलडेगा में बरसे हेमंत सोरेन, कहा बीजेपी रूपी पेड़ आधा सूख चुका है

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जलडेगा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नमन बिकसल कोनगाड़ी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर निशाना साधा। हेमंत सोरेन ने कहा आदिवासी मूलवासी के अधिकार के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं। हम लोगों ने आपके लिए कार्य किया है। इसलिए आप सभी का आशीर्वाद मांगने आए हैं। आप अपनी ताक़त हमें दीजिए। झारखण्ड देश का अति पिछड़ा राज्य है और इसे सुनियोजित तरीके से पिछड़ा बनाया गया है। उन्होंने कहा हमें पता है इस राज्य में क्या काम करना है, यहां के आदिवासी मुलवासी को क्या चाहिए, यहां के नौजवान, किसान, मजदूरों को क्या चाहिए। मैं यहां के लोगों का दुःख दर्द एवं तकलीफों को अपने कन्धे पर लेकर चलने आया हूं मैने यहां के लोगों का बकाया बिजली बील भी माफ कर दिया है आने वाले दिनों में चौबीस घंटे बिजली मिलेगी लेकिन बील नहीं आएगा। 1000 रुपए मिलने वाली मैयाँ सम्मान योजना की राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। जो दिसंबर माह से मिलना शुरू हो जायेगा। हेमंत सोरेन ने कहा आज ये रोटी की बात करते हैं। यही डबल इंजन की सरकार में लोग भात- भात कर भूख से मर गए। वहीं आपकी सरकार ने कोरोना जैसी महामारी देखी, लेकिन किसी की मौत भूख से नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 5 साल में भाजपा का पेड़ आधा सुख चुका है, इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो अगले पांच साल में पूरा पेड़ सुख जायेगा, झंडा ढोने वाला भी नहीं बचेगा। झारखंड को बचाने के लिए भाजपा को हराना बहुत जरूरी है। सीएम ने कहा हमारी सरकार शिक्षक आदि की बहाली की लेकिन भाजपा के लोगों ने इसे भी रोकने का कोशिश किया। भाजपा के लोग बुलडोजर की रफ्तार में प्रचार कर रहे हैं, अगर भाजपा की सरकार बनी तो पुरे राज्य में बुलडोजर चलेगा। इसलिए भाजपा को हराना जरूरी है।

## शिवनाथपुर के टुकू सैन्दा में बाइस पड़हा की हुई बैठक

**सिसई (गुमला)।** ग्राम पंचायत शिवनाथपुर के टुकु सैंदा में बाइस पड़हा ने ग्राम सभा का बैठक किया । इस बैठक में भाषा संस्कृति नेग चार एवं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा हुई। इस बैठक में वोट देने को लेकर विधानसभा के सभी प्रत्याशीयों के बारे मेंअपनी अपनी विचार साझा किये। कि किस प्रत्याशी को वोट देना है, और किसको नहीं देना है।पड़हा ने सभी का विचार सुने। बाइस पड़हा ग्राम सभा ने आने वाले अगले बैठक में एक मत से एकता के साथ समर्थन करने के लिए योजना बनाई है। जिस किसी को भी समर्थन देना है। इसका ऐलान अगली बैठक में किया जायेगा। पड़हा बैठक में पड़हा राजा दशरथ टाना भगत, पड़हा दिवान मटकु उरांव,मंगरा उरांव सिताराम उरांव तेलेस्फोर उरांव एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक राजकुमार यादव का जनसंपर्क अभियान जारी, कहा

# निश्चित रूप से मुझे मिलेगा धनवार की जनता का आशीर्वाद

**हम 24 घंटे, 365 दिन जनता की सेवा में लगे रहते हैं। जनता इस बात को बखूबी समझती है कि कौन उनका सच्चा हितैषी है**

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

धनवार विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले के प्रत्याशी सह पूर्व विधायक राजकुमार यादव का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है।

बुधवार को उनके द्वारा राजधनवार, गांवा और तिसरी के दर्जनों गाँवों का भ्रमण कर माले के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने गांवा और तिसरी के हरनी, भीता बरवाडीह, सलैयाटीलहा, महुटांड़, डमूर, तेतरिया होते हुए राजधनवार के कई क्षेत्रों में दौरा किया। इस दौरान राजकुमार यादव ने कहा कि



स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा में एक भी सवाल उठाने का काम नहीं किया है। यहां का सबसे ज्वलंत मुद्दा ढ़िबरा को लेकर भी उन्होंने बयान दिया है,उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें आशीर्वाद देती है तो ढ़िबरा निश्चित रूप से चालू होगा। साथ ही अपने विधायक काल के कार्यों का बखान करते हुए उन्होंने जनता से 20 नवम्बर को अपने मत का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम 24 घंटे, 365 दिन जनता की सेवा में लगे रहते हैं। जनता इस बात को बखूबी समझती है की कि कौन उनका सच्चा हितैषी है। धनवार में जनता निश्चित रूप से मुझे आशीर्वाद देगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रिम्स रेफर

**गुमला।** पालकोट-कोनबीर सीमा क्षेत्र के तोरपा नदी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गांधीनगर पालकोट के निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पालकोट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र प्रसाद कोनबीर बाजार में सब्जी बेचने के बाद बुधवार शाम अपने घर लौट रहे थे। तोरपा नदी के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। बताया गया कि सुरेंद्र हेलमेट पहने हुए थे, लेकिन टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेलमेट खुलकर दूर जा गिरा और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

### झामुमो प्रत्याशी जिगा मुंडा के लिए कल्पना ने मांगी आशीर्वाद

# भाजपा पर की तीखा प्रहार

**नवीन मेल संवाददाता। बसिया (गुमला)**

अप्रत्याशित भीड़ से उत्साहित झामुमो नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन ने गुरुवार को बसिया के एनएचपीसी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबंधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सिसई विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। इस अवसर पर भाजपा पर स्पष्ट आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इनका मकसद राज्य का विकास नहीं बल्कि भोले भाले आदिवासियों को बरगलाकर यहाँ के संसाधनों के शोषण में सिमटा हुआ है। इसके लिए बाहरी लोगों को झारखंड में लाकर



भोले भाले व मासूम आदिवासियों को ठगने का काम किया जा रहा है। इतना ही नहीं, भाजपा ने पिछड़ी जातियों के सताईस प्रतिशत आरक्षण को समाप्त कर उन्हें भी ठगने का काम किया है। ऐसे में इन्हें सबक सिखाने की जरूरत है और इसके लिए मतदान से बढ़िया कोई अवसर नहीं हो सकता।

## तेज रफ्तार बाइक से गिरने पर युवक की मौत, दो घायल

**गुमला।** गुमला-पालकोट रोड के जोराग गांव के पास बायपास रोड पर एक दर्दनाक हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिसमें 20 वर्षीय फगुआ खड़िया की मौके पर ही मौत हो गई। फगुआ खड़िया, पिता बुधवा खड़िया, ढ़िढौली छाप्पर टोली के निवासी थे। वहीं, बाइक चालक कूंची खड़िया और राजा गोप घायल हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद, उनके साथ दूसरी बाइक पर आ रहे मित्रों ने सभी को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने फगुआ खड़िया को मृत घोषित कर दिया। घायल कूंची खड़िया और राजा गोप का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक जोराग गांव में आयोजित डाईर जतरा कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा देखकर वापस लौट रहे थे।

## बिमरला पंचायत व दिरगांव पंचायत के ग्रामीण करेंगे वोट का बहिष्कार



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

थाना क्षेत्र अति सुंदरवर्ती क्षेत्र के बिमरला एवं दिरगांव पंचायत के ग्रामीणों द्वारा रास्ते की मांग को लेकर वोट बहिष्कार करने के मामले में प्रखंड प्रशासन संज्ञान लिया प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार एवं थाना प्रभारी तरुण कुमार मंगलवार को बिमरला पहुंचकर इस मामले में ग्रामीणों के साथ बातचीत किया । प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर समझाने का प्रयास किया है लेकिन ग्रामीण अपने निर्णय पर अड़े रहे। यहां बता दें कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी होता है सड़क। इसके कारण ही यातायात के माध्यम से सुविधा पहुंचाई या बढ़ाई जाती है। परंतु झारखंड राज्य में दो ऐसे पंचायत हैं जहां के ग्रामीणों को आज भी सडक की समस्या से निजात नहीं मिला है। जिसके कारण बिमरला एवं दिरगांव दो पंचायत के लगभग पंद्रह हजार ग्रामीणों ने एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

# चुनाव को लेकर पुलिस प्रेक्षक ने दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुरुवार को गुमला जिला के सिसई, गुमला और बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रेक्षक रथोड़ किरीट कुमार हरिभाई (आईपीएस), उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक कार्यालय चांदली, गुमला के सभागार में हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक गुमला के साथ-साथ सुमादेष्टा, रइ गुमला, उप समादेष्टा रइ गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, परिविक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक गुमला, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला, पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा, चुनाव कोषांग प्रभारी सहित अन्य उच्च पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए तैयारियों के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस प्रेक्षक श्री रथोड़ ने चुनावी सुरक्षा व्यवस्था और अन्य पहलुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। चुनाव लोकतंत्र का एक महान स्तंभी है। चुनाव से ही राज्य या देश की दिशा और दशा बदलती है।

### सतगुरु नानक प्रगटया मीठी धुंध जग चानन होवा...

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर चौथे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर 6 नवम्बर को चौथे दिन प्रभात फेरी उत्साह के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी के चौथे दिन भी बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला और पुरुष शामिल हुए। प्रभात फेरी में लोग साध संगत के साथ शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। इशांत सिंह सलूजा निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे । इस दौरान मधुर शब्दों के गायन से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभात फेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। प्रभात फेरी के दौरान सतगुरु नानक प्रगतया मीठी धुंध जग चानन होया, कौन जाने गुण तेरे जैसे शब्दो से संगत निहाल हो रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर कैंटोनमेंट ऑफिस पहुंची। जहां बस के द्वारा चुट्टूपालू रविंदर सिंह गांधी के होटल ( ओय पंजाब ढाबा) पहुंची । जहां गांधी परिवार द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार राजेंद्र सिंह जस्सल द्वारा सरदार रमिंदर सिंह गांधी को सरोपा देकर सम्मानित किया।

**ये हुए शामिल :** चौथे दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान



अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी,तेजिंदर सिंह सोनी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा,इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, मनमोहन लांबा, अंकित कालरा, प्रसिद्ध शबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, गुरजीत सिंह शान,कुलवंत सिंह मारवाह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा,अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह,राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जौली, सुमी जौली , गुरबख्श कौर, रंजीत कौर,मनप्रीत कौर सैनी, बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुए ।

## ड्यूटी से लौट रहे पुलिस कर्मी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जेल में तैनात पुलिस कर्मी बिन्दे उरांव (52) की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। बिन्दे उरांव, पिता स्वर्गीय दशरथ उरांव, गुमला जेल में कार्यरत थे और छुट्टी के बाद अपनी ड्यूटी पूरी कर मोटरसाइकिल से अपने निवास कर्म डीपा लौट रहे थे। घर पहुंचने से कुछ पहले ही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद, आसपास के स्थानीय लोगों ने तत्काल उन्हें गुमला के सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बिन्दे उरांव का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर चोटों के कारण उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। गुमला थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस दर्दनाक हादसे से बिन्दे उरांव के परिवार और सहकर्मियों में शोक की लहर है।

## गुमला में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी, चुनावी निष्पक्षता पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुमला में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) का द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष चंदाली



में एलईडी के माध्यम से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नीकरण कर लिया गया है। इससे पहले भी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष की गई थी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह रेंडमाइजेशन निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में किया गया है, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो।

## मुझे वोट देकर विजय बनायें आपके हर सुख दुख में साथ खड़ी रहूंगीः सुनीता चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी विधायक सुनीता चौधरी ने 6 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखण्ड अंतर्गत सोसो पंचायत के फनिकपुर में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से आगामी 20 नवंबर को अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोगों ने देखा है कि मैं आपके हर सुख दुख में हमेशा साथ खड़ी रही हूं और आगे भी साथ खड़ी रहूंगी। साथ ही रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर विकास के मामले में इसे राज्य में अव्वल बनाउंगी। इसलिए मुझे वोट देकर आप विजय बनायें। इसके उपरांत उन्होंने ढुठूवा,लीचिंग, बहातु, जमीरा, लधका, बदाही, अंबागढ़ा, पेसरा टांड़ आदि स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान की अपील की।

## निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय का जनसंपर्क अभियान जारी

**गिरिडीह।** धनवार विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय लगातार जनता के बीच जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वे धनवार क्षेत्र की जनता के बीच जाकर समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। बता दें कि निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय ने धनवार विधानसभा का चुनाव रोचक बना दिया है। धनवार प्रखंड के डोरंडा, सिमराडीह, बघमरी,पचरुखी, सिमरटोला समेत तिसरी प्रखंड के कठगोलवा, जमुनियाटांड़ , चकलमुंडा, महादेवटांड़ कोशिलवा, चोरनीतरी खोरो, केवटाटांड़ आदि गाँवों में जनसंपर्क चलाया जा रहा है। वहीं उनके पुत्र निशांत राय भी अपने पिता के पक्ष में लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क बनाने में जुटे हैं। निरंजन राय ने कहा कि मैं यहां का बेटा हूं,जनता का आशीर्वाद मिल चुका है।

# छठ महापर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने भक्तिभाव से खरना का अनुष्ठान किया संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिले में छठ महापर्व को लेकर माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बन गया है। चारों पर छठ के गीतों की मधुर आवाज गूंज रही है। वहीं, छठ महापर्व के दूसरे दिन 6 नवंबर को व्रतियों ने नदियों और सरोवरों में स्थान करने के उपरांत छठी मईया की पूजा अर्चना की। इसके बाद दूध से बनी खीर का भोग छठी मईया को लगाकर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद व्रतियों दूध से बनी खीर को स्वयं ग्रहण किया। जिसके बाद उपस्थित लोगों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया गया। अब व्रतियों के 36 घंटे के निर्जला उपवास का शुभारंभ हो गया। तीसरे दिन 7 नवंबर को व्रती नदियों और सरोवरों में बने छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। जबकि 8 नवंबर को अहले सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के उपरांत व्रती पारण करेंगे। इसके साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा। बाजारों में पूजन सामग्री खरीदने के लिए उमड़ी भीड़ वहीं, छठ महापर्व को लेकर जिले के बाजारों में भारी भीड़ नजर आ रही है। लोग छठ महापर्व के लिए सूप, दौरा, सेव, संतरा, केला, गन्ना, डंभा, हल्दी, अदरख, पानी फल आदि पूजन सामग्री की छठ महापर्व के लिए खरीदारी कर रहे हैं। जिससे बाजारों में रौनक है।

# जनता परिवर्तन के मूड में, राज्य में बनेगी भाजपा गठबंधन की सरकार : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधानसभा सीट के उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार ने पांच वर्षों तक यहां की जनता को ठगा और लुटा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने 5 वर्षों तक कोई भी कार्य नहीं किया। अपने अंतिम समय में सरकार लोगों को बरगलाने का कार्य कर रही है। लिहाजा जनता परिवर्तन के मूड में है, राज्य में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी,जनता में एक अलग ही उत्साह दिख रहा है।

बाबूलाल ने उक्त बातें तिसरी के कोदईबांक स्थित अपने पैतृक



आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। जिसके पश्चात वे पालमो गांव स्थित एक मृत मजदूर के परिजनों से मिले। जहाँ उन्होंने परिजनों को ढाढंस बँधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर,मनोज यादव,डब्लू सिंह, कुणाल सिंह,नितेश यादव,सुनील शाह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। जिसके उपरांत बाबूलाल गांवा प्रखंड क्षेत्र के भ्रमण पर निकल गए। उन्होंने गांवा बाजार, शेरुआ, पसनौर, अमतरो, बिरने समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से मुलाकात की।

## सिसई विधानसभा क्षेत्र के छारदा पंचायत में बूथ स्तरीय बैठक किया गया

**सिसई ( गुमला)।** 06 नवंबर बुधवार को ग्राम पंचायत छारदा के बूथ संख्या 38, 39 एवम 40 में बूथ स्तरीय बैठक किया गया। छारदा बाजार बगीचा में पंचायत संयोजक कार्तिक महली के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तरीय बैठक रखी गई थी। जिसमें छारदा के तीनों बूथों के कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। जिसमें सभा को संचालित एवं संबोधित पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार महली के द्वारा किया गया। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, जिला महामंत्री राम अवतार भगत ,लालमोहन साहू रामकुमार साहू ,सुफल उरांव, कलशराम लोहरा,लाल नंदकिशोर नाथ शाहदेव, नीलकंठ प्रसाद केसरी ,गोविंद साहू ,पंचायत सहसंयोजक सतीश उरांव, सुरेंद्र साहू ,मनोज गिरी ,विपिन उरांव, राजेंद्र साहू ,विवेक पहान ,जीतू साहू ,लक्ष्मण साहू ,दिनेश साहू, पिंटू महली ,उदीप उरांव ,संजय उरांव एवं सैकड़ों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। साथ ही सभी ने एक स्वर में भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर विधानसभा उम्मीदवार डॉ अरुण उरांव को विजय बनाकर राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिए।

## सिसई प्रखंड के कॉलेज रोड में निर्दलीय उम्मीदवार ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**सिसई(गुमला)।** प्रखण्ड के कॉलेज रोड में निर्दलीय उम्मीदवार जेंगा उरांव ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन।मौके पर जेंगा उरांव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आपलोगों का सहयोग चहिये। मैं क्षेत्र में विकास के साथ साथ हर लोगों के साथ जुड़ कर हर सुख दुःख में साथ रहूँगा। मौके पर निम्न कार्यकर्ता मंगरा उराँव, सुकरू उराँव, शंकर लोहरा, चरवा उराँव, प्रदीप उराँव, रवि उराँव, अस्तक अंसारी, मंजूर अंसारी, इस्तियाक अंसारी, राजकुमार उराँव, रमेश उराँव, बुधेश्वर उराँव, एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रौतिया समाज का बड़ा ऐलानः बीजेपी को वोट न देने वालों का होगा सामाजिक बहिष्कार

**चुनाव में गुमला विस क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को भारी बहुमत से जिताने की अपील**

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिले के पालकोट रोड स्थित रौनियार धर्मशाला में 5 नवंबर 2024 को अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जगेश्वर सिंह, जिला अध्यक्ष, गुमला ने कहा कि रौतिया समाज का झारखंड और छत्तीसगढ़ में चुनावी परिणामों पर गहरा असर है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में रौतिया समाज के अधिकतम वोटों के कारण भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ और अब रौतिया समाज को आरक्षण मिलने का मौका बन सकता है, जो पहले



कांग्रेस सरकार में घटा दिया गया था। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में भी रौतिया समाज के लोगों की संख्या बहुत अधिक है और अगर समाज ने एकजुट होकर भाजपा को समर्थन दिया तो राज्य में बहुमत वाली सरकार बन सकती है। इस चुनाव में गुमला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत को भारी बहुमत से जिताने की अपील करते हुए, ओम प्रकाश साय ने कहा कि अगर रौतिया समाज के किसी भी सदस्य ने लालच में आकर भाजपा के अलावा किसी और पार्टी को समर्थन दिया या काम किया, तो उसे सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से एकजुट होकर भाजपा को समर्थन देने की अपील की, ताकि रौतिया समाज के हक और आरक्षण की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में अन्य नेताओं ने भी रौतिया समाज के अधिकारों की रक्षा और आगामी चुनावों में समाज के एकजुट प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।


**Jharkhand BijliVitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
O/o General Manager cum Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

**Tender Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances the e-tender Notice No. 195/PR/JBVNL/24-25, 196/PR/JBVNL/24-25, 197/PR/JBVNL/24-25,198/PR/JBVNL/24-25, 199/PR/JBVNL/24-25, 200/ PR/JBVNL/ 24-25, 201/PR/JBVNL/24-25, 202/PR/JBVNL/24-25 and 203/PR/JBVNL/24-25 is hereby cancelled.

PR No. 338383

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Ranchi

PR.NO.339948 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D

> छोटी-छोटी वस्तुओं को प्राप्त करने में अपना समय नष्ट न करें। स्वभावतः ईश्वर से दूसरे उपहार प्राप्त करना, सर्वोत्तम उपहार के रूप में स्वयं उनकी प्राप्ति की अपेक्षा अधिक आसान है। परन्तु सबसे उत्तम उपहार से कम किसी भी वस्तु से सन्तुष्ट न हों। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'ईश्वर से वातार्लाप की विधि'**



## संपादकीय

# अमेरिका की पहली राष्ट्रपति कब

क्या अमेरिका को अपनी पहली महिला राष्ट्रपति मिलेगी या फिर डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर व्हाइट हाउस जीतेंगे? अमेरिका में भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े चार बजे से वोटिंग शुरू होकर कल सुबह तक चलनी है । सभी 50 राज्यों में एक साथ वोट डाले जाएंगे। राष्ट्रपति पद के लिए मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। अमेरिका के चुनाव पर काम करने वाली विभिन्न सर्वे एजेंसी ने दावा किया है कि इस बार कमला हैरिस और ट्रंप में कांटे की टक्कर है। यानी मुकाबला बेहद नजदीकी रहने वाला है। अब अमेरिका का ताज किसके सिर पर सजेगा इसका जवाब जल्द मिल जाएगा। लेकिन कमला हैरिस अब इतिहास के मोड़ पर खड़ी हैं और उन्हें वो करना है जो अमेरिकी क्रांति के बाद से कभी नहीं हुआ। अगर वो राष्ट्रपति बनती हैं तो जॉर्ज वाशिंगटन और जार्ज एडम से शुरू हुई परंपरा में पहली बार एक महिला का नाम जुड़ेगा। भारत सहित बहुत से देशों में महिलाएं सर्वोच्च पद पर रहीं। मिसाल के तौर पर साल 1996 में इंदिरा गांधी आजाद भारत की पहली महिला पीएम बनीं। साल 1969 में गोल्डा माइर इजरायल की पहली महिला पीएम बनीं। महिलाओं की आवाजों को दबाने वाले पाकिस्तान जैसे देश में भी 1988 में बेनजीर भुट्टो पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। फिलैंड की सना मरिन दुनिया की सबे युवा शीर्ष नेता बनने का करिश्मा दिखा चुकी हैं। अब ये सोचने वाली बात है कि खुद को सुपर पावर कहने वाला अमेरिका इस मामले में फिसड्डी क्यों है? अन्य देशों में अगर महिलाएं टॉप पर हो सकती हैं तो अमेरिका में अब तक ऐसा क्यों नहीं हो पाया है।अधिकांश महिलाएं वोट भी नहीं दे सकती थीं तब वुडहुल ने किया कुछ ऐसा, जाना पड़ा था जेल विक्टोरिया क्लैफ्लिन वुडहुल 19वीं सदी के सबसे रंगीन पात्रों में से एक थी। महिला अधिकारों और मताधिकार की वकालत करने वाली लोकप्रिय सार्वजनिक वक्ता, समाचार पत्र प्रकाशक वुडहुल ने अमेरिकी दर्शकों को कार्ल मार्क्स के कार्यों से परिचित कराया। वॉल स्ट्रीट ब्रोकरेज फर्म संचालित करने वाली पहली महिला और 1872 में पहली महिला राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं। विक्टोरिया न्यूयॉर्क में बस गईं और गृह युद्ध के अनुभवी कर्नल जेम्स ब्लड से शादी की। ब्लड सेंट लुइस के मूल निवासी थे जिन्होंने गृह युद्ध के दौरान छठे मिसौरी स्वयंसेवकों की कमान संभाली थी। जनवरी 1871 में राष्ट्रीय महिला मताधिकार संघ का सम्मेलन वाशिंगटन, डीसी में आयोजित किया गया था। विक्टोरिया ने भाग लेने की योजना बनाई। बटलर संशोधन के कुछ समर्थकों में से एक थे और उन्होंने वुडहुल को हाउस न्यायपालिका समिति को संबोधित करने का मौका दिया। उन्होंने मौके का फायदा उठाया और कांग्रेस कमेटी को सीधे संबोधित करने वाली पहली महिला बन गईं। उन्होंने तर्क दिया कि चौदहवें और पंद्रहवें संशोधन के कारण महिलाओं को पहले से ही वोट देने का अधिकार है, लेकिन कांग्रेस को महिलाओं के मतदान अधिकारों की पूरी तरह से गारंटी देने के लिए प्रस्तावित सोलहवें संशोधन पर तुरंत एक और वोट लेना चाहिए। विक्टोरिया ने समान अधिकार पार्टी द्वारा नामांकित होने के बाद यूलिसिस एस. ग्रांट (रिपब्लिकन) और होरेस ग्रेली (लिबरल रिपब्लिकन) के खिलाफ प्रेसिडेंशियल कैंपेन चलाया।

> **मिसाल के तौर पर साल 1996 में इंदिरा गांधी आजाद भारत की पहली महिला पीएम बनीं। साल 1969 में गोल्डा माइर इजरायल की पहली महिला पीएम बनीं। महिलाओं की आवाजों को दबाने वाले पाकिस्तान जैसे देश में भी 1988 में बेनजीर भुट्टो पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।**

# शारदा सिन्हा के छठ गीत सदैव सदियों तक गूंजते ही रहेंगे


**आर.के. सिन्हा**
(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

सूर्य आस्था के पञ्चदिवसीय महापर्व छठ के श्रीगणेश के साथ जब सभी छठ पर्व में आस्था रखने वालों का मन उत्साह और आनंद के वातावरण में रमा हुआ था, बस तब ही लोक गायिका पद्मश्री शारदा सिन्हा के निधन का समाचार मानो सारी दुनिया के भोजपुरी भाषियों और प्रेमियों के ऊपर वज्रपात के समान था। हालांकि शारदा जी अब हमारे बीच नहीं रहीं, पर आस्था के महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीतों की गूंज सदियों तक सदैव बनी रहेगी। भोजपुरी संगीत में शारदा सिन्हा का नाम एक ऐसा नाम है , जो केवल गायिका से ज्यादा है, एक समृद्ध भोजपुरी संस्कृति का प्रतीक है। उनकी आवाज में न केवल भोजपुरी लोकगीतों की परंपरा झलकती है बल्कि छठ महापर्व पर्व की पवित्रता भी। उनके छठ गीत न केवल भावनाओं को छूते हैं ,बल्कि ; सुनने वालों के दिलों में छठ पर्व की गहराई को भी उकेर देते हैं। अपनी वेशभूषा रहन सहन और बोलचाल में अपनी संस्कृति की गंध लिए शारदा जी एक आम स्त्री बनी रहीं। उन्होंने बताया कि किस तरह एक स्त्री अपनी सफलता की सीढ़ियां अपनी संस्कृति के साथ चढ़ सकती हैं। शारदा सिन्हा का निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, ह्यसुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनके गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। शारदा सिन्हा पिछले कुछ दिनों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती थीं और सोमवार से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। शारदा सिन्हा ने छठ पर्व के गीतों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उनके द्वारा गाए गए 'सूर्य देवता, ओ सतवां दिन'... 'छठी मइया के घाट, घाट, घाट' जैसे गीत आने वाली सदियों तक लोकप्रिय रहने वाले हैं और छठ पूजा के दौरान घर-घर सदियों तक गूंजते ही रहेंगे ।उनकी आवाज में छठ महापर्व के प्रति श्रद्धा और भक्ति का ऐसा मिश्रण था जिसने लाखों लोगों को छठ पूजा से जोड़ दिया। जिस शारदा सिन्हा ने भोजपुरी लोक गीतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय बनाया वह अब हमारे बीच नहीं रही हैं। शारदा जी अपने चाँद से मिलने चली गईं। उनके पति का भी कुछ माह पूर्व ही निधन हो गया था। बिहार में भिखारी ठाकुर , महेंद्र मिसिर, रघुवीर नारायण , मनोरंजन सिन्हा, विंध्यवासिनी देवी की परंपरा को आगे बढानेवाली शारदा जी स्त्री सशक्तिकरण की एक प्रतीक थी। लोक गायक अपनी जनता में किस तरह अमर हो जाता है, इसका एक ताजा उदाहरण थी ।उनके गीतों से एक बार सिद्ध हुआ कि भारतीय स्त्रियों ने ही लोकगीतों को बचाये रखा है। भोजपुर अंचल में स्त्री की वेदना विरह प्रेम वात्सल्य विवाह गीत छठ गीत की आवाज शारदा जी के गीतों में गहरी पीड़ा व्यक्त होती थी। भोजपुर अंचल से बाहर की स्त्रियों ने भी उनकी आवाज में अपनी अभिव्यक्ति पाई थी। शारदा जी ने विशुद्ध पवित्र और सात्विक गीत गाये और बताया कि यही सच्चाई है यही उनके लोकगायकी में शिखर पर पहुँचने का कारण बने। भोजपुरी भाषी और भोजपुरी प्रेमी होने के नाते मेरा उनसे आत्मीय संबंध रहा है । वे मुझे बड़ा भाई मानती थीं और मैं भी उन्हें अनेकों कार्यक्रमों में बुलाता रहता था। यह कम ही लोगों को पता होगा कि शारदा जी भोजपुरी भाषी न होकर उत्तर बिहार के मिथिलांचल से थीं। लेकिन , उन्होंने लोकगायकी के लिये भोजपुरी सीखी।

साठ के दशक में कुमकुम पर फिल्माए गये भोजपुर गीतों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शारदा जी ने गीत गाये थे। हे गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो ,लागी नाही छूटे रामा जैसे गीतों की फिर से याद शारदा जी के गीतों ने दिलाई थी। शारदा सिन्हा के छठ गीतों की लोकप्रियता का एक कारण उनका गीतों में भावनाओं को सिलसिलेवार ढंग से पिरोना था। वो गीतों के हर शब्द को उस भावना के साथ गातीं, जो छठ पर्व के आस्था और भक्ति के साथ जुड़ी है। उनके गीतों में छठी मइया की कृपा पाने की आस, सूर्य देवता के प्रति आस्था, और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना स्पष्ट रूप से झलकती है। शारदा सिन्हा के छठ गीतों का एक और महत्वपूर्ण पहलू उनकी भाषा और शैली है। उनकी आवाज में भोजपुरी भाषा की सरलता, लयबद्धता और भावपूर्णता का अद्भुत समन्वय था। उन्होंने छठ गीतों को अपनी आवाज से इतना प्रभावी बनाया कि ये गीत अब भोजपुरी संस्कृति का अभिन्न अंग बन चुके हैं। शारदा सिन्हा जी के गीतों को नौजवान पीढ़ी भी उतनी ही शिद्दत से सुनती है, जितनी उनके समय में सुनती थी। उनके गीतों को अनेक कलाकारों ने अपने अंदाज में गाया है। शारदा जी के छठ गीत केवल गीत नहीं हैं, वे भोजपुरी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे छठ पर्व के प्रति श्रद्धा और भक्ति को प्रोत्साहित करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रखते हैं। शारदा सिन्हा , भोजपुरी संगीत की एक ऐसी रानी हैं जिनके प्रशंसक सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि सारे संसार में हैं। उनकी लोकप्रियता के पीछे कई कारण रहे। उनकी गायन शैली बेहद अलग और जिंदादिल है। वो अपनी आवाज से हर किरदार को जीवंत कर देती हैं, चाहे वो प्यार की बात हो, दर्द की बात हो या फिर सामाजिक मुद्दों की। उनका संगीत जनता से सीधा जुड़ता है। उनके गाने अक्सर जीवन के आम अनुभवों, प्रेम, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक मुद्दों को दशार्ते हैं। शारदा सिन्हा के गाने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश भी देते हैं। वो महिलाओं की ताकत और स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाती हैं, और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी मुखर हैं। शायद ही कोई भोजपुरी भाषी या प्रेमी हो, जिसकी जुबान पर शारदा सिन्हा के गाने ना जुबान पर ना चढ़े हुए हैं। उनकी आवाज और गाने भोजपुरी संगीत के इतिहास में हमेशा अमर रहेंगे। महत्वपूर्ण है कि उनकी लोकप्रियता सिर्फ एक गायिका के तौर पर ही नहीं, बल्कि एक शख्सियत के तौर पर भी है। उनके गाने लोगों को भावनात्मक तौर पर जोड़ते हैं, और उन्हें जीवन के मुश्किल समय में भी हिम्मत देते हैं। उन्होंने अपने गीतों से सिद्ध किया कि लोक की शक्ति ही कला को लोकप्रिय बनाती है। लोकप्रियता में गुणवत्ता भी होती है। उन्होंने भोजपुरी गीतों की लोकप्रियता और गुणवत्ता दोनों को बचाये रखा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## आपकी बात

# बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या


**प्रियंका सौरभ**

महामारी के बाद भारत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफी बढ़ गया है, उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से सम्बंधित है। स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40% की कमी को दशार्या गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15% की वृद्धि पाई। तेज गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60% बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था। सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, खासकर किशोरों में, अवास्तविक तुलना और साइबरबुलिंग के कारण। भारतीय किशोर अत्यधिक सोशल मीडिया एक्सपोजर से आत्म-सम्मान सम्बंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि वे तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएँ तय करें। यहाँ एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत में पदार्थों के समान ही तंत्र होता है, जो डोपामाइन में समान वृद्धि पैदा करता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काम की बात

# पानी में घुलनशील उर्वरक: पर्यावरण के अनुकूल और फसल उत्पादकता में सुधार की कुंजीअधि


**डॉ. सत्यवान सौरभ**

पानी में घुलनशील उर्वरक- उर्वरक का उपयोग दक्षता बढ़ाने, मिट्टी के स्वास्थ्य को बहाल करने और मक्का जैसी चारा फसलों में उच्च पैदावार को बनाए रखने के लिए एक प्रमुख कृषि-अवरोध के रूप में उभरा है। पारंपरिक उर्वरक अक्सर असमान पोषक तत्व वितरण, खराब फसल प्रतिक्रिया और पर्यावरणीय नुकसान का कारण बनते हैं। इसके विपरीत, पानी में घुलनशील उर्वरक एक संतुलित पोषक आपूर्ति प्रदान करते हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फोरेज में नाइट्रेट संचय जैसे मुद्दों को रोकते हैं, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकते हैं। चारा उत्पादन में उर्वरक आवेदन महत्त्वपूर्ण है लेकिन यह चुनौतियों के साथ आता है। मक्का के चारे में बायोमास और कच्चे प्रोटीन को बढ़ाते हुए, नाइट्रोजन-भारी उर्वरकों के परिणामस्वरूप नाइट्रेट संचय हो सकता है, जो पशुधन को नुकसान पहुँचा सकता है। प्रभावी उर्वरक उपयोग संतुलित पोषक तत्वों की आपूर्ति, फसल प्रतिक्रिया में सुधार और पर्यावरणीय प्रभावों को कम करता है। अंधाधुंध उर्वरक आवेदन के कारण फसल की पैदावार खराब हो सकती है, मिट्टी के स्वास्थ्य का क्षरण और प्रदूषण हो सकता है। क्षेत्र परीक्षण पोषक तत्वों की आपूर्ति, पोषक तत्वों का उपयोग दक्षता और फसल प्रतिक्रियाओं में पर्याप्त परिवर्तनशीलता को प्रकट करते हैं। क्षेत्रों में इस तरह की विसंगतियाँ समग्र चारा उत्पादकता को प्रभावित करती हैं। इन अक्षमताओं का मुकाबला करने के लिए, विशिष्ट क्षेत्र विशेषताओं के अनुरूप सटीक पोषक तत्व और फसल प्रबंधन आवश्यक है। मिट्टी और उर्वरक वितरण के प्रबंधन के लिए ज्ञान-गहन दृष्टिकोण चारा उत्पादन में परिणामों में काफी सुधार कर सकते हैं। पानी में घुलनशील उर्वरक पौधों के लिए बेहतर पोषक तत्वों की पेशकश करके एक आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं। ये उर्वरक पूरी तरह से पानी में घुलनशील होते हैं और एक कम नमक सूचकांक होता है, जिससे उन्हें पर्ण स्प्रे के रूप में या सिंचाई के माध्यम से आवेदन करना आसान हो जाता है। विभिन्न एनपीके योगों (जैसे, 19-19-19) में उपलब्ध, पानी में घुलनशील उर्वरकों में सल्फर और जस्ता जैसे द्वितीयक पोषक तत्व भी होते हैं। वे यह सुनिश्चित करते हैं कि पोषक तत्व पर्यावरणीय कारकों जैसे लीचिंग, कटाव या वाष्पीकरण से प्रभावित बिना फसलों के लिए उपलब्ध रहें। पानी में घुलनशील उर्वरक पोषक तत्वों की अपव्यय को रोककर पोषक तत्वों के उपयोग दक्षता में सुधार करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

> **हमारी मानवीय बुद्धि प्रभु की सृजनात्मक बुद्धि का प्रतिबिम्ब है, जिसके द्वारा सब कुछ सम्भव है; और यदि हम उस चेतना में नहीं रहते, तो हम मनोदशाओं का पुलिन्दा बन जाते हैं। रचनात्मक रूप में सोचने से हम उन मनोदशाओं को नष्ट कर देते हैं।**


# नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति


**श्री श्री परमहंस योगानंद**

इसको इतना व्यस्त रखें कि मनोदशाओं में लिप्त होने का आपको समय ही न मिले। जब आप रचनात्मक रूप से चिन्तन कर रहे होते हैं, तब आप शरीर अथवा मनोदशाओं को अनुभव नहीं करते, आप ब्रह्म के साथ अन्तर्सम्पर्क में होते हैं। हमारी मानवीय बुद्धि प्रभु की सृजनात्मक बुद्धि का प्रतिबिम्ब है, जिसके द्वारा सब कुछ सम्भव है; और यदि हम उस चेतना में नहीं रहते, तो हम मनोदशाओं का पुलिन्दा बन जाते हैं। रचनात्मक रूप में सोचने से हम उन मनोदशाओं को नष्ट कर देते हैं। याद रखें कि जब आप दुःखी होते हैं तो प्रायः इसका कारण यह होता है कि आप उन महान् कार्यों के बारे में दृढ़तापूर्वक कल्पना नहीं करते जिन्हें आप अपने जीवन में निश्चित रूप से प्राप्त करना ही चाहते हैं, और न ही आप अपनी इच्छाशक्ति, अपनी रचनात्मक योग्यता और अपने धैर्य का अपने स्वप्न साकार होने तक दृढ़ता से प्रयोग करते हैं। अपने सुधार के लिए और दूसरों के कल्याण के लिए रचनात्मक कार्य करने में व्यस्त रहें, क्योंकि जो भी व्यक्ति ईश्वर के साम्राज्य में प्रवेश करना चाहता है उसे प्रतिदिन दूसरों का भला करने का भी प्रयत्न अवश्य करना चाहिए। यदि आप इस शैली को अपनाते हैं, तो आप मनोभावों को दूर करने वाले आनन्द का अनुभव करेंगे और जानेंगे कि आप मानसिक रूप से, भौतिक रूप से और आध्यात्मिक रूप से उन्नति कर रहे हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Kavita Sharma · Follow
2d




36.5K 658 comments 1.8K shares

## X से

ANIL @AnilYadavmedia1 · 3d

मोदी जी से सीखा और गाली को गहना बना लिया,

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने @realDonaldTrump और उनके समर्थकों को एक बयान में कचरा कहा,

उसके अगले ही दिन दोलांड ट्रंप ने सफाई कर्मी की ड्रेस पहनी और गार्बेज कलेक्ट करने वाले ट्रक में जाकर बैठ गए,

और जवाबी नारा दिया कि 25 करोड़ Show more




192 205 1.9K 182K

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज का दोहा

**हिज्जा हिज्जा रूप का, पढ़ा हजारों बार।**
**फिर भी लगता है यही, और पढ़ूं सौ बार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला


**ललित गर्ग**

सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सम्पत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सम्पत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निमार्ताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है।

ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने



वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं। ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राजकीय सम्मान के साथ शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार आज



एजेंसी। पटना (हि.स.)

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घोषणा की है कि बिहार कोकिला, पद्मश्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्व. शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। राजधानी पटना के गुलबी घाट पर गुरुवार की सुबह आठ बजे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार की शाम शारदा सिन्हा के राजेंद्र नगर स्थित घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। मुख्यमंत्री ने शारदा सिन्हा के निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय आयुक्त, नई दिल्ली को उनके परिवार के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर उनका पार्थिव शरीर वायुयान से पटना भेजने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद बुधवार को इंडिगो की फ्लाइट से उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना लाया गया। पार्थिव शरीर को दोपहर बाद पटना में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पटना को निर्देश दिया है कि राजकीय सम्मान के साथ शारदा सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित करेंगे।

## सीएम नीतीश कुमार आवास पर पहुंचे, दी श्रद्धांजलि

**पटना (आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को लोकगायिका शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर के पटना आने के बाद कंकड़बाग स्थित उनके आवास पहुंचे और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। बुधवार को शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना पहुंचा। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके पटना स्थित आवास ले जाया गया। यहां लोग उनका अंतिम दर्शन कर सकेंगे। शारदा सिन्हा के पार्थिव शरीर के यहां पहुंचते ही उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ने लगी। हर कोई उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंच रहा है। इधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शारदा सिन्हा के आवास पहुंचे और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद संजय झा सहित कई अन्य नेता शामिल थे। नीतीश कुमार ने इस दौरान शारदा सिन्हा के शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इससे पहले शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना लाया गया। पटना हवाई अड्डे पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री नितिन नवीन, अश्विनी चौबे ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को अपने एक्स पर लिखा, बिहार कोकिला, पद्म श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित स्वर्गीय शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। उनके पार्थिव शरीर को वायुयान से पटना लाने और सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# 370 फिर से लागू होना एकता और अखंडता के लिए खतरनाक : मेघवाल

एजेंसी। जोधपुर (हि.स.)

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लागू होना देश की एकता और अखंडता को खतरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ कानून में संशोधन किए जाने से मुस्लिम वर्ग को भी फायदा पहुंचेगा। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने अनिता चौधरी हत्याकांड पर कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच होगी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संज्ञान में यह मामला है। केंद्रीय राज्यमंत्री मेघवाल बुधवार को जोधपुर प्रवास पर पहुंचे और एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब हुए। वे यहां से सीधे प्रदेश में हो रहे उपचुनाव कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पत्रकारों के

**जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लागू होना देश की एकता और अखंडता को खतरा होगा।**

सवालों पर कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लागू नहीं की जाएगी। इसके कारण देश की एकता और अखंडता को खतरा उत्पन्न हो गया था, जिसे हटाया जाना नितांत जरूरी हो गया था। उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ बिल को लेकर कहा कि बिल में संशोधन किया जाना जरूरी है, जिससे मुस्लिम समाज को भी फायदा होगा। इसमें संशोधन से विसंगतियां दूर होंगी और साथ ही उस पर बना गतिरोध भी समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर विरोधी राजनीति कर रहे है, जो न्यायसंगत नहीं है।

## चुनावी रैली में यूपी के सीएम ने कांग्रेस और एमवीए पर साधा निशाना

# बंटिए मत, बंटे थे तो कटे थे, एक हैं तो सेफ हैं : सीएम योगी

एजेंसी। वाशिम (आईएएनएस)




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाराष्ट्र के वाशिम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी ने कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वाशिम विधानसभा क्षेत्र में उमड़ा यह अपार जन सिंधु महाराष्ट्र में भाजपा की विजय गाथा लिखने जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस दुष्ट अफजल को मार गिराया था, उसके नाम पर औरंगाबाद का नाम होना और इसे याद करना। इसको हटना ही चाहिए था, इसे संभाजीनगर के रूप में पहचान मिलनी ही थी। छत्रपति शिवाजी महाराज का संघर्ष हो या संभाजी महाराज का, हमें नई प्रेरणा देता है। छत्रपति शिवाजी महाराज हम सबको एकजुट करके लेकर गए थे। हर भारतवासी को अपने साथ जोड़े थे। अपनी सेना का हिस्सा बनाए थे। सीएम योगी ने आगे कहा कि बंटिए मत ! क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में दो महा गठबंधन चुनाव लड़ रहे हैं। एक तरफ महायुति गठबंधन है और दूसरी ओर महा अघाड़ी के रूप में 'महाअनाड़ी' गठबंधन है। मैं अनाड़ी इसलिए कहता हूं कि जिसे राष्ट्र की चिंता नहीं हो, वह अनाड़ी ही होगा। एक समय था जब आतंकवादी देश में घुसकर विस्फोट करते थे, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में कोई सीमा पर अतिक्रमण करता है, तो उसका राम नाम सत्य हो जाता है। सीएम योगी ने वाशिम में शिवाजी बनाम औरंगजेब का वैचारिक मुद्दा उठाकर हिंदुत्व को तेज धार देने वाली स्पीच दी। योगी ने कहा कि जिस तरह से वाशिम विधानसभा क्षेत्र में लोग उमड़े हैं, यह महाराष्ट्र में भाजपा की विजय गाथा लिखने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ताएं तो आएंगी-जाएंगी, लेकिन हमारा 'भारत' रहना चाहिए और 'भारत' दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहिए। विपक्षी कहते थे राम हुए नहीं, कृष्ण हुए नहीं, आज भले ये चुनाव में कह रहे हों, लेकिन इन पर भरोसा मत करिएगा। राम हमारी रग-रग में हैं, कण-कण में हैं।



# 'खरना' के साथ शुरू होता है व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ का आगाज मंगलवार को नहाय खाय के साथ हो चुका है। इस पर्व के दूसरे दिन बुधवार को छठ व्रती खरना करेंगी। खरना का इस पर्व में खास महत्व है क्योंकि खरना करने के बाद व्रती लगभग 36 घंटे के लिए निर्जला व्रत करती हैं। यह व्रत उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ शुक्रवार को समाप्त होगा। खरना के दिन खीर बनाई जाती है जिसमें दूध, गुड़ चावल और मेवा मिलाया जाता है। इसके अलावा फल भी भोग में लगाए जाते हैं। प्रसाद तैयार करने के दौरान, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। छठ पूजा की विधि के अनुसार, खरना करने के दौरान व्रती अकेली रहती हैं। इस दौरान उनके पास कोई नहीं होता है। इस दौरान, उन्हें कोई टोकता भी नहीं है। इसलिए जब घर के अंदर व्रती खरना कर रही होती हैं तो दूसरे लोग दूर हो जाते हैं और उनके बुलावे का इंतजार करते हैं। जब व्रती खरना का प्रसाद खा लेती हैं तो परिवार के अन्य सदस्यों में इसे बांटती हैं। मान्यता है कि इस दिन जो लोग सच्चे मन से छठ व्रती के पैर छूते हैं और उनके हाथों से प्रसाद खाते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। इसके बाद व्रती लगभग 36 घंटे का कठोर व्रत धारण करती हैं। छठ के तीसरे दिन व्रती परिवार के सदस्यों के साथ छठ घाट पर पहुंचती हैं और डूबते हुए सूरज को अर्घ्य देती हैं। इस दौरान, घाट पर छठ पूजा की कथा का गुणगान भी किया जाता है। सूर्य ढलने के बाद छठ व्रती छठ घाट से घर लौटती हैं और सुबह के अर्घ्य की तैयारी शुरू हो जाती है। चौथे दिन सुबह तीन बजे से चार बजे के बीच में छठ व्रती घाट पर पहुंचती हैं और उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होता है। घाट पर मौजूद लोग इस दौरान व्रतियों से आशीर्वाद भी लेते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस तरह छठ व्रतियों का 36 घंटे तक चला कठोर निर्जला व्रत भी समाप्त हो जाता है।

# बिहार : महापर्व छठ में धर्म पर आस्था भारी, बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी भगवान भास्कर को देंगी अर्घ्य

एजेंसी। पटना (आईएएनएस)



बिहार में आम से लेकर खास लोग लोकआस्था के महापर्व छठ की तैयारियों में जुटे हैं। सभी लोग छठ में व्यस्त हैं। सबसे बड़ी बात है कि इस महापर्व पर धर्म पर आस्था भारी दिख रही है। प्रदेश के कई इलाकों में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग न केवल छठ घाटों की साफ सफाई में व्यस्त हैं, बल्कि इस समाज की महिलाएं छठ पर्व भी कर रही है। मुजफ्फरपुर के कालीबाड़ी की रहने वाली मुस्लिम समुदाय की महिला सायरा बेगम ऐसी ही एक महिला हैं जो पिछले आठ साल से छठ पर्व कर रही हैं। ऐसा नहीं की इस पर्व का इंतजार सायरा बेगम को ही रहता है, बल्कि उनके परिवार के अन्य सदस्य भी इस पर्व में उनकी मदद करते हैं। सायरा बेगम बताती हैं कि वह छठ पर्व पर सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित कर अपनी मन्नत को पूरी कर रही है। वे बताती हैं, "मेरे पति अक्सर बीमार रहते थे। 2015 में मैंने छठी मैया से मन्नत मांगी कि अगर उनके शौहर की तबीयत ठीक हो जाएगी तो वह छठ करेंगी। इसके अगले साल ही छठी मैया की कृपा से उनके पति की तबीयत ठीक हो गई। तब से लेकर अब तक मैं प्रति वर्ष पूरे विधान से छठ व्रत कर रही हूं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि वह जब तक जिंदा रहेंगी तब तक वह यह पर्व करती रहेंगी। ऐसे ही सीतामढ़ी की बाजितपुर की रहने वाली जैमुन खातून भी पिछले कई वर्षों से पूरे विधिविधान से छठ करती है। यही नहीं इस गांव की रहने वाली कई मुस्लिम महिलाएं भी छठ पर्व करती हैं। इन महिलाओं का दावा है कि उन्हें हिन्दू समुदाय के लोगों का भी सहयोग मिलता है। बिहार की जेलों में भी मुस्लिम समाज के कैदी इस साल छठ कर रहे हैं। मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में भी इस साल बड़ी संख्या में कैदी छठ व्रत की तैयारी में जुटे हैं। बताया जाता है कि इस जेल के 47 महिला और 49 पुरुष कैदी छठ पर्व कर छठ व्रत कर रहे हैं। इनमे तीन मुस्लिम और एक सिख धर्म को मानने वाले हैं। छठ करने वाली मुस्लिम महिलाएं बताती हैं कि वह छठ महापर्व पूरी शुद्धता के साथ करती हैं और दशहरा खत्म होने के बाद घर में लहसुन प्याज का इस्तेमाल भी बंद कर दिया जाता है। कुल मिलाकर कहा जाता है कि लोकआस्था का महापर्व छठ न केवल स्वच्छता का संदेश दे रहा है, बल्कि सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल भी पेश कर रहा है।

## तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता गिरफ्तार

**कोलकाता (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय कृष्णा भूनिया की हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता नवकुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। भूनिया की हत्या पिछले साल मई में पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के मोयना में हुई थी। एनआईए के एक अधिकारी के अनुसार, नवकुमार मंडल को पूर्व मेदिनीपुर के गोरामहल गांव से पकड़ा गया।

## उप्र के हरदोई में सड़क हादसा 10 लोगों की मौत, पांच घायल

एजेंसी। हरदोई (हि.स.)

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में ग्राम रोशनपुर के पास बुधवार को डीसीएम और ऑटो की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। जान गंवाने वालों में 05 महिलाएं, 02 बच्चियां, 01 बच्चा और 02 पुरुष हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, उसमें सवार सात सावारियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ देर बाद तीन घायलों ने बिलग्राम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल पांच अन्य लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। घटना की जानकारी पर जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी जिला मुख्यालय से घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटना के बाद से डीसीएम चालक और हेल्पर फरार हो गए।



## आज का राशिफल

**मेष :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**वृष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या :** 'आगे आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**तुला :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुंभ :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

## बद्रीनाथ धाम 17 को होंगे बंद 13 से शुरू होगी पंच पूजा



एजेंसी। गोपेश्वर (हि.स.)

उत्तराखंड के चार धामों में शामिल बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को रात नौ बजकर सात मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत पंच पूजा 13 नवंबर से शुरू होंगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़ ने बुधवार को बताया कि श्री पंचपूजाओं के अंतर्गत पहले दिन 13 नवंबर को भगवान गणेश की पूजा होगी और इसी दिन भगवान गणेश के कपाट बंद हो जाएंगे। दूसरे दिन गुरुवार 14 नवंबर को आदि केदारेश्वर मंदिर तथा शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे। तीसरे दिन शुक्रवार 15 नवंबर को खडग पुस्तक पूजन तथा वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि चौथे दिन शनिवार 16 को मां लक्ष्मीजी को कढ़ाई भोग चढ़ाया जाएगा। इसके बाद रविवार 17 नवंबर को रात 9 बजकर 7 मिनट पर श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार 18 नवंबर को श्री कुबेरजी एवं उद्धवजी सहित रावलजी आदि गुरु शंकराचार्यजी की गद्दी शीतकालीन प्रवास पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। श्री उद्धवजी एवं श्री कुबेरजी शीतकाल में पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे। आदि गुरु शंकराचार्यजी की गद्दी सोमवार 18 नवंबर को पांडुकेश्वर प्रवास के बाद मंगलवार 19 नवंबर समारोहपूर्वक गद्दीस्थल श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ पहुंचेगी। इसी के साथ शीतकालीन प्रवास के दौरान श्री पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में पूजाएं होंगी।

## मेगा क्विज 'थिंक' का सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले आज और कल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की मेगा क्विज 'थिंक' अंतिम चरण में पहुंच गई है। विकसित भारत की थीम के साथ यह युवाओं को सशक्त बनाने वाली सबसे बड़ी राष्ट्रीय क्विज बन गई है। नौसेना 07-08 नवंबर को प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन एझिमाला के भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) में आयोजित किए जाएंगे। भारतीय नौसेना की इस प्रतियोगिता ने 15 जुलाई को पंजीकरण प्रक्रिया के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी। भारतीय नौसेना अकादमी में उत्साह का माहौल है, क्योंकि देशभर से क्विज प्रतियोगिता के सेमीफाइनलिस्ट आईएनए पहुंच चुके हैं। यहां पहुंचने पर प्रतिभागियों और उनके साथ आए शिक्षकों का उनके आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कई चरणों के बाद 16 स्कूलों को सेमीफाइनल के लिए चुना गया है। अकादमी में रहने के दौरान इन प्रतिभाशाली युवाओं को भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को देखने का मौका मिलेगा। नौसेना के मुताबिक 16 टीमें 07 नवंबर को सेमीफाइनल में भिड़ेंगी।

## शाह की सभा में 'उकसाने वाले' बयान पर मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ प्राथमिकी

एजेंसी। कोलकाता (हि.स.)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा नेता एवं मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के 'उकसाने वाले' बयान देने के मामले में कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी कोलकाता के बउबाजार थाने में दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि मिथुन ने शाह की उपस्थिति में भाजपा की एक सभा में भड़काऊ बयान दिए थे। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मिथुन के विरुद्ध बउबाजार थाने में एफआईआर संख्या-255 दर्ज की गई है। एक अधिकारी के मुताबिक, हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर द्वारा भड़काऊ बयान देने का मुद्दा उठाते हुए मिथुन ने कहा था, मैं गृहमंत्री के सामने कह रहा हूं कि जो करना होगा, करेंगे। हमारे एक नेता कहते हैं कि 70 प्रतिशत मुस्लिम और 30 प्रतिशत हिंदू हैं। ऐसे में गंगा में बहा देंगे। सोचा मुख्यमंत्री कुछ कहेंगी, पर कुछ नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, पर कह रहा हूं कि तुम्हें तुम्हारी ही जमीन में दफना देंगे। हमें ऐसे सदस्य चाहिए, जो निर्भीकता से कहें कि हमला करो, हम देख लेंगे। हम ऐसे कार्यकर्ता नहीं चाहते, जो पैसे लेकर काम करते हैं। अगर ऐसा करना है, तो तृणमूल में चले जाओ। यदि हमारे बाग का एक फल तोड़ोगे, तो हम चार तोड़ेंगे। मिथुन ने यह भी कहा था कि यह अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती नहीं, बल्कि 1968 का 28 वर्षीय मिथुन बोल रहा है, जिसने राजनीति में कदम रखा था। इस तरह के भड़काऊ बयानों के कारण ही मिथुन के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज की गई है। मिथुन की हाल की फिल्मों की बात करें, तो वे तृणमूल विधायक और अभिनेता सोहम चक्रवर्ती के साथ फिल्म 'शास्त्री' में नजर आए। इसके अलावा वे तृणमूल विधायक एवं निर्देशक राज चक्रवर्ती की आगामी फिल्म 'संतान' में भी भूमिका निभा रहे हैं। मिथुन के भाजपा में होने के बावजूद तृणमूल नेताओं के साथ काम करने पर भी चर्चा हो रही है। मिथुन इस पर फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं।

## शहरी नक्सलियों और अराजकतावादी ताकतों से घिरे हैं राहुल गांधी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शहरी नक्सलियों और अराजकतावादी ताकतों से घिरे हुए हैं। उनके विचार वामपंथी विचारधारा में बदल गए हैं और वह कांग्रेस की विचारधारा से दूर होते जा रहे हैं। देवेंद्र फड़णवीस ने मीडिया को बताया कि भारत के संविधान की प्रति पारंपरिक नीले कवर में संलग्न है, लेकिन राहुल गांधी भारतीय संविधान की प्रति को लाल कवर के साथ क्यों दिखाते हैं, यह समझ से परे हैं। देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर लोकतांत्रिक मूल्यों को खोने का भी आरोप लगाया है। फड़णवीस ने कहा कि पहले तो हमें लगा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एक रचनात्मक कदम है। लेकिन, उनकी यात्रा में भाग लेने वाले 180 संगठन विनाशकारी गतिविधियों में शामिल थे। इसे रिकार्ड भी किया गया है। राहुल संविधान हाथ में होने का दावा करते हैं और अपने कार्यों से अराजकता को बढ़ावा देते हैं। संविधान व्यवस्था है, अराजकता अव्यवस्था है। लेकिन, राहुल गांधी अराजकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।

रणजी ट्रॉफी

# जलज सक्सेना 6000 रन बनाने और 400 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बने



**400** विकेट का आंकड़ा छूने वाले 13वें गेंदबाज हैं।


**2005** में मध्य प्रदेश के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरूआत की

**थुंबा (केरल)(आईएएनएस)।** केरल के ऑलराउंडर जलज सक्सेना सेंट जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में उत्तर प्रदेश के खिलाफ एलीट ग्रुप सी के चौथे दौर के मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी में 6000 रन और 400 विकेट का उल्लेखनीय डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। कोलकाता में केरल के पिछले मैच में 6000 रन का आंकड़ा पार करने वाले सक्सेना ने मैच में अपना चौथा विकेट लेने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने तेज ऑफ स्पिन गेंद पर बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा का विकेट लिया, जिससे राणा स्टंप आउट हो गए। 37 वर्षीय यह गेंदबाज रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट का आंकड़ा छूने वाले 13वें गेंदबाज हैं। उनका 400वां विकेट रणजी ट्रॉफी में उनका 29वां पांच विकेट हॉल भी था। सक्सेना ने 2005 में मध्य प्रदेश के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरूआत की, राज्य के साथ अपने 11 साल के कार्यकाल में उन्होंने 159 विकेट लिए और 4041 रन बनाए। 2016-17 के सत्र में, वे केरल चले गए और टीम के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए, जो केवल केएन अनंथापद्मनाभन से पीछे हैं। पिछले सत्र में, सक्सेना दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए, जब वे भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में सभी प्रारूपों में 9000 रन बनाने और 600 विकेट हासिल करने वाले केवल चौथे खिलाड़ी बन गए, जो वीनू मांकड़, मदन लाल और परवेज रसूल की विशिष्ट श्रेणी में शामिल हो गए।

# 24-25 नवंबर को सऊदी अरब में होगी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी

- दो दिवसीय नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के पास 41 करोड़ का सबसे छोटा बजट होगा
- पंजाब किंग्स के पास सबसे मजबूत बजट होगा, जो 110.5 करोड़ रुपये है
- आईपीएल 2025 के लिए प्लेयर रजिस्ट्रेशन 4 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी को सऊदी अरब के जेद्दाह में 24-25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। यह दूसरा साल है जब आईपीएल की नीलामी विदेश में हो रही है, लेकिन इस बार यह आयोजन पर्थ में चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के साथ टकरा रहा है। आईपीएल की मेगा नीलामी को काफी दर्शक देखते हैं क्योंकि




इसमें 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अगले तीन वर्षों (2025-27) के लिए अपनी टीम तैयार करेंगी। हाल ही में सभी फ्रेंचाइजी ने कुल मिलाकर 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-ऑलराउंडर हेनरिक क्लासेन को सबसे महंगे रिटेंशन के रूप में शामिल किया गया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 23 करोड़ रुपये में अपनी टीम में रिटेन किया है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 21 करोड़ रुपये की राशि के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे महंगे रिटेंशन रहे। आईपीएल 2025 के लिए प्लेयर रजिस्ट्रेशन 4 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ, जिसमें कुल 1,574 खिलाड़ियों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण किया है। रजिस्ट्रेशन किए गए खिलाड़ियों में 320 कैप्ड खिलाड़ी, 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी, और 30 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी शामिल हैं।

## डेविड वार्नर को बीबीएल 14 में सिडनी थंडर का कप्तान बनाया गया

**सिडनी (आईएएनएस)।** डेविड वार्नर को बिग बैश लीग (बीबीएल 14) सीजन के लिए सिडनी थंडर का कप्तान बनाया गया है, क्योंकि पिछले महीने एक स्वतंत्र समीक्षा पैनल ने उनके नेतृत्व प्रतिबंध को हटा दिया था। अनुभवी बाएं हाथ के खिलाड़ी, जिन्होंने 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था, ने क्रिस ग्रीन की जगह कप्तान के रूप में काम किया, हालांकि बाद वाले खिलाड़ी के रूप में टीम का हिस्सा बने हुए हैं। थंडर के लिए संस्थापक कप्तान होने के नाते, वार्नर ने भूमिका के बारे में उत्साह और टीम की अगली पीढ़ी को आकार देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने एक बयान में कहा, इस सीजन में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था, और अब अपने नाम के आगे उस सी के साथ वापस आना शानदार लगता है। मैं आगे बढ़कर नेतृत्व करने और युवा प्रतिभाओं के साथ अपने अनुभव को साझा करने के लिए उत्सुक हूं।"

# भारत ए' के दूसरे अनौपचारिक मैच में केएल राहुल की फॉर्म पर होंगी नजरें



**एजेंसी। मेलबर्न**


भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में राष्ट्रीय चयन समिति की नजरें केएल राहुल की बल्लेबाजी और मौजूदा फॉर्म पर लगी होंगी। राहुल को छोड़कर भारत ए के लाइन-अप में ऐसा कोई भी खिलाड़ी नहीं है जो एमसीजी में खेला हो जिसमें भारत को 26 दिसंबर से ह्यबॉक्सिंग डे' टेस्ट खेलना है। टीम प्रबंधन की सलाह पर भारतीय चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट के बीच में बाहर किए गए राहुल और रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पर्थ में सीनियर टीम से जुड़ने से पहले दूसरे ए टेस्ट के लिए भेजने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में अनुभवी स्कॉट बोलैंड भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर रिजर्व तेज गेंदबाजों में से एक बोलैंड के मैदान पर उतरने से अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मुकाबला कड़ी चुनौती होगा। लेकिन राहुल को निश्चित रूप से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने की संभावना के कारण ज्यादा लाभ मिलेगा। एमसीजी में अभ्यास सत्र के दौरान राहुल अच्छी लय में दिखे।

ईश्वरन और कप्तान गायकवाड़ के पारी का आगाज करने के साथ यह उम्मीद की जा रही है कि राहुल इंडिया ए ह्यसेट-अप' में पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे क्योंकि टेस्ट श्रृंखला के दौरान किसी भी समय अगर उन्हें भारत के अंतिम एकादश में चुना जाता है तो उन्हें इसी स्थान पर बल्लेबाजी करने को मिलेगी। यह तो तय है कि जब उछाल वाली परिस्थितियों में गुणवत्ता वाली तेज गेंदबाजी का सामना करने की बात आती है तो लॉर्ड्स, ओवल, सिडनी, सेंचुरियन में शतक लगाने वाले राहुल घरेलू दिग्गज सरफराज खान की तुलना में कहीं अधिक काबिल हैं। हालांकि बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रन बनाने के बाद सरफराज खान निश्चित रूप से 22 नवंबर से ऑप्टस स्टेडियम में खेलने के दावेदार होंगे।

# मुंबई टेस्ट के बाद पंत और मिचेल आईसीसी रैंकिंग में टॉप 10



पंत टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचने के लिए पांच पायदान ऊपर चढ़ गए हैं।



**दुबई,(आईएएनएस)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और न्यूजीलैंड के अनुभवी डेरिल मिचेल को मुंबई में तीसरे टेस्ट के दौरान मजबूत प्रदर्शन का ईनाम मिला है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। टेस्ट के दौरान शानदार अर्धशतक लगाने के बाद पंत टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचने के लिए पांच पायदान ऊपर चढ़ गए हैं। यह उछाल उन्हें उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग के करीब ले आया है, जो उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2022 में हासिल की थी। मुंबई में पहली पारी में 82 रन बनाने के बाद मिचेल ने भी काफी उछाल देखा है, जो आठ पायदान चढ़कर कुल मिलाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अब वह अपने साथी न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के साथ शामिल हो गए हैं, जो दूसरे स्थान पर हैं। भारत के शुभमन गिल भी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेलकर चार पायदान ऊपर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान ऊपर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी विभाग में भारत के बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार 10 विकेट लेने के बाद दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी वाशिंगटन सुंदर भी सात पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट गेंदबाजों की सूची में 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के स्पिन आक्रमण को भी इसी तरह फायदा मिला है। एजाज पटेल 12 पायदान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ईश सोढ़ी तीन पायदान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज चार पायदान ऊपर चढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उन्हें हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की सीरीज में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार 13 विकेट लेने का फायदा मिला है।

# ओलंपिक में टॉप करने के लिए एथलीटों का पूल तैयार करना जरूरी : श्रेयसी सिंह

**जमुई, (आईएएनएस)।** भारत की ओलंपिक खिलाड़ी और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने ओलंपिक 2036 के लिए अपने विचार रखे हैं। भारत ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 2036 की मेजबानी करने के लिए आवेदन किया है। इस अवसर पर 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी की तैयारियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ओलंपिक के खिलाड़ियों से सुझाव भी मांगे गए हैं। श्रेयसी ने ओलंपिक गेम्स 2036 को लेकर दिए अपना सुझाव दिया है। वह जमुई से भाजपा विधायक भी हैं। उन्होंने बताया कि साल 2036 में जो ओलंपिक गेम्स भारत में होने जा रहा है, उसके लिए भारत ने अपना प्रपोज सबमिट कर दिया है। यह खेल निश्चित तौर पर भारत में होने चाहिए लेकिन ओलंपिक मेडल जीतने के लिए और खेलों में टॉप पर पहुंचने के लिए अभी एक रूपरेखा बनाने की सख्त जरूरत है।

निश्चित तौर पर भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन होना चाहिए। लेकिन उससे पहले मुझे लगता है कि 2025 से लेकर 2035 तक एक रूपरेखा बनानी चाहिए, जिसमें हम लोगों को जमीनी स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। जब आधारभूत संरचना बेहतर हो तो बच्चों के मन में अपने देश के लिए खेलने की रुचि को प्लेटफार्म मिलता है, जहां पर वह प्रशिक्षण कर सकें और कोई खेल सीख सकें।

कि 'खेलो इंडिया' के तहत बच्चों को राज्य और भारतीय स्तर पर खेलने का मौका मिल रहा है। पहले से बहुत अच्छी योजनाएं एनडीए के सिस्टम में हैं, लेकिन आज भी कुछ पंचायतों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट नहीं है। ऐसी पंचायतों में भी आधारभूत संरचना का विकास करना चाहिए।




# चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड को उसके घरेलू मैदान पर एसी मिलान ने मात दी



**एजेंसी। मैड्रिड (आईएएनएस)**

रियल मैड्रिड की चैंपियंस लीग में नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा जब उन्हें घर में एसी मिलान से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद, रियल मैड्रिड के चार मैचों में सिर्फ छह अंक हैं और उनका अगला मुकाबला लिवरपूल के खिलाफ एनफील्ड में होना है। इससे ज्यादा, कोच कार्लो एंसेलोटी अपने खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन को लेकर चिंतित होंगे। मैच के सिर्फ 12 मिनट बाद ही मलिक थिआव ने कॉर्नर से गोल करते हुए मिलान को बढ़त दिला दी। रियल मैड्रिड ने तेजी से प्रतिक्रिया दी और 23वें मिनट में विनीसियस ने पेनल्टी को आसानी से गोल में बदल दिया। हालांकि आमतौर पर रियल मैड्रिड बराबरी के बाद हावी हो जाती है, लेकिन मिलान ने उन्हें मौका नहीं दिया।

## रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की एएफसी चैंपियंस लीग में बड़ी जीत



**एजेंसी। रियाद**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो काडोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीय शेयर बाजार ने डोनाल्ड ट्रंप का किया स्वागत, सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई,(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की संभावित जीत का स्वागत किया है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि के साथ हरे निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में आईटी सेक्टर में जबरदस्त खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 901.50 अंक या 1.13 प्रतिशत चढ़कर 80,378.13 पर बंद हुआ।

वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 270.75 अंक या 1.12 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,484 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 110.15 अंक या 0.21 प्रतिशत चढ़ने के बाद 52,317.40 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 1,240.35 अंक या 2.21 प्रतिशत चढ़ने के बाद 57,355.80 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 402.65 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,906.10 पर बंद हुआ। निफ्टी के ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियलिटी, मीडिया और एनर्जी सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सारे सेक्टर हरे निशान पर कारोबार करने के साथ बंद हुए हैं।

सेंसेक्स पैक में टीसीएस, एचसीएल टेक, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी और मारुति टॉप गेनर्स रहे। टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स रहे। बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3,013 शेयर हरे, 961 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 89 शेयर में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं रहा। बाजार के जानकारों के अनुसार, अमेरिकी चुनाव के नतीजों के बाद वैश्विक बाजारों में राहत की लहर देखी गई, जिससे ट्रंप के मजबूत जनादेश के साथ राजनीतिक अनिश्चितता कम हुई।



## डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर पहुंचा रुपया

**नई दिल्ली(हि.स.)।** शेयर बाजार में आई मजबूती के बावजूद मुद्रा बाजार में आज रुपया बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। डॉलर के मुकाबले रुपया आज अभी तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। दिनभर के कारोबार के बाद भारतीय मुद्रा 21 पैसे की कमजोरी के साथ 84.30 रुपये प्रति डॉलर (अस्थाई) के ऑल टाइम लो क्लोजिंग लेवेल पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की कमजोरी के साथ 84.23 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरूआत की थी। दिन के कारोबार के दौरान रुपये ने रिकवरी भी की और 84.15 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंचा।

# फोनपे, भारत कनेक्ट ने मिलकर 'एनपीएस' के लिए आसान योगदान करने की सुविधा लांच की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** फोनपे ने बुधवार को अपने प्लेटफॉर्म पर भारत कनेक्ट के तहत एक नई बचत श्रेणी (न्यू सेविंग कैटेगरी) के रूप में एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम) में योगदान शुरू करने का ऐलान किया है। भारत कनेक्ट को पहले बीबीपीएस के नाम से जाना जाता था। इस लॉन्च के साथ, फोनपे अब लाखों यूजर्स को फोनपे ऐप के माध्यम से अपने एनपीएस अकाउंट में आसानी से और सुरक्षित तरीके से योगदान करने की सुविधा देता है। एनपीएस पर्सनल रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक बहुत प्रभावी कर-बचत साधन है। यह योजना न केवल महत्वपूर्ण कर बचत प्रदान करती है, बल्कि सेवानिवृत्ति कोष (रिटायरमेंट कॉर्पस) के रूप में भी उपयोगी है, जिससे यूजर्स को अपना वित्तीय भविष्य सुरक्षित करने में मदद मिलती है। इससे पहले यूजर्स केवल पीएफआरडीए, एनएसडीएल, कैम्स, के-फिनटेक और बैंकों की वेबसाइटों के माध्यम से अपने एनपीएस अकाउंट्स में योगदान कर सकते थे। हालांकि, इस सुविधा के लॉन्च होने से यूजर्स को फोनपे ऐप का उपयोग करके सुविधाजनक रूप से योगदान करने की सुविधा मिलेगी, जिससे पहले से वंचित लोगों को डिजिटल भुगतान की आसानी और लाभ का अनुभव करने में मदद मिलेगी।

# ग्लोबल क्लीन टेक मार्केट 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा : आईईए



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का वैश्विक बाजार 2023 में 700 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में सौर पीवी, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रिक कार, बैटरी, इलेक्ट्रोलाइजर और हीट पंप के वैश्विक बाजार में यह बढ़ोतरी देखी जाएगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की ऊर्जा प्रौद्योगिकी परिप्रेक्ष्य 2024 (ईटीपी-2024) रिपोर्ट क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के भविष्य का विश्लेषण प्रदान करती है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन, यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश किया है। ये सभी देश इस बड़े व्यापारिक अवसर से भविष्य में लाभ लेंगे। आईईए का कहना है कि क्लीन टेक्नोलॉजी में वैश्विक व्यापार में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है और एक दशक में यह तिगुने से अधिक बढ़कर 575 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो आज प्राकृतिक गैस के वैश्विक व्यापार से 50 प्रतिशत अधिक है।

2023 में क्लीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग में वैश्विक निवेश 50 प्रतिशत से बढ़कर 235 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

# अक्टूबर में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की बिक्री में 21 प्रतिशत का आया उछाल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दोपहिया वाहन निमार्ता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इस साल अक्टूबर में कुल 5,97,711 यूनिट बेची, जो कि सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दिखाती है। कंपनी ने बीते साल अक्टूबर में कुल 4,92,884 यूनिट बेची थी।

कंपनी ने जानकारी देते हुए बताया कि त्योहारी महीने में उसे सालाना आधार पर बिक्री को लेकर डबल डिजिट की बढ़ोतरी देखने को मिली। इस साल कुल बिक्री में घरेलू स्तर पर 5,53,120 यूनिट बेची गई जबकि निर्यात का आंकड़ा 44,591 तक पहुंच गया, जो कि बीते साल 2023 अक्टूबर की तुलना में क्रमशः 20 प्रतिशत



और 48 प्रतिशत अधिक है।

एचएमएसआई ने इस साल अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में कुल 37,56,088 यूनिट की बिक्री की। जिसमें घरेलू स्तर पर 34,34,539 यूनिट बेची गई। इसमें निर्यात का आंकड़ा 3,21,549 यूनिट रहा। कंपनी की बिक्री में यह बढ़ोतरी देश भर के ग्राहकों की मांग को पूरा करना दशार्ता है।

एचएमएसआई ने मध्य भारत के उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में एक करोड़ संचयी दोपहिया वाहनों की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अलावा, कंपनी ने कर्नाटक में 50 लाख यूनिट की बिक्री का आंकड़ा भी छू लिया है।

एचएमएसआई ने केरल के कोच्चि के कलमस्सरी में एक नई बिगविंग डीलरशिप खोली है। इसी के साथ कंपनी ने अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार किया है। इस नए डीलरशिप के साथ कंपनी के प्रीमियम टू-व्हीलर ऑफरिंग में मजबूती आई है।

एचएमएसआई ने नई सीबी300एफ फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल पेश की है। यह मोटरसाइकिल भारत में ग्रीनर ट्रांसपोर्टेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत की पहली 300 सीसी फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल है, जो इथेनॉल-मिश्रित ईंधन का उपयोग करने में सक्षम है।

इसके अलावा, कंपनी ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता में बीकानेर, पालघर, डॉ. अंबेडकर नगर, शिलांग सहित भारत भर के 10 शहरों में जागरूकता अभियान भी आयोजित किए।

# खरना के साथ आस्था का महापर्व छठ व्रत पर निर्जला उपवास शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार से शुरू छठ महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को व्रतधारी महिला पुरुषों ने खरना का पूजन विधि विधान से किया। आम की लकड़ी के जलावन से बनी खीर पूड़ी भगवान सूर्यदेव को अर्पित कर व्रतधारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष रुप से हिन्दू समुदाय का यह चार दिवसीय व्रत सूर्यदेव की माता छठी मैया के प्रति अटूट आस्था व्रतधारी समर्पित करते हैं। छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय - खाय की परंपरा से शुरू यह पर्व तीसरे गुरुवार को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य को व्रतधारी अर्घ्य देने के साथ ही घाटों पर पूजा हवन करेंगे। वहीं चौथे दिन सप्तमी तिथि शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का समापन करेंगे। दूसरे दिन खरना के दिन महिलाएं नये मिट्टी के चूल्हे पर खीर पूड़ी बनाने के बाद उसे भगवान सूर्यदेव को भोग लगाने के बाद ही प्रसाद के रुप में व्रतियों को ग्रहण करने की परंपरा रही है। इसके बाद इनका व्रत समापन तक निर्जला व कठोर उपवास शुरू हो जाता है। विद्वान ज्योतिषाचार्य व पुरोहित पंडित कुंडल तिवारी के अनुसार गुरुवार की संध्या 5. 29 बजे से डूबते सूर्यदेव को व्रतधारियों को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देने का समय शुरू होगा। जबकि शुक्रवार की सुबह 6. 37 बजे के बाद व्रतधारी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर इस पर्व का समापन करेंगे। उन्होंने इस कठोर व्रत पर सभी व्रतधारी को अदम्य साहस और सहनशक्ति देने की प्रार्थना भगवान भास्कर से की है।

## सूर्य मंदिर में श्रद्धालुओं की हैं विशेष आस्था, एक सप्ताह लगता है मेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड-बिहार की सीमा पर हुसैनाबाद का दंगवार गांव है। इस गांव में सोन नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। यह मंदिर देश की आजादी से पहले का बताया जाता है। सूर्य मंदिर की स्थापना ग्रामीणों के सहयोग से सर्वप्रथम सूर्य मंदिर के बगल में की गई थी। इसके बाद यहां के पुजारी जीवनंदन दास के द्वारा पूजा कराया जाता रहा और आजादी के पूर्व चलीतर चौधरी के नेतृत्व में सूर्य मंदिर की नींव रखी गई। सूर्य मंदिर बन जाने के बाद इसमें दामोदर स्वर्णकार के द्वारा बनारस से सूर्य भगवान का मूर्ति लाकर स्थापित कराया गया। सूर्य भगवान का स्थापना हो जाने के बाद यहां पर सर्वप्रथम मकर संक्रांति मेला का प्रारंभ हुआ था। बाद में सन 1988 से छठ पूजा की शुरूआत की गई। धीरे-धीरे यहां का छठ पूजा की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलती चली गई। मान्यता है कि इस सूर्य मंदिर में जो भी यहां सच्चे मन से आराधना पूजा करने आता है, उसकी मान्यता जरूर पूरी होती है। यहां झारखंड, बिहार व रोहतास क्षेत्र के लोग मेले में आकर पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगते हैं। इस मंदिर निर्माण में मुख्य रूप से दंगवार के रामदास मेहता, बुटन सिंह, मेघन सिंह, कन्हैया सिंह, बैरागी चौधरी, लखन साव,रामविलास चौधरी, लक्ष्मी साव आदि की सक्रिय भूमिका थी।

## गढ़वा में सुरक्षा चाक-चौबंद: सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बुधवार शाम कंपोजिट कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों से शहर के कोने-कोने की निगरानी की और रोस्टर ड्यूटी के अनुसार तैनात दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति का भी अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सजगता एवं तत्परता से कर्तव्य निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव और पर्वों के चलते पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी को सतर्क रहना होगा ताकि हर व्यक्ति सुरक्षित वातावरण में त्योहार मना सके और निर्भीक होकर मतदान कर सके। किसी भी सहायता के लिए नागरिक नियंत्रण कक्ष के नंबर 6201261084 पर कॉल कर सकते हैं। नियंत्रण कक्ष 247 सक्रिय है, जिसमें शिफ्टवार अधिकारी तैनात हैं। साथ ही टोल फ्री 112 नंबर का भी उपयोग किया जा सकता है।

## भक्तों ने व्रतियों के बीच पूजन समाग्रियों का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** छठ महाव्रत के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धालु भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर फल, फूल, पूजा में उपयोग किए जाने वाले प्रसाद का वितरण किया गया। मंगलवार सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर, छठ महाव्रत करने वाली महिलाओं द्वारा भिक्षाटन किया गया। परंपरा के अनुसार भिक्षाटन करने से व्रत करने वालों के साथ-साथ दान देने वाले लोगों को भी पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि हर घर के लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करते हैं। मेराल के समाज सेवी अजय प्रसाद गुप्ता तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अपने घर के सामने स्टॉल लगाकर प्रसाद तथा पूजन सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर अखंड प्रमुख दीप माला कुमारी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, विनोद प्रसाद उर्फ लाला, झामुमो नेता संजय भगत, मुखिया राम सागर महतो, सेवानिवृत शिक्षक गोपाल राम, जहूर रंगसाज, मदन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने अपने हाथों से व्रतधारियों महिलाओं को प्रसाद उपलब्ध कराया।



## छठ पूजा पर पूजन सामग्री का वितरण

**चिनिया।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन बुधवार को चिनिया प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस आयोजन में चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार और विभिन्न समाजसेवी तथा व्यवसायियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिनिया थाना परिसर में थाना प्रभारी अमित कुमार ने एक स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों को पूजन सामग्री और फल का वितरण किया। वहीं, चिनिया बाजार में व्यवसायी अजीत प्रसाद ने अपनी दुकान के सामने नारियल वितरित किए।

## क्विज प्रतियोगिता में फलक आफरीन प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर पाराडाइज पब्लिक स्कूल लखेया रोड में बुधवार को भाषण सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान फलक आफरीन, द्वितीय सब्या भारती, तृतीय अंकुश कुमार प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल निदेशक इंजीनियर इमाम ने भाषण प्रतियोगिता में बच्चों को हौसला बुलंद करते हुए उनका मनोबल को प्रोत्साहित किया। साथ ही छठ महापर्व त्यौहार पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि परंपरा के अनुसार इस त्यौहार में व्रतियों द्वारा भिक्षाटन किया जाता है, लोग बढ़ चढ़कर इसमें दान के रूप में छठ पूजन सामग्री की वितरण करते हैं।

जिससे लोगों को पुण्य की प्राप्ति होती है। ऐसी महापर्व में सभी को सामर्थ्य के अनुसार दान करना चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्य लालजी पाल, शिक्षक दीनानाथ चौधरी, सरफराज अंसारी, फिरदौस आलम, अंचला कुमारी, आरती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, हाजरा खातून, सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

## शाहपुर पुल घंटों जाम, प्रशासन नदारद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक ओर चुनाव तो दूसरी ओर छठ महापर्व की तैयारियां, इसी बीच आज शाम 5 बजे चैनपुर से मेदिनीनगर जाने वाली मुख्य सड़क पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। इसके बावजूद, ट्रैफिक पुलिस या जिला पुलिस बल का कहीं भी नामोनिशान नहीं था। आम दिनों में जब किसी मंत्री या विधायक को इसी मार्ग से गुजरना होता है, तो पूरा जिला प्रशासन सड़कों पर सक्रिय नजर आता है। लेकिन छठ महापर्व के दिन केवल चौक-चौराहो पर कुछ ट्रैफिक कर्मी ही दिखे।

## व्रतियों के स्नान के लिये बनाया गया कृत्रिम झरना

**रमना** प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में लोक आस्था का महापर्व छठ धूम धाम से मनाया जा रहा है। व्रत धारियों ने एक दिन पूर्व नहाय खाय के साथ पूरे विधि विधान से बुधवार को खरना का प्रसाद ग्रहण किया। प्रखंड मुख्यालय के टेढ़की पुल स्थित छठ पूजा समिति द्वारा छठ व्रत धारियों के स्नान के लिए कृत्रिम झरना, रोशनी,ध्वनि आदि की व्यवस्था की गई। गम्हरिया गांव स्थित सनराइज कल्ब द्वारा, थाना के समीप गंगा छठ घाट समिति द्वारा सफाई, रोशनी,ध्वनि के साथ साथ व्रत धारियों के बैठने की व्यवस्था किया गया है। इस अवसर पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि व्रतधारियों को सभी प्रकार का सुविधा के लिए काम किया जा रहा है।व्रती को किसी प्रकार का परेशानी नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन कि पूरी तरह सक्रिया रही। कार्यक्रम के सफल बनाने में स्थानीय कमेटी के सदस्य दिन रात लगे हैं।

## थाना परिसर में व्रतियों के बीच फलहार का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सूयोर्पासना व लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हुसैनाबाद थाना परिसर में व्रतियों के बीच फल का वितरण किया गया। इस मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए छठ व्रतियों के बीच फल,नारियल, अगरबत्ती सहित अन्य पूजन सामग्रियां का वितरण किया। मौके पर थाना प्रभारी ने व्रतियों के बीच पूजा सामग्रियां का वितरण करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा की छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। इस मौके पर एसआई अनंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मो. अली, चौकीदार सैयद मोहम्मद, अमित कुमार के अलावा पुलिस के जवान मौजूद थे।

## विवाद में युवती ने कीटनाशक खाया

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी गांव निवासी 15 वर्षीय सुहानी खातून पिता खलील साह ने आपसी विवाद में कीटनाशक दवा पीने का मामला सामने आया है। घटना में युवती की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घरेलू विवाद के चलते युवती ने गुस्से में आकर यह कदम उठाया। युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

### आकर्षक तरीके से सजाया गया है नारायण वन छठ घाट

## छठ व्रतियों का खरना संपन्न अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू**

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** चार दिवसीय लोक आस्था व सूर्य उपासना का महापर्व छठ के दूसरे दिन बुधवार की शाम में छठ व्रतियों का खरना का अनुष्ठान संपन्न हो गया। इसके साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। अब छठ व्रती गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगें। शुक्रवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा। इससे पूर्व छठ व्रतियों ने सुप्रसिद्ध नारायण वन, अमराहीदह, बत्तो कला सूर्य मंदिर सहित अन्य छठ घाटों पर पहुंचकर स्नान किया। घर लौटकर छठ व्रतियों ने पीतल के वर्तन और आम की लकड़ी पर पवित्रता का ख्याल रखते हुए गुड़ का खीर और पुड़ी बनाकर प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार की शाम छठ व्रती नारायण वन छठ घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर पूरी रात नारायण वन में रहकर छठ व्रत पूरा करेंगे। छठ पर्व को लेकर नारायण वन को आकर्षक तरह से सजाया गया है। नारायण सूर्य मंदिर का 21 एकड़ भूमि दुधिया रोशनी से जगमगा उठा है। नारायण वन छठ घाट पर चल रही तैयारियों का डीएसपी, बीडीओ और थाना प्रभारी जायजा लेने पहुंच रहे हैं।



### छठ महापर्व को लेकर दो छठ घाटों का सफाई किया गया

भंडरिया लोक आस्था कामहापर्व छठ पूजा को लेकर नवयुवकों जेसीबी के के माध्यम से छठ घाटों का सफाई कराया। इसके अलावा भी अन्य प्रमुख घाटों पर साफ-सफाई से लेकर लाइटिंग तक की व्यवस्था को लेकर लोग जोरशोर से लगे हैं। जल से होने वाले खतरे का भी ध्यान रखते हुए लोगों ने छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## छठ व्रतियों के बीच सुखी आम की लकड़ी का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेडमा, दो नंबर टाउन, टीवीएस शोरूम के पास स्थित जायसवाल टिंबर के नए परिसर में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल, और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने छठ व्रतियों के बीच सुखी आम की लकड़ी का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कौशल किशोर जायसवाल ने इस अवसर पर आम की लकड़ियों का महत्व बताते हुए कहा कि अगर अभी से लोग आम के पौधे पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाएंगे, तो एक समय ऐसा आएगा जब इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए आम की लकड़ी घी से भी महंगी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि हरा आम का पेड़ धरती को शुद्ध करता है, जबकि सूखा आम का पेड़ हवन के जरिए ब्रह्मांड तक प्रदूषण मुक्त करता है। जायसवाल टिंबर पिछले 30 वर्षों से दीपावली की सुबह से छठ पूजा तक हर साल दो से तीन ट्रक सुखी आम की लकड़ी शहरवासियों के लिए दान कर रहा है। इसके अलावा, वे अपनी जन्मभूमि छतरपुर के डाली बाजार गांव में पूजा सामग्री के साथ साड़ी-धोती का भी वितरण करते हैं।

जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार, जिला पार्षद अमित कुमार और मुखिया पूनम जायसवाल का मानना है कि हर वर्ग के लोग, विशेष रूप से गरीब तबके के लोग, छठ पूजा कर सकें और उन्हें लकड़ी महंगे दामों पर न खरीदनी पड़े। इसी उद्देश्य से अरुण कुमार जायसवाल और जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल उड़ीसा और छत्तीसगढ़ से सुखी आम की लकड़ी खरीदते हैं और छठ पूजा के दौरान इसे व्रतियों के बीच वितरित करते हैं।इस कार्यक्रम में बसंत सिंह, अनुज कुमार, गोपाल राम, मुनेश्वर मांझी, शमीम अंसारी, गोरख चौरसिया, संतोष मेहता, परमानंद मंडल, संतोष प्रजापति, और रामू कुमार का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर मिठू सिंह, डॉ. शालीवाहन, आयुष, विकास, गौतम, पीयूष, अभिषेक, राजू खान समेत कई गणमान्य लोग और छठ व्रती उपस्थित थे।



### प्रखंड के युवा झामुमो में शामिल

**खरौंधी।** पंचायत के नावाडीह टोला के कई युवाओं ने बुधवार को अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो का दामन थाम लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने किया। झामुमो में शामिल होने वाले युवाओं का स्वागत झामुमो के विधायक प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने अपने आवास पर किया। उन्होंने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया।

### व्रतियों ने घाट जगाया

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के आश्रम छठ घाट,सूर्य मंदिर नदी तट, टॉउनशिप दुर्गा मंदिर, दूल्हर नदी, झुमरी घाट, अरसली छठ घाट,सहित विभिन्न गांवों में छठ घाटों पर छठ महापर्व के खरना से पूर्व घाट पर जाकर पूजा कर घाट का जगाया। छठ नदी तट पर श्रद्धालु भक्तों ने स्टॉल लगाकर पूजा सामग्री का वितरण किया ।

## पेज एक के शेष

### अमेरिकी चुनाव में...

इससे पहले मतगणना के नतीजों से उत्साहित डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने चुनाव में रिपब्लिकन खेमे को अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए देश के मतदाताओं का आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि यह पल देश को उबरने में मदद करेगा। ट्रंप ने कहा, ह्यमैं अमेरिका का 45वां राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अब 47वां राष्ट्रपति चुने जाने के अत्यधिक सम्मान के लिए अमेरिकी जनता का धन्यवाद करता हूं। ट्रंप ने अपनी जीत को अमेरिका का ह्यस्वर्ण युगह्व बताया। उन्होंने कहा, ह्यअमेरिका ने हमें अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमारा सीनेट पर नियंत्रण वापस आ गया है। इससे देश को उबारने में मदद मिलेगी।

ट्रंप ने कहा, ह्यमोंटाना, नेवादा, टेक्सास, ओहायो, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, पेंसिल्वेनिया में सीनेट की दौड़ में एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) अभियान ने जीत हासिल की है। इससे बहुत मदद मिली है। सीनेट में अब हमारी संख्या वाकई अविश्वसनीय है। मैं आखिरी सांस तक आपके लिए लड़ूंगा। अमेरिका को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के चुनाव विश्लेषण में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडेन से हार के बाद बुधवार को 47वें राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने सबसे बड़े स्विंग स्टेट के तौर पर मशहूर पेंसेल्वेनिया में जीत हासिल कर दोबारा व्हाइट हाउस जाने का मार्ग प्रशस्त किया। ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने अमेरिकी सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया। पार्टी ने अपनी सीटों पर जीत के क्रम को दोहराते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के कब्जे वाली कई सीटों पर जीत हासिल कर चार साल में पहली बार सीनेट में अपना दबदबा बढ़ाया। नेब्रास्का में रिपब्लिकन पार्टी की अप्रत्याशित जीत ने उसे शीर्ष पर पहुंचा दिया। मौजूदा रिपब्लिकन सीनेटर डेब फिशर ने निर्दलीय नवोदित नेता डैन ओसबोर्न से आश्चर्यजनक रूप से मजबूत चुनौती का सामना किया।

फ्लोरिडा में ट्रंप के ह्यविजयी संबोधनह्व के बाद दुनियाभर के नेताओं ने उन्हें बधाई संदेश भेजे। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने उनकी जीत की सराहना करते हुए बधाई दी।

### जेडी वेंस होंगे अमेरिका के अगले उपराष्ट्रपति

वाशिंगटन (हि.स.)। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक जेडी वेंस को बुधवार को अमेरिका का अगला उपराष्ट्रपति चुना गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, वेंस कभी ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। 40 वर्षीय जेडी वेंस ओहियो से सीनेटर हैं। वह अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति होंगे। उनकी किताब हिलबिली एलीगी बेस्ट सेलर रही है। वेंस के सिलिकॉन वैली के उद्योगपतियों से भी गहरे संबंध हैं। उनमें आइकोनोक्लास्टिक तकनीक के अग्रणी और अरबपति निवेशक पीटर थिएल भी हैं।

### पीएम मोदी के ह्यदोस्तह्व का दूसरी पारी में ह्यमहान साझेदारीह्व का वादा

न्यूयॉर्क (आईएएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीत कर इतिहास रच दिया। उनकी जीत को भारत में काफी उम्मीदों के साथ देखा जा रहा है। ट्रंप पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि अपने प्रथम कार्यकाल में भारत के साथ बने घनिष्ठ संबंधों वह जारी रखेंगे। उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ह्यमहान साझेदारीह्व को मजबूत करने का वादा किया है। पिछले सप्ताह दिवाली की शुभकामनाओं में ट्रंप ने कहा था, मेरे प्रशासन के तहत, हम भारत और मेरे अच्छे मित्र प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी महान साझेदारी को मजबूत करेंगे।

### पूर्व स्पीकर डेमोक्रेट नैंसी पेलोसी दोबारा चुनी गईं

वाशिंगटन (हि.स.)। अमेरिकी संसद की पूर्व स्पीकर डेमोक्रेट नैंसी पेलोसी ने कैलिफोर्निया के 11वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में अमेरिकी सदन के लिए दोबारा चुनाव जीत लिया है। नैंसी पेलोसी का लगभग पूरा परिवार राजनीति में है। 84 वर्षीय नैंसी के पिता थॉमस डी एलेसेंड्रो जूनियर बाल्टीमोर के मेयर रहे हैं। उन्होंने पांच बार कांग्रेस में शहर का प्रतिनिधित्व किया। नैंसी के भाई थॉमस डी एलेसेंड्रो-3 भी बाल्टीमोर के मेयर रह चुके हैं। पेलोसी पहली बार 1987 में सदन के लिए चुनी गई थीं। उन्होंने अमेरिकी राजनीति में सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक के रूप में कार्यकाल पूरा किया। डेमोक्रेटिक नेता पेलोसी ने 2007 में पहली महिला स्पीकर बनकर इतिहास रचा। फिर 2019 में उन्होंने स्पीकर का पद हासिल किया। स्पीकर के तौर पर उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में पूरा हुआ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा के महत्वाकांक्षी अफोर्डेबल केयर एक्ट को लागू करने में नैंसी पेलोसी की अहम भूमिका रही।




## ट्रंप की जीत से भारत का दुनिया में एक वर्चस्व और कायम हुआ : मनजिंदर

**नई दिल्ली।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए मतदान में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की है। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बनेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने जीत के लिए जरूरी 270 इलेक्टोरल वोटों का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्हें 277 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को आईएएनएस बातचीत करते हुए प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की बड़ी जीत हुई है और ये भारत की भी जीत है। डोनाल्ड ट्रंप, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी दोस्त माने जाते हैं।



## गौतम अदाणी ने राष्ट्रपति चुने जाने पर डोनाल्ड ट्रंप को दी बधाई

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत के लिए बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लोकतंत्र को उनके लोगों को सशक्त बनाते और देश के संस्थापक सिद्धांतों को कायम रखते देखना बेहद रोमांचक है। ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। यह देश के राजनीतिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वापसी होगी।



## इजरायल में रक्षामंत्री की बर्खास्तगी पर नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के रक्षामंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त करने के फैसले से लोगों में भारी नाराजगी है। नागरिक सड़कों पर उतर आए और रातभर प्रदर्शन किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, नेतन्याहू ने मंगलवार रात आश्चर्यजनक रूप से रक्षामंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त करने की घोषणा की।

## गांवों में 5जी पहुंचाने के लिए आईआईटी रूड़की और सी-डॉट के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की (आईआईटी रूड़की) के साथ '5जी ग्रामीण कनेक्टिविटी के लिए मिलीमीटर वेव ट्रांसीवर' के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। दूरसंचार विभाग की दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीटीडीएफ) के अंतर्गत इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह योजना भारतीय स्टार्टअप, शिक्षाविदों और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों को वित्तपोषित करने के लिए बनाई गई है। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान आईआईटी रूड़की के प्रमुख अन्वेषक प्रो नागेंद्र प्रसाद पाठक और सी-डॉट के निदेशक डॉ पंकज कुमार दलेला तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह परियोजना मिलीमीटर वेव बैकहॉल प्रौद्योगिकी के विकास पर केंद्रित है। इसमें केवल कुछ ही एसबीएस (स्मॉल सेल-बेस्ड स्टेशन) को फाइबर के माध्यम से गेटवे से जोड़ा जाता है। दूर संचार मंत्रालय के अनुसार ट्रांसीवर विकास में प्रस्तावित मिश्रित ऑप्टिकल और मिलीमीटर वेव दृष्टिकोण छोटे आकार और कम लागत के वांछित आउटपुट को प्राप्त करने का एक आशाजनक तरीका होगा।

# कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए 'पीएम विद्यालक्ष्मी योजना'

ब्यूरो

- उच्च शिक्षा के लिए 3% ब्याज पर 7.5 लाख रुपये तक मिलेगा कर्ज
- तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को मिलेगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट भाषण में घोषणा के बाद, अब केंद्र सरकार ने घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 7.5 लाख रुपये तक का ऋण देने की एक नई योजना 'पीएम विद्यालक्ष्मी योजना' की मंजूरी दे दी। इसके लिए 2024-25 से 2030-31 के लिए 3,600 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसका लक्ष्य नई योजना के साथ 7 लाख नए छात्रों की सहायता करना है। लेकिन, इसमें कई ऐसे शर्तें हैं जिसके चलते गरीब व मध्यम वर्ग के छात्र लाभान्वित होने से वंचित हो सकते हैं। और तमाम प्राइवेट शिक्षा संस्थानों को लाभ हो सकता है। इस योजना में हर वर्ष एक लाख छात्रों के लिए 3% ब्याज सब्सिडी और ई-वाउचर शामिल होंगे। इसके लिए है कि छात्र सभी बैंकों में आवेदन प्रक्रिया का उपयोग करके एकीकृत 'पीएम-विद्यालक्ष्मी' पोर्टल के माध्यम से ऋण और ब्याज लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं। ब्याज सहायता भुगतान ई-वाउचर और सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी वॉलेट के माध्यम से संसाधित किए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में प्रवेश लेने वाले छात्र ट्यूशन फीस और पाठ्यक्रम से संबंधित खर्चों को कवर करने के लिए संपार्श्विक-मुक्त, गारंटर-मुक्त ऋण प्राप्त कर सकें। जो एक डिजिटल, पारदर्शी और छात्र-अनुकूल प्रणाली के माध्यम से होगा। यह कार्यक्रम शीर्ष स्तरीय शैक्षणिक संस्थानों को फोकस करता है, जिनकी पहचान एनआईआरएफ रैंकिंग में हैं। इसमें समग्र रूप से शीर्ष 100, श्रेणी-विशिष्ट और डोमेन-विशिष्ट रैंकिंग में स्थान पाने वाले सरकारी और निजी दोनों संस्थान शामिल हैं। 101-200 रैंक वाले राज्य सरकार के संस्थान व सभी केंद्र सरकार के संस्थान भी पात्र हैं। एनआईआरएफ रैंकिंग के आधार पर वार्षिक अपडेट में वर्तमान में 860 क्यूएचईआई शामिल हैं, जिससे संभावित रूप से 22 लाख से अधिक छात्रों को लाभ होने की बात कही जा रही है। लेकिन जब छात्र अप्लाई करेंगे, और उनमें कितने को बिना व्यवधान यह मिलता है, इससे दावे की सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल जो बताया जा रहा है, उसके अनुसार 7.5 लाख रुपये तक के ऋण के लिए छात्रों को बकाया चूक पर 75% क्रेडिट गारंटी मिलेगी, जिससे बैंकों को इस योजना के तहत शैक्षिक ऋण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। 8 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के छात्र, जो अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज लाभ के लिए पात्र नहीं हैं, वे 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए स्थगन अवधि के दौरान 3% ब्याज सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस सहायता का लक्ष्य प्रतिवर्ष एक लाख छात्रों को सहायता प्रदान करना है, जिसमें तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले सरकारी संस्थानों के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।



इस बारे में यूजीसी अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'प्रधानमंत्री-विद्यालक्ष्मी योजना' को मंजूरी दिए जाने पर कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इस योजना के तहत, सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हमारे छात्रों को 7.5 लाख तक का लोन मिलेगा। छात्र इसके लिए आसानी से आवेदन कर सकते हैं। इसमें किसी गारंटर की जरूरत नहीं है, इससे कई छात्रों को फायदा होगा। हमें उम्मीद है कि इस योजना के जरिए सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।

## 'समोसा कॉकस' की संख्या बढ़कर होगी छह

- सुहास सुब्रमण्यम की संसद में एंट्री तय

**न्यूयॉर्क।** सुहास सुब्रमण्यम का अमेरिकी संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में जाना लगभग तय है। उनकी अमेरिकी संसद में एंट्री के साथ ही भारतीय अमेरिकी सांसदों के ग्रुप 'समोसा कॉकस' की संख्या 6 हो जाएगी। वर्जीनिया निर्वाचन क्षेत्र में अब तक 97 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। सुब्रमण्यम को 52.1 फीसदी वोट मिले, जबकि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी को 47.9 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए हैं। सुब्रमण्यम को एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने विजेता घोषित किया है। बता दें एपी आधिकारिक घोषणा से पहले मतगणना के आंकड़ों के आधार पर चुनावों की घोषणा करता है। राष्ट्रपति बराक ओबामा के व्हाइट हाउस में टेक्नोलॉजी पॉलिसी एडवाइजर रहने और बिजनेस शुरू करने वाले सुब्रमण्यम अब वर्जीनिया जनरल असेंबली में सेवारत हैं। उनकी मां बेंगलुरु से हैं और उनके पिता चेन्नई से हैं। सुब्रमण्यम ने अपनी ग्रेजुएशन की डिग्री तुलाने यूनिवर्सिटी से हासिल की। उनकी कैंपेन बायोग्राफी के मुताबिक उन्होंने कैपिटल हिल में नीति सलाहकार के रूप में काम किया।

### सर्वोच्च पद पर किसी महिला का न होना अमेरिका के लोकतांत्रिक स्वरूप पर सवालिया निशान

# पहली महिला राष्ट्रपति के लिए अभी और करना होगा इंतजार

एजेंसी


**नई दिल्ली।** यूएस प्रेसिडेंशियल इलेक्शन के नतीजों ने एक बार फिर देश में महिला राष्ट्रपति होने की संभावना को खत्म कर दिया। रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस की दौड़ में विजेता बन कर उभरे, जबकि ड्रेमोक्रेट कमला हैरिस उनसे काफी पीछे रह गईं। 1788-89 में अमेरिका में पहला राष्ट्रपति चुनाव हुआ था। अधिसंख्य इतिहासकार और लेखक मानते हैं कि विक्टोरिया वुडहुल 1872 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली महिला थीं। हालांकि, देश को पहली महिला राष्ट्रपति मिलने का इतंजार 235 वर्ष लंबा हो गया है। अमेरिका न सिर्फ दुनिया की आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बल्कि कई लोग इसे लोकंत्रत के सर्वोत्तम उदाहरण के रूप में भी मानते हैं। लेकिन, सर्वोच्च पद पर किसी महिला का न होना देश के लोकतांत्रिक स्वरूप पर सवालिया निशाना खड़े करता है। कई विद्वानों का मानना है कि सत्ता में महिलाओं का होना राजनीतिक व्यवस्था में विश्वास और वैधता की भावनाओं को मजबूत करता है।
ये अन्य महिलाओं को भी उम्मीदवारी के लिए प्रेरित करता है। अमेरिका में कई उच्च पदों को महिलाएं संभाल चुकी हैं। संसद के दोनों सदनों में महिलाओं की मौजूदगी रही है। आखिर बात जब देश के सर्वोच्च पद की आती है तो अमेरिका का रिकॉर्ड जीरो है। आखिरी बार 2016 में हिलेरी क्लिंटन पद के काफी नजदीक पहुंचीं, लेकिन हार गई। उन्हें ट्रंप से करीब 28 लाख अधिक पापुलर वोट मिले, लेकिन चुनाव ट्रंप ने जीता, क्योंकि उन्होंने इलेक्टोरल कॉलेज का बहुमत प्राप्त कर लिया।

हालांकि, हर मामले में अमेरिका से कहीं पीछे माने जाने वाले देशों ने सर्वोच्च पद महिला को देने में बिल्कुल संकोच नहीं दिखाया है। 1960 में सिरीमावो भंडारनायके ने श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया था। वह दुनिया में किसी भी देश की प्रमुख के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला थीं।



## डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया भर से बधाइयों का तांता

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी जीत की घोषणा करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। फ्लोरिडा में अपनी जीत का जश्न मना रहे ट्रंप ने इसे अविश्वनीय और ऐतिहासिक बताया। इस बीच दुनिया भर से उन्हें बधाई संदेश मिलने शुरू हो गए हैं। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप को इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई दी है। नेतन्याहू ने कहा, इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई! व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए एक नई शुरुआत और इजरायल और अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता प्रदान करती है। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई। दुनिया के लिए एक बहुत जरूरी जीत!



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ट्रंप को "ऐतिहासिक चुनावी जीत" के लिए बधाई दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, सबसे करीबी सहयोगी के रूप में हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विकास और सुरक्षा से लेकर नवाचार और तकनीक तक मुझे पता है कि आने वाले वर्षों में अटलांटिक के दोनों किनारों पर यूके-यूएस विशेष संबंध समृद्ध होते रहेंगे।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्रंप को उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत पर बधाई है। उन्होंने कहा, 'मुझे सितंबर में ट्रंप के साथ हमारी शानदार बैठक याद है, जब हमने यूक्रेन-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, विजय योजना और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की थी।

## ट्रंप ने बांधे मस्क की तारीफों के पुल, कहा- 'नया सितारा' मिला

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप, ने बुधवार को एलन मस्क की तारीफ करते हुए कहा कि अमेरिका को उनके रूप में एक 'नया सितारा' मिला है। उन्होंने इस दौरान अरबपति बिजनेसमैन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में समर्थकों के बीच अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने एक्स के मालिक को 'सुपर जीनियस' कहा। बता दें कि ट्रंप ने जीत की आधिकारिक घोषणा से पहले ही अपनी विक्ट्री स्पीच दी। ट्रंप ने कहा कि मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट सर्विस ने पिछले महीने दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में आए तूफान हेलेन के दौरान 'बहुत से लोगों की जान' बचाने में मदद की। ट्रंप ने अपने समर्थकों से कहा, मैंने एलन से कहा कि उन्हें उत्तरी कैरोलिना में इसकी बहुत, बहुत सख्त जरूरत है, क्या आप इसे उपलब्ध करा सकते हैं? उन्होंने इसे वहां इतनी तेजी से उपलब्ध कराया, जो अविश्वसनीय था। इसने बहुत से लोगों की जान बचाई। मस्क को 'विशेष व्यक्ति' कहते हुए ट्रंप ने कहा, 'हमें अपने प्रतिभाशाली लोगों की रक्षा करनी होगी, हमारे पास वे बहुत से नहीं हैं।' उन्होंने कहा, हमारे पास एक नया सितारा है... एक सितारा पैदा हुआ है - एलन! मस्क पूरे राष्ट्रपति अभियान के दौरान ट्रंप के कट्टर समर्थक रहे हैं। बुधवार को मस्क ने ट्रंप को तब बधाई दी, जब वह कुछ महत्वपूर्ण स्विंग स्टेट्स में जीत के बाद बहुमत के करीब पहुंच गए थे। टेक अरबपति ने अपने प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिका के लोगों ने आज रात डोनाल्ड ट्रंप को बदलाव के लिए एकदम स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने आगे लिखा, अमेरिका बिल्डरों का देश है। जल्द ही, आप निर्माण करने के लिए स्वतंत्र होंगे। भविष्य शानदार होने वाला है।



## एजुकेशन/करियर

आईआईएम रांची का इंटीग्रेटेड ,मैनेजमेंट कार्यक्रम (आईपीएम) स्नातक से स्नातकोत्तर स्तर (एकीकृत बीबीए-एमबीए) तक व्यावसायिक अध्ययन का पूर्णकालिक 5 वर्षीय मिश्रित पाठ्यक्रम है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम मानविकी, सामाजिक विज्ञान, कला और विज्ञान से लेने वाली एक बहुआयामी नींव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह व्यापक रूप से प्रबंधन, विपणन, लेखा, वित्त, अर्थशास्त्र, सूचना प्रणाली, डेटा विज्ञान और रणनीतिक प्रबंधन को कवर करता है। व्याख्यान, कक्षा चर्चा, अनुभवात्मक पाठ, केस विश्लेषण, सिमुलेशन, समूह परियोजनाएं, इंटर्नशिप, और परामर्श एक सीखने का माहौल बनाते हैं जो सक्रिय और इमर्सिव है। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम जीवन-कौशल पाठ्यक्रम देता करता है जो पेशेवर और सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यक्तियों के रूप में उनके समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। छात्रों को एक प्रमुख बिजनेस स्कूल में सीखने और बढ़ने और बाजार में संकेत भेजने वाली क्षमताओं को विकसित करने का अवसर मिलेगा। एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में शीर्ष 17 बी-स्कूलों में से एक, आईआईएम रांची है। 2022 में 100 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया था।

# 12वीं के बाद आईआईएम रांची में कर सकते है 5 ईयर इंटीग्रेटेड प्रोग्राम



### सैट के बारे में

सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा (सेट) सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) द्वारा सिम्बायोसिस संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है । सेट परीक्षा प्रबंधन, कानून, इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र, मास कम्युनिकेशन, कंप्यूटर अध्ययन और लिबरल आर्ट्स जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक प्रवेश द्वार है। इससे पहले, यह परीक्षा बीएससी पाक कला के लिए भी आयोजित की जाती थी, लेकिन इस पाठ्यक्रम के लिए वर्ष 2021 में इस परीक्षा को समाप्त कर दिया गया था। सेट परीक्षा आवेदन पत्र, प्रवेश पत्र और परिणाम केवल ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और ऑफ़लाइन आवेदन प्रक्रिया का कोई प्रावधान नहीं होगा। सेट भारत के 70 से अधिक शहरों और 73 परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया जाता है। छात्र कई बार सेट के लिए उपस्थित हो सकते हैं। आईएमरांची को अपने आधिकारिक सैट स्कोर भेजने होंगे। जब आप सैट लेते हैं, तो आपके पास सीधे आईआईएम रांची को बिना शुल्क स्कोर भेजने का विकल्प होगा। आपको सेट कोड देना होगा। भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची का सेट कोड 9109 है।



### एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया

उम्मीदवारों को 10 वीं कक्षा / माध्यमिक / एसएससी परीक्षा और 12 वीं कक्षा / उच्च माध्यमिक / एचएससी परीक्षा (या समकक्ष) 60% (एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी के उम्मीदवारों के लिए 55%) या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना बोर्ड के नियमों के आधार पर की जाएगी। आवेदकों के लिए कोई आयु सीमा नहीं होगी। भारतीय नागरिक और पीआईओ/ओसीआई कार्ड धारक कार्यक्रम के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### प्रवेश प्रक्रिया

आईआईएम रांची में प्रवेश मान्य सेट परीक्षा के अंकों, एक व्यक्तिगत साक्षात्कार और माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर समग्र शैक्षणिक प्रदर्शन पर आधारित होगा।